www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, रविवार, 3 मई 2026 शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 21 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर में आईईडी डिप्यूज करते समय हुआ ब्लास्ट, 4 जवान शहीद

■ इसमें डीआरजी के इंस्पेक्टर और कॉन्स्टेबल शामिल

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर पर शनिवार को आईईडी ब्लास्ट में 4 जवान शहीद हो गए। फोर्स शनिवार सुबह कोरोसकोडा के जंगल में सर्च ऑपरेशन पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों की बिछाई गई आईईडी को डिप्यूज करते समय अचानक जोरदार धमाका हुआ। मामला छोटेबेठिया थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि धमाका इतना तेज था कि मौके पर मौजूद जवानों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में घायल जवानों का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

डीआरजी के ये जवान शहीद हुए

- सुखराम वट्टी (इंस्पेक्टर)
- संजय गढ़पाले (कॉन्स्टेबल)
- कृष्णा कोमरा (कॉन्स्टेबल)
- परमानंद कोर्राम (कॉन्स्टेबल)

मुख्यमंत्री साय ने जताया गहरा शोक

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि डी-माइनिंग अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में डीआरजी के जवानों के शहीद होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को संबल देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार शहीद परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

जीवित महिला को कागजों में मार डाला

■ हैदराबाद आधार सेंटर की गलती से 3 मासूम बच्चों की मां दाने-दाने को मोहताज

चारामा/नवप्रदेश। डिजिटल युग में एक तकनीकी चूक किसी के जीवन को कितना नारकीय बना सकती है, इसका जीता-जागता उदाहरण चारामा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 में देखने को मिला है। यहाँ एक जीवित महिला, हलीमा बानो, को सरकारी दस्तावेजों में 'मृत' घोषित कर दिया गया है। आलम यह है कि महिला खुद को जिंदा साबित करने के लिए सरकारी दफ्तरों की चौखट घिस रही है, लेकिन व्यवस्था के बंद कान खुल नहीं रहे।

हैदराबाद आधार सेंटर से हुई बड़ी चूक: जांच में यह चौंकाने वाला ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ई-केवाईसी ने खोला लापरवाही का राज

मिली जानकारी के अनुसार, हलीमा बानो (पति स्व. कादर खान) अपने तीन छोटे बच्चों— जिनकी उम्र 10 साल, 8 साल और मात्र 4 साल है— के साथ मजदूरी कर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रही हैं। उनके पति की मृत्यु 18 दिसंबर 2022 को हुई थी। घर के मुख्य कमाऊ सदस्य के जाने के बाद हलीमा संघर्ष कर ही रही थीं कि प्रशासन की एक गलती ने उन

पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया। समस्या तब शुरू हुई जब जनवरी 2024 में राशन कार्ड की ई-केवाईसी (द्व-चङ्क्ष) प्रक्रिया शुरू हुई। जैसे ही डेटा अपडेट किया गया, पोर्टल पर हलीमा बानो को 'मृत' दर्शा दिया गया। इसके तुरंत बाद शासन की ओर से मिलने वाला राशन बंद कर दिया गया और प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा भी रोक दिया गया।

तीन मासूमों के साथ संघर्षरत है माँ

जनवरी से राशन बंद होने के कारण हलीमा बानो और उनके तीनों बच्चों के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। कड़ी धूप में मजदूरी कर वह बच्चों का पेट पाल रही हैं, लेकिन सरकारी सुविधाओं से वंचित होने के कारण उनका पीएम आवास का काम भी अधूरा पड़ा है।

सुधार के लिए पत्राचार जारी

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस गंभीर त्रुटि को सुधारने के लिए हैदराबाद स्थित आधार मुख्यालय को पत्र लिखा गया है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों की मांग है कि जब तक तकनीकी सुधार नहीं होता, तब तक हलीमा बानो को 'मैनुअल वेरिफिकेशन' के आधार पर राशन और अन्य सुविधाएं बहाल की जाएं।

आज बेबाक

थोड़ी सी जो पी ली है, चोरी तो नहीं की है, ओ बानो, जमालो कोई तो हमको संभालो, कहीं हम गिर न पड़े... गाते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान चिकनी चमेली की तरह पव्वा चढ़ाकर पंजाब विधानसभा में पहुंच गए. कांग्रेस और अकाली दल के विधायकों ने उनके नशे में होने पर आपत्ति उठाई तो सदा शराबी मान साहब गाने लगे - कैसे रहूं चुप कि मैने पी ही क्या है, होश अभी तक है बाकी, और जरा सी दे दे साकी... विपक्ष की आपत्ति वाकई आपत्तिजनक है अब एक आम आदमी शराब पीकर विधानसभा में भी नहीं आ सकता।

मोबाइल बने 'अलार्म क्लॉक' इमरजेंसी ब्रॉडकास्ट का सफल टेस्ट

■ देशभर के मोबाइल पर एक साथ आया अलर्ट मैसेज

नई दिल्ली/वार्ता। देशभर में शनिवार सुबह 11:45 बजे कई मोबाइल फोन पर एकसाथ सायरन की आवाज सुनाई देने लगी। स्क्रीन पर हिंदी-अंग्रेजी में एक मैसेज था। सायरन बंद हुआ तो मोबाइल पर मैसेज पढ़कर भी सुनाया गया। इससे कई लोग परेशान हुए, तो कई कन्फ्यूज। हालांकि सरकार ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। यह मैसेज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यानी एनडीएमए ने भेजा था, जो इमरजेंसी मोबाइल अलर्ट ट्रायल का हिस्सा है। एनडीएमए ने इमरजेंसी में लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए 2 मई को इस सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया।

मैसेज से घबराएं नहीं: सरकार ने दो दिन पहले ही मैसेज भेजकर लोगों से अपील की थी कि टेस्टिंग वाला मैसेज मिलने पर घबराएं नहीं। शनिवार का मैसेज केवल इमरजेंसी के हालात में चेतावनी देने वाले सिस्टम की जांच के लिए भेजा गया था।

इमरजेंसी अलर्ट मोबाइल पर कैसे आया

- तीन बार बीप की आवाज आई
- मोबाइल पर मैसेज फ्लैश हुआ
- यूजर को मैसेज के बाद कंटेंट का ऑडियो सुनाई दिया
- मैसेज हिंदी, अंग्रेजी के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं में भी भेजा गया
- यह फ्लैश मैसेज था, मोबाइल के इनबॉक्स में सेव नहीं हुआ

देश में ही विकसित किया गया है सचेत सिस्टम

इमरजेंसी की स्थिति में लोगों को रियल टाइम अलर्ट देने के लिए सरकारी संस्था सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स ने इंटीग्रेटेड अलर्ट सिस्टम सचेत को विकसित किया है। सचेत नाम का यह सिस्टम कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल पर आधारित है। इसे देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक्टिव कर दिया गया है।

सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक से रियल-टाइम अलर्ट मिलेगा

एनडीएमए ने मोबाइल एमएमएस को सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक से जोड़ा है। इससे चुने गए इलाके में एक्टिव सभी मोबाइल फोन पर एक साथ अलर्ट मिलेगा। इससे इमरजेंसी के समय रियल टाइम सूचना पहुंच सकेगी।

अब तक 134 अरब से ज्यादा अलर्ट भेजे जा चुके

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस सिस्टम के जरिए अलग-अलग प्राकृतिक आपदाओं जैसे मौसम में बदलाव और चक्रवात के अलर्ट दिए जा चुके हैं। अब तक 19 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में 134 अरब से ज्यादा एसएमएस अलर्ट भेजे जा चुके हैं। इस सिस्टम का इस्तेमाल हर इमरजेंसी सिचुएशन में लोगों को तुरंत चेतावनी देने के लिए किया जा सकता है।

जंग रोकने का ईरानी ऑफर फिर ठुकराया

ट्रम्प बोले-पागलों के हाथ में एटम बम नहीं दे सकते

■ समझौते में परमाणु मुद्दे का जिक्र नहीं था

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे, क्योंकि यह पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। इसी वजह से अमेरिका को ईरान के खिलाफ जंग में उतरना पड़ा।

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक ईरान ने अपने नए प्रस्ताव में परमाणु मुद्दे का जिक्र नहीं किया है, इससे ट्रम्प नाखुश हैं। वहीं ईरान का कहना है कि होर्मुज को तुरंत खोलना चाहिए, परमाणु मुद्दे पर बाद में बातचीत होगी। जबकि ट्रम्प चाहते हैं कि दोनों चीजें एकसाथ हों। ट्रम्प कह चुके हैं कि ईरान को बातचीत के लिए आने से पहले एनरिच्ड यूरेनियम को सौंपना होगा। संसदीय मंजूरी की जरूरत नहीं: ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर कहा है कि उन्हें इसके लिए संसद से इजाजत लेने की जरूरत नहीं है।

जो लोग इसकी मांग कर रहे हैं, वे देशभक्त नहीं हैं। ईरान जंग खत्म होने का दावा: व्हाइट हाउस ने संसद को आधिकारिक तौर पर बताया कि ईरान युद्ध अब खत्म हो चुका है। उस इलाके में अभी भी अमेरिकी सेना मौजूद है, इससे फर्क नहीं पड़ता। अमेरिका की चेतावनी: अमेरिका ने कहा कि जो कंपनियां ईरान को होर्मुज से गुजरने के लिए पैसा देती हैं, उन पर अमेरिका पाबंदी लगा सकता है, भले ही वो पैसा चैरिटी के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ट्रम्प ने फ्लोरिडा के एक कार्यक्रम में कहा-

अगर हम ऐसा नहीं करते, तो उनके पास परमाणु हथियार होता और इजराइल, मिडिल ईस्ट और यूरोप तबाह हो जाते। हम ऐसे पागलों के हाथ में परमाणु हथियार नहीं जाने दे सकते। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने मिडिल ईस्ट को एक परमाणु खतरे से बचा लिया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्होंने जंग रोकने के लिए ईरान का ऑफर फिर से ठुकरा दिया है। इससे पहले ईरान 26 और 27 अप्रैल को भी अपना प्रस्ताव भेज चुका है जिसे वे ठुकरा चुके हैं।

तापमान

अधिकतम	न्यूनतम
45°	28°

बाजार भाव

गोल्ड	सिल्वर
1,50,820	2,39,000

शेयर बाजार

सेंसेक्स	निफ्टी
76,913.50	23,997.55

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,290,409,329	1,474,726,156

गरमा-गरम

चिकित्सा उपलब्धि: देश का पहला पोर्टेबल एमआरआई सिस्टम शुरू

नई दिल्ली/ए.। देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा कदम उठाते हुए भारत का पहला पोर्टेबल बेडसाइड एमआरआई सिस्टम शुरू किया है। यह अत्याधुनिक तकनीक गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए तेज और सुरक्षित ब्रेन इमेजिंग को संभव बनाएगी।

न्यूरोलॉजी सेंटर में शुरू हुआ इस्तेमाल: एम्स के सेंटर फॉर न्यूरोलॉजिकल कंडीशंस में इस तकनीक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बेडसाइड स्कैनिंग से मरीजों को राहत

इस पोर्टेबल एमआरआई मशीन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे सीधे मरीज के बेड तक ले जाया जा सकता है। पारंपरिक एमआरआई स्कैन में मरीज को विशेष कक्ष तक ले जाना पड़ता है, जबकि नई प्रणाली आईसीयू, इमरजेंसी और न्यूरोसर्जरी वार्ड में ही स्कैनिंग की सुविधा देती है।

चुनाव आयोग को नियुक्ति के पूरे अधिकार, नए आदेश की जरूरत नहीं

■ मतगणना से पहले टीएमसी को लगा बड़ा झटका, केंद्रीय कर्मचारियों की नियुक्ति के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली/वार्ता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है। चुनाव आयोग द्वारा वोटों की गिनती के लिए मुख्य रूप से केंद्र सरकार और पीएसयू के कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश के खिलाफ टीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कोई भी नया आदेश पारित करने से साफ इनकार कर दिया है। दरअसल, चुनाव आयोग ने अदालत को आश्वासन दिया है कि वह अपने 13 अप्रैल के परिपत्र (सर्कुलर) का पूरी तरह से पालन करेगा। इसी आधार पर जस्टिस नरसिम्हा और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने मामले की सुनवाई पूरी की।

अधिकारियों की तैनाती आयोग का विशेषाधिकार: सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने स्पष्ट किया कि अधिकारियों की तैनाती पूरी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महिला टी20 वर्ल्ड कप टीम की घोषणा, 14 जून को भारत-पाक

नई दिल्ली/एजेंसी। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान हो गया है। बता दें कि टी-20 वर्ल्ड कप इस बार इंग्लैंड में होना है। टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून से होगी और फाइनल मुकाबला 5 जुलाई को खेला जाएगा। महिला टी-20 में भारत की टीम का पहला मैच 14 जून को पाकिस्तान के साथ होना है। बता दें कि महिला टी-20 वर्ल्ड कप अबतक 9 बार खेला जा चुके हैं। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने वर्ल्ड कप का खिताब 6 बार जीता है। दूसरी ओर 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रही थी। बता दें कि भारत ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में प्रतिका रावल को नहीं चुना जबकि यास्तिका भाटिया अपनी जगह बना पाने में सफल रहीं हैं।

ये खिलाड़ी उतरेंगे मैदान में: टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारत का फुल स्क्वाड इस प्रकार है। हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), श्रीचरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नंदिनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव।

भारतीय टीम का शेड्यूल

- **14 जून:** भारत बनाम पाकिस्तान
- **17 जून:** भारत बनाम नीदरलैंड
- **21 जून:** भारत बनाम साउथ अफ्रीका
- **25 जून:** भारत बनाम बांग्लादेश
- **28 जून:** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया

रायपुर आईपीएल मैचों की टिकट आज से मिलेगी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में होने वाले आईपीएल मैचों को लेकर क्रिकेट फैंस का इंतजार अब खत्म हो गया है। आगामी मुकाबलों के लिए टिकट बिक्री कल से शुरू होने वाली है, जिसकी जानकारी फ्रैंचाइज़ी द्वारा आधिकारिक तौर पर जारी कर दी गई है। आरसीबी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज के माध्यम से बताया कि रायपुर में होने वाले मैचों के लिए टिकट उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगी। फैंस shop.royalchallengers.com/ticket पर जाकर टिकट बुक कर सकेंगे। घोषणा के बाद से क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह और तेजी से बढ़ गया है।

क्रूज हादसों से सबक: मुख्यमंत्री ने सुरक्षा ऑडिट एवं सतत मॉनिटरिंग के दिए कड़े निर्देश

वाटर स्पोर्ट्स पर 'साय' की पैनी नजर, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

नवप्रदेश खबर का असर

■ पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोपरि, मुख्यमंत्री ने धमतरी और कोरबा कलेक्टरों को दी कड़ी चेतावनी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मध्य प्रदेश में हाल ही में हुई क्रूज हादसे की दुखद घटना के परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ में संचालित सभी वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की है। समीक्षा के दौरान उन्होंने सुरक्षा मानकों का सुदृढ़ता से पालन करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि जन सुरक्षा के विषय में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही पूर्णतः अस्वीकार्य होगी। मुख्यमंत्री ने धमतरी और कोरबा सहित अन्य सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया कि जिन स्थलों पर वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां संचालित हो रही हैं, वहां सुरक्षा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम के मुख्य निर्देश

नवप्रदेश खबर का असर

- सभी वाटर स्पोर्ट्स उपकरणों का नियमित तकनीकी परीक्षण हो।
- प्रशिक्षित एवं दक्ष मानव संसाधन की तैनाती अनिवार्य।
- आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु प्रभावी प्रबंधन तंत्र सक्रिय रहे।
- लाइफजैकेट और रेस्क्यू उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो।

सतत निगरानी और दंडात्मक कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को यह भी निर्देशित किया कि वे इन व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करें। यदि किसी भी स्तर पर सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों या संचालकों की जवाबदेही निर्धारित करते हुए आवश्यकतानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य शासन नागरिकों एवं पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करता है।

नेपाल ने लगाया भारतीय सामान पर टैक्स

काठमांडू/ए.। नेपाल सरकार की ओर से सीमा पर 100 नेपाली रुपये से अधिक के सामान पर सीमा शुल्क लगाने के फैसले ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। लोग इस बात से हैरान और नाराज हैं कि हवाई जहाज से आने वाले रईसों को महंगे मोबाइल, सोना और शराब पर छूट मिल रही है, लेकिन जमीन के रास्ते पैदल आने वाले गरीब को 2 किलो चीनी पर भी टैक्स देना पड़ रहा है। नेपाल-भारत की खुली सीमा और वहां के सामाजिक-आर्थिक संबंधों को समझे बिना लिया गया यह फैसला अब बालेन सरकार के लिए गले की फांस बनता जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

शादी समारोह में चाकूबाजी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के कोडेनार थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान हुई चाकूबाजी की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना ने विवाह समारोह की खुशियों को तनाव और अफरा-तफरी में बदल दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्टील का चाकू, मुर्गा बांधने का लोहे का काती तथा स्टील का कड़ा बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल 2026 को बड़े आरापुर में आयोजित एक शादी समारोह में डीजे पर नाचने के दौरान विवाद शुरू हुआ। नृत्य के बीच एक आरोपी द्वारा पहना गया स्टील का कड़ा अन्य युवकों को लगने लगा, जिस पर उसे कड़ा उतारकर नाचने के लिए कहा गया। इसी बात पर विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने एकजुट होकर गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद थाना कोडेनार में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में विशेष कार्रवाई शुरू की गई। दो आरोपियों को 25 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया, जबकि फरार चल रहे तीसरे आरोपी को 1 मई को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद विधिवत गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था के प्रति पुलिस की तत्परता स्पष्ट हुई है। इस प्रकरण में निरीक्षक अमित पदमशाली,सहायक उप निरीक्षक पन्नालाल कुंजाम,पिलेश्वरी साहू,आरक्षक मुरलीधर कश्यप,लखन गडमिया और गोविन्द ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उड़ीसा से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था गांजा, नाके पर दबोचे गए दो तस्कर

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नगरनार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। उड़ीसा से छत्तीसगढ़ होते हुए महाराष्ट्र ले जाए जा रहे अवैध गांजा के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10.952 किलोग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 47 हजार 600 रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही एक एंड्रॉयड मोबाइल और नगद राशि भी बरामद की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति पीले रंग के थैले में गांजा रखकर धनपुंजी मार्ग से जगदलपुर की ओर बढ़ रहे हैं। सूचना मिलते ही नगरनार पुलिस टीम ने ग्राम धनपुंजी फॉरेस्ट नाका, एनएच-63 पर घेराबंदी की। जांच के दौरान संदिग्ध दो व्यक्तियों को रोका गया, जो टैक्सी से उतरकर आगे वाहन की तलाश में थे। तलाशी लेने पर उनके पास मौजूद विमल पान मसाला लिखे थैले से दो पैकेट गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा लेकर चंद्रपुर, महाराष्ट्र ले जा रहे थे। बरामद सामग्री में 10.952 किलोग्राम गांजा, एक मोबाइल फोन और 2,170 रुपये नगद शामिल हैं। कुल जब्त संपत्ति का मूल्य 5 लाख 56 हजार 270 रुपये बताया गया है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया ।

जादू-टोना के शक में ग्रामीण की निर्मम हत्या

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के दरभा थाना क्षेत्र अंतर्गत पखनार गांव में जादू-टोना के शक ने एक और जान ले ली। अंधविश्वास और नशे के घातक मेल ने गुरुवार दोपहर एक ग्रामीण की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पहचान मंगलू मंडावी के रूप में हुई है, जिसे गांव के ही दो सगे भाइयों ने चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया।पुलिस के अनुसार, आरोपी आयतु मड़कामी और सुखराम मड़कामी को लंबे समय से संदेह था कि मंगलू मंडावी जादू-टोना करता है। इसी शक ने उनके भीतर दुश्मनी को जन्म दिया। वारदात वाले दिन मंगलू अपने घर के समीप आम के पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। इसी दौरान शराब के नशे में धुत दोनों आरोपी वहां पहुंचे और जादू-टोना को लेकर विवाद करने लगे। देखते ही देखते कहासुनी हिंसक रूप ले बैठी। पहले आयतु मड़कामी ने चाकू निकालकर मंगलू के सीने पर ताबड़तोड़ वार किया। जब वह घायल होकर गिर पड़ा, तब बड़े भाई सुखराम मड़कामी ने उसका गला रेत दिया। गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए, जिससे गांव में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर दरभा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में आगे की विवेचना जारी है।

बस्तर पुलिस का बड़ा एक्शन, दो नशे के सौदागर गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बस्तर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जगदलपुर से दो नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 114 प्रतिबंधित ट्रामोडोल कैप्सूल बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 45,600 रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल की शाम थाना कोतवाली को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति दलपत सागर सुलभ परिसर के पास एक मोटरसाइकिल पर अवैध नशीली कैप्सूल बिक्री के उद्देश्य से रखे हुए हैं और ग्राहक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल रणनीति बनाकर घेराबंदी की।पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर संदिग्धों की पहचान की और उन्हें पकड़ लिया।तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 114 ट्रामोडोल कैप्सूल बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी इन नशीली दवाओं की अवैध बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे थे। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई शहर में नशे के नेटवर्क पर पुलिस की सख्ती का संकेत मानी जा रही है और युवाओं को नशे के जाल से बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

नजूल जमीन पर निर्माण को लेकर बवाल, महिला पार्षद और परिवार के बीच मारपीट

- **कच्चे मकान को पक्का बनाने की कोशिश बनी विवाद की वजह**
- **बोधघाट क्षेत्र में सुबह-सुबह बढ़ा तनाव,पुलिस ने शुरू की जांच**

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह नजूल जमीन पर बने एक मकान को लेकर बड़ा विवाद सामने आया,जिसने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार एक महिला अपनी पांच बेटियों के साथ पिछले कई वर्षों से करीब ढाई सौ वर्ग फीट के कच्चे मकान में रह रही थी। परिवार ने हाल ही में अपने कच्चे घर को पक्का बनाने का कार्य शुरू किया, लेकिन इसी बीच निर्माण को लेकर आपत्ति जताई गई और मामला विवाद में बदल गया।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र की भाजपा महिला पार्षद ने निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी कहासुनी शुरू हो गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि विवाद हाथापाई तक पहुंच गया। मौके पर मौजूद महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें बाल खींचने और धक्का-मुक्की के दृश्य सामने आए। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह स्थिति को शांत कराने की कोशिश की,लेकिन तब तक मामला तूल पकड़ चुका था।

घटना के बाद दोनों पक्ष बोधघाट थाना पहुंचे, जहां एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। वहीं इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे घटना चर्चा का विषय बन गई है। प्रशासनिक स्तर पर अब यह भी देखा जा रहा है कि नजूल जमीन पर निर्माण की वास्तविक स्थिति क्या है और विवाद की जड़ में कौन-कौन से तथ्य जुड़े हैं।

विवाद की परतें कई,जांच के बाद ही साफहोगी तस्वीर

नजूल भूमि पर निर्माण, स्थानीय आपत्ति, जनप्रतिनिधि की भूमिका और फिर सार्वजनिक मारपीट यह मामला केवल दो पक्षों के टकराव तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरी भू-प्रबंधन और संवेदनशील सामाजिक परिस्थितियों को भी उजागर करता है। वर्षों से निवासरत परिवार के पुनर्निर्माण प्रयास और उस पर अचानक उठे विरोध ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल वीडियो ने मामले को और अधिक सार्वजनिक बना दिया है। अब निगाहें पुलिस जांच और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि निर्माण वैध था या नहीं,और विवाद किस हद तक टाला जा सकता था।

बड़े डोंगर विद्युत कार्यालय पहुंच कर किसानों ने सौपा ज्ञापन

बिजली संकट से बर्बाद हुई फसल, आक्रोशित किसानों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

फरसगांव/बड़ेडोंगर/नवप्रदेश। क्षेत्र के उरंदाबेड़ा अंतर्गत आने वाले ग्राम आमगांव, कोटपाड़, कन्हारगांव और बारदा के किसानों के सब्र का बांध अब टूट चुका है। पिछले लंबे समय से जारी अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या ने किसानों की रातों की नींद उड़ा दी है। बिजली गुल रहने के कारण सिंचाई ठप पड़ी है, जिससे रबी सीजन की तैयार फसलें खेतों में ही दम तोड़ रही हैं।

इसी समस्या से आक्रोशित होकर क्षेत्र के सैकड़ों किसान बुधवार को विद्युत विभाग के उप-संभाग कार्यालय बड़े डोंगर पहुंचे। यहाँ किसानों ने सहायक अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा व्यक्त की और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विद्युत विभाग को 48 घंटे का अल्टीमेटम

किसानों ने अपनी शिकायत में दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि 2 दिनों के भीतर बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो उनके पास आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि 4 मई को प्रभावित क्षेत्रों के समस्त किसान एकजुट होकर उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने पर इसकी पूर्ण जिम्मेदारी विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की होगी।

फसलें बर्बाद, कर्ज में डूबा किसान

प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि उन्होंने भारी लागत लगाकर रबी की फसल बोई थी, लेकिन ऐन वक्त पर बिजली विभाग की लापरवाही भारी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब फसलों को सबसे ज्यादा पानी की जरूरत है, तब घंटों बिजली गायब रहती है। जो थोड़ी बहुत बिजली मिलती भी है, उसमें इतना लो-वोल्टेज होता है कि पंप नहीं चल पाते। हमारी मेहनत और पैसा दोनों बर्बाद हो चुके हैं।

अधिकारियों का रुख

ज्ञापन सौंपने के दौरान किसानों ने मांग की कि जर्जर तारों और खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदला जाए। हालांकि विभाग की ओर से जल्द निराकरण का आश्वासन दिया गया है, लेकिन किसान अब ठोस कार्रवाई चाहते हैं।

इस विरोध प्रदर्शन में आमगांव, कोटपाड़, कन्हारगांव और बारदा के प्रमुख किसान प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अब देखना यह होगा कि क्या विभाग 4 मई से पहले किसानों की सुध लेता है या क्षेत्र में बड़ा जन-आंदोलन खड़ा होता है।

बोर्ड परीक्षाओं में स्वामी आत्मानंद स्कूल का ऐतिहासिक प्रदर्शन

- **कु. सुनीता ने 95.16% अंकों के साथ जिले में टॉप, 10वीं का परिणाम रहा 98.5%**

फरसगांव/बड़ेडोंगर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कोनगुड़ ने इस वर्ष अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल क्षेत्र का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे जिले में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है।

कक्षा 10वीं: सफलता का प्रतिशत 98.5%-विद्यालय के कक्षा 10वीं का परिणाम बेहद उत्कृष्ट रहा। परीक्षा में शामिल कुल 68 विद्यार्थियों में से 67 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 98.5% रहा, जो कि जिले के सर्वश्रेष्ठ परिणामों में से एक है।

जिले की टॉपर बनीं सुनीता-विद्यालय की छात्रा कु. सुनीता ने 95.16% अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय का नाम रौशन किया, बल्कि पूरे कोंडागांव जिले में प्रथम स्थान हासिल कर एक मिसाल कायम की है।

कक्षा 12वीं: 95.71% रहा परीक्षा परिणाम-कक्षा 12वीं में भी विद्यालय के छात्रों का दबदबा कायम रहा। यहाँ कुल 70 विद्यार्थियों में से 67 विद्यार्थी सफल रहे, जिससे स्कूल का पास प्रतिशत 95.71% रहा।

कु. यशोदा ने मारी बाजी: 12वीं की परीक्षा में कु. यशोदा ने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि हमारे सभी शिक्षक राजेश केसर, संजीव मरकाम, नैन्सी नया, दुर्गा प्रसाद बरिहा, अविनाश साहू, कैलाश साहू सहित अन्य के कड़े समर्पण, विद्यार्थियों की दिन-रात की मेहनत और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का सुखद परिणाम है।

बोरे-बासी तिहार: पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष ने श्रमिकों संग चखा छत्तीसगढ़िया व्यंजन का स्वाद

- **नेताम बोले– यह केवल आहार नहीं, हमारी संस्कृति का अभिमान है**

फरसगांव/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आज पूरे प्रदेश में 'बोरे-बासी तिहार' की धूम रही। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता संतराम नेताम ने इस खास मौके पर श्रमिकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए अपने दिन की शुरुआत पारंपरिक व्यंजन 'बोरे-बासी' खाकर की। उन्होंने न केवल छत्तीसगढ़ की इस अनूठी परंपरा का निर्वहन किया, बल्कि युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने का संदेश भी दिया।

पाताल चटनी और गोंदली के संग लिया स्वाद-पूर्व उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने पारंपरिक अंदाज में बोरे-बासी के साथ पाताल (टमाटर) की चटनी, प्याज (गोंदली) और बड़ी का स्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा, ÷बोरे-बासी हमारी छत्तीसगढ़िया संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। यह मेहनतकश किसानों और श्रमिकों का वह आहार है, जो कड़कती धूप में भी शरीर को शीतलता और शक्ति प्रदान करता है।

भूपेश बघेल की पहल को सराहा-नेताम ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा शुरू किए गए 'बोरे-बासी तिहार' को याद करते हुए कहा कि इस पहल ने छत्तीसगढ़िया खान-पान को वैश्विक पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों ने अपने पसीने से राष्ट्र का निर्माण किया है और आज का दिन उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का है।

सफलता: पीएमश्री सेजेस फरसगांव के 12 विद्यार्थियों का जिले स्तर पर हुआ सम्मान

- **कीर्ति और स्मृति ने लहराया परचम; कलेक्टर ने मेधावियों को किया पुरस्कृत**

फरसगांव/नवप्रदेश। मेधा और कड़े परिश्रम के संगम से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल (सेजेस) फरसगांव के विद्यार्थियों ने जिले में अपनी सफलता का लौह मनवाया है। हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना के हाथों फरसगांव स्कूल के 12 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

जिले की मेरिट सूची में बनाई जगह-बोर्ड परीक्षाओं के घोषित परिणामों में स्कूल की कीर्ति देवांगन ने हायर सेकेंडरी (12वीं) परीक्षा में 94.86% अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। वहीं, हाईस्कूल (10वीं) की छात्रा स्मृति पॉल ने 94.17% अंकों के साथ जिले की प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन दोनों छात्राओं की इस सफलता ने क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ दी है।

शानदार रहा परीक्षा परिणाम-

पीएमश्री सेजेस फरसगांव न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि, बल्कि सामूहिक परिणाम में भी अग्रणी रहा है बल्कि अंग्रेजी माध्यम (कक्षा 10वीं) शत-प्रतिशत (100%) परिणाम। अंग्रेजी माध्यम (कक्षा 12वीं) शानदार 97% परिणाम।

संजय मार्केट ज्वेलरी चोरी का खुलासा, महिला गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। संजय मार्केट स्थित एक ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी के मामले में बस्तर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में चोरी किए गए 30 नग सोने के नोज पिन भी बरामद कर लिए गए हैं। इस कार्रवाई को बस्तर पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

घटना 27 अप्रैल 2026 की है, जब संजय मार्केट की एक ज्वेलरी दुकान से सोने के नोज पिन चोरी होने की सूचना मिली थी। घटना के तुरंत बाद पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान दुकान और शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी महिला की पहचान की गई।

पुलिस ने शांतिनगर क्षेत्र से आरोपी महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चोरी की घटना स्वीकार की।

प्रधान पाठक जंघेल को ससम्मान विदाई

छुईखदान /नवप्रदेश। संकुल ठाकुरटोला भदेरा व ग्राम पटपर के संयुक्त तत्वाधान मे शासकीय प्राथमिक शाला पटपर के प्रधान पाठक दयाल दास जंघेल के सेवा निवृत्त होने पर विदाई कार्यक्रम आयोजित कर ससम्मान विदाई दिया गया गांव के सभी लोगो ने नम आंखो से अपने चहेते शिक्षक को उपहार भेंट कर विदाई दिये साथ ही गाड़ी किराया कर सर को घर तक पहुंचाने गए संकुल मे नव पदस्थ प्रधान पाठको का स्वागत प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया साथ ही हायर सेकेंडरी स्कूल ठाकुरटोला से कक्षा दसवी के छात्रा कु.हसीना साहू ने 94.5त्वव कक्षा बारहवी के छात्र शुभम साहू ने 91.6% लाकर अपना नाम माता पिता स्कूल व वनांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रधान पाठक पन्नालाल जंघेल द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत गर्रा के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश सोरी उपसरपंच प्रतिनिधि सुखनन्दन यादव पंच वर्मा हीरू मौर्य ग्राम पटेल संकुल प्राचार्य बलदाऊ जंघेल संकुल समन्वयक रामभरोसा मेरावी राजू दास मानिकपुरी आदि उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार बना सहारा, आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार को मिली पेंशन की राहत

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी सोच को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 'सुशासन तिहार' अब जरूरतमंदों के लिए वास्तविक राहत का माध्यम बनता जा रहा है। इसका एक मानवीय उदाहरण जिले के जनपद पंचायत तोकापाल अंतर्गत ग्राम पंचायत पलवा (बाघनपाल) में देखने को मिला,जहां आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक परिवार को समय पर शासन की सहायता उपलब्ध कराई गई।पति के आकस्मिक निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही एक महिला के सामने जीवन-यापन का गंभीर संकट खड़ा हो गया था। सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बीच परिवार को रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी चुनौती बन चुका था। ऐसे समय में महिला ने 'सुशासन तिहार' के मंच पर अपनी समस्या रखी और शासन की सहायता योजनाओं के अंतर्गत मदद की मांग की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए समाज कल्याण विभाग ने तत्काल सक्रियता दिखाई।

सुरों की सरिता में डूबा सिरहा सार भवन

छठवें वार्षिक उत्सव में कला प्रेमियों और संगीत साधकों ने बांधा समा

- **संगीत, सम्मान और सांस्कृतिक समर्पण का अद्भुत संगम बना समारोह**

जगदलपुर/नवप्रदेश। सिरहा सार भवन में गुंजन संगीत समूह का छठवां वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक गरिमा और आत्मीयता के वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक वार्षिक समारोह नहीं, बल्कि संगीत साधना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत उत्सव बनकर सामने आया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, कला प्रेमियों और संगीत साधकों की उपस्थिति ने इसे विशेष आयाम दिया।

समारोह में जगदलपुर विधायक किरण देव तथा नगर निगम की वरिष्ठ पार्षद सदस्य दीप्ति पांडे की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके आगमन ने कार्यक्रम की प्रतिष्ठा को और बढ़ाया। आयोजन के दौरान नव पदस्थ अनिल लुंकड़ तथा तबला वादन के गुरु मनीष का सम्मान कर उनकी सेवाओं और योगदान को सराहा गया। यह सम्मान समारोह कला और प्रतिभा के प्रति समूह की प्रतिबद्धता का प्रतीक बना।

कार्यक्रम का मूल उद्देश्य जनमानस को गीत-संगीत से जोड़ना और तनावमुक्त वातावरण का निर्माण करना रहा। इसी भावना के साथ प्रस्तुतियों की श्रृंखला आगे बढ़ी। संदीप सामंत द्वारा प्रस्तुत गीत ÷किस्में वाले प्यार वफा÷ ने श्रोताओं के मन को गहराई से छुआ और उन्हें भरपूर सराहना मिली। सभागार तालियों की गूंज से देर तक गूंजता रहा। संचालन की जिम्मेदारी सरला रथ और संजय देवांगन ने सहजता और प्रभावशाली शैली में निभाई, जिससे कार्यक्रम निरंतर आकर्षक बना रहा। समूचे आयोजन का नेतृत्व अध्यक्ष डॉ सुषमा झा ने किया, जिनके मार्गदर्शन में यह सांस्कृतिक संध्या सुव्यवस्थित और सफल रही।

प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली रिया को कलेक्टर ने घर पहुंचकर दी बधाई

कवर्धा / नवप्रदेश। जिले की मेधावी छात्रा रिया केशरवानी ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया गया है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने छात्रा के निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्री वर्मा ने छात्रा, उनके माता-पिता, परिजनों एवं विद्यालय परिवार को इस उपलब्धि हेतु बधाई देते हुए कहा कि रिया की सफलता दृढ़ संकल्प, सतत परिश्रम एवं गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।कलेक्टर श्री वर्मा ने छात्रा को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण एवं निरंतर प्रयास से सफलता सुनिश्चित होती है।

समाधान शिविर में 196 आवेदनों का मौके पर निराकरण, हितग्राहियों को मिली विभिन्न योजनाओं की सौगात

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर विकासखंड के ग्राम रानीडेरा में आयोजित समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 207 आवेदनों में से 196 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष 11 आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को समयसीमा निर्धारित की गई। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता कश्यप ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर किया।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजनों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही, विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए चेक, स्वीकृति आदेश एवं आवश्यक दस्तावेज वितरित किए गए। श्रम विभाग की सियान सहायता योजना अंतर्गत घोघरा निवासी मजदूर राजाराम को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

6 हितग्राहियों को तत्काल राशन कार्ड उपलब्ध

खाद्य विभाग ने दर्री और सिंघनपुरी के 6 हितग्राहियों को तत्काल राशन कार्ड उपलब्ध कराए। पीएचई विभाग को डोमनपुर, घोघरा और रानीडेरा में नए हैंडपंप खनन एवं टेप कनेक्शन से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। बिजली विभाग को बिजली मीटर स्थापना, जर्जर तारों के सुधार एवं अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने संबंधी मांगें मिलीं। शिविर में 13 नए श्रमिक पंजीयन किए गए। आयुर्वेद विभाग ने 55 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क औषधियां वितरित कीं। पशुधन विकास विभाग द्वारा 27 पशुपालकों को कृमिनाशक एवं किलनीनाशक दवाइयां प्रदान की गईं। एसडीएम नितिन तिवारी एवं सीईओ सत्यव्रत तिवारी की देखरेख में आयोजित शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

सुशासन तिहार: ननकी बाई को बिजली बिल में मिली बड़ी छूट

सुशासन तिहार 2026 आमजन के लिए राहत और समाधान का सशक्त माध्यम बन रहा है। ग्राम हरदी कला निवासी ननकी बाई के लिए यह वरदान साबित हुआ, आर्थिक कारणों से लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान करने में असमर्थ ननकी बाई को योजना के तहत 23 हजार से अधिक की छूट मिली है, ननकी बाई ने इस राहत के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है।

ग्राम हरदी कला की ननकी बाई लंबे समय से बढ़े हुए बिजली बिल की समस्या से परेशान थीं। उनका कुल बिजली बिल 69,890 रुपये हो गया था, जिसे चुकाना उनके लिए अत्यंत कठिन था। ननकी बाई ने भावुक होकर बताया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह बिल का भुगतान नहीं कर पा रही थी। वह बिल को लेकर लगातार चिंता में थीं और समाधान का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में उन्होंने अपनी समस्या दर्ज कराई। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए मामले की जांच की और मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना के अंतर्गत उन्हें राहत प्रदान की गई। इस योजना के तहत ननकी बाई को 23,115 रुपये की छूट मिली, उन्हीने रजिस्ट्रेशन के रूप में 6700 रुपए का भुगतान किया, जिसके बाद उनके बकाया बिल में कमी की गई। अब वे 45885 का भुगतान करेंगी जिसमे उन्हें किश्त की भी सुविधा मिलेगी।

न्यूज गैलरी

नि:शुल्क आयुर्वेद, पंचकर्म व क्षारसूत्र चिकित्सा शिविर 5 तक

॥ वैद्यशाला ॥

डॉ मनोज चौकसे
चिकित्सक एवं संचालक

बिलासपुर/नवप्रदेश। आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार और जन-स्वास्थ्य के उद्देश्य से 1 मई से 5 मई तक एक भव्य 5 दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद, पंचकर्म एवं क्षारसूत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर नेहरू चौक स्थित अरपा पुल के पास वैद्यशाला आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान में प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक संचालित हो रहा है। इस शिविर में वात रोगों जैसे गठिया (आमवात), लकवा (पक्षाघात), चेहरे का लकवा (अर्दित), जोड़ों का दर्द (संधिवात), सायटिका, गर्दन एवं कमर दर्द (स्पॉन्डिलाइटिस), कंधे और एड़ी दर्द तथा कंपवात आदि के लिए विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही पाइल्स (बवासीर), फिशर और फिस्टुला (भगंदर) जैसे मलद्वार रोगों की जांच एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। त्वचा रोगों में मुंहासे, दाग-धब्बे, सोरायसिस, शीतपित्त (आर्टिकेरिया), एक्जिमा, खुजली, फंगल इंफेक्शन, डैंड्रफ और बाल झड़ने जैसी समस्याओं के लिए भी आयुर्वेदिक परामर्श प्रदान किया जा रहा है। शिविर में अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सकों की टीम, जिसमें डॉ. मनोहर टेकचंदानी, डॉ. विमल शर्मा, डॉ. किरण वर्मा, डॉ. मोनिष्का शर्मा, डॉ. चंचला तिवारी, डॉ. निहारिका सिंह एवं संस्थापक डॉ. मनोज चौकसे शामिल हैं, अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिविर के पहले दिन लगभग 135 मरीजों ने लाभ उठाया और आगामी दिनों में भी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क औषधियां भी प्रदान की जा रही हैं। अधिक जानकारी एवं पंजीयन के लिए 07752-412224 या 86028-11002 पर संपर्क किया जा सकता है।

मौसी की बेटी से शादी अवैध, जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई

प्रथा है तो साबित भी करना होगा, हवाला देना काफी नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की डिवीजन बेंच ने हिंदू विवाह अधिनियम के तहत एक अहम फैसले में कहा है कि दो सगे भाइयों या बहनों के बच्चों के बीच होने वाली शादी प्रतिषिद्ध नातेदारी के दायरे में आती है और ऐसी शादी कानूनन शून्य है। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ 'परंपरा' का हवाला देना काफी नहीं है, उसे पुराना, लगातार चलन में और कानून के अनुरूप साबित करना जरूरी है।

हाईकोर्ट ने जांजगीर-चांपा के एक मामले में फैमिली कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। दरअसल, जांजगीर-चांपा निवासी व्यक्ति की शादी 20 अप्रैल 2018 को पास के गांव की महिला से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद दोनों में विवाद शुरू हो गया। इस पर पति ने फैमिली कोर्ट में आवेदन लगाकर शादी को शून्य घोषित करने की मांग की। तर्क था कि उसकी मां और पत्नी की मां सगी बहनें हैं। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 (6) के अनुसार प्रतिषिद्ध नातेदारी में शादी अवैध है। निचली अदालत ने माना था कि दोनों मौसी के बच्चे हैं, लेकिन पटेल समाज में ब्रह्म विवाह के नाम पर ऐसी शादियां प्रचलित हैं, इसलिए इसे वैध माना था।

पत्नी गुजारा भत्ता की हकदार

हाईकोर्ट ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी प्रथा को कानून का दर्जा पाने के लिए यह साबित करना जरूरी है कि वह प्राचीन, निरंतर और सार्वजनिक नीति के अनुकूल हो। कोर्ट ने पाया कि मामले ऐसी किसी रूढ़ि को पुख्ता तौर पर साबित नहीं किया गया है, जिसके आधार पर प्रतिषिद्ध नातेदारी के भीतर विवाह को अनुमति दी जा सके। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने शादी को शून्य ठहराया है। कहा कि विवाह रद्द होने के बावजूद पीड़ित पक्ष धारा 25 के तहत स्थायी गुजारा भत्ता के लिए आवेदन करने का हकदार बना रहेगा।

जबरदस्ती ट्रक खींचकर ले गए कंपनी के बाउंसर चोलामंडलम और आरबीआई से जवाब-तलब

बिलासपुर/नवप्रदेश। कंपनी के बाउंसर फाइनेंस हुए ट्रक को बीच रास्ते में रोक कर ड्राइवर से जबरदस्ती चाबी छीनकर किस्त नहीं पटाने के नाम पर बोलकर वाहन को जबरदस्ती अवैध रूप से खींच कर ले गए। इस मामले में सुनवाई करते हुए जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की एकल पीठ ने चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है । जिला बालोद के अंतर्गत गुंडरदेही के रहने वाले मोहम्मद अमान मंसूरी ने अपने अधिवक्ता अब्दुल वहाब खान के मार्फत छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में इस आशय की याचिका लगाई कि, उसने ट्रांसपोर्ट का काम कुछ दिनों पूर्व प्रारंभ किया है। उसने चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड से 20 जुलाई 2024 को वाहन ट्रक क्रमांक-सीजी 08 बी बी 2201 को क्रय किया था जिसकी कुल कीमत 51 लाख 30000 थी। यह वाहन चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी द्वारा आवेदक को फाइनेंस कर उपलब्ध करवाई गई थी। आवेदक उक्त वाहन को खरीदने के फाइनेंस कंपनी को प्रतिमाह 112887 की किस्त पटा रहा था। इसी बीच अक्टूबर 2025 को वाहन रायगढ़ के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस थाना कोतरा जिला रायगढ़ द्वारा अपराध भी दर्ज किया गया था और वाहन पुलिस थाना कोतरा ने उक्त अपराध में जब्त कर लिया था। बाद में लगभग 1 माह बाद में 25 अक्टूबर 2025 को रायगढ़ के न्यायालय द्वारा आदेश.25 अक्टूबर 2025 के तहत सुपुर्दनामे में प्राप्त किया। 28 अक्टूबर 2025 को आवेदक ट्रांसपोर्ट हेतु सामान लोड करवा कर अपने ड्राइवर के माध्यम से रायगढ़ से रायपुर के लिए सामान भेजा तभी लगभग .9.30 बजे उक्त फाइनेंस कंपनी के बदमाश बाउंसरों ने वाहन को सारंगढ़ रायगढ़ मुख्य मार्ग पर रोक लिया और ड्राइवर से जबरदस्ती उक्त वाहन की चाबी छीन ली, जबकि आवेदक को पूर्व में कंपनी ने कोई नोटिस नहीं भेजा। आवेदक किसी भी प्रकार से पूर्व में कोई डिफाल्टर नहीं रहा है।

फर्जी जाति प्रमाणपत्र से आबकारी विभाग में नौकरी, हाईकोर्ट पहुंचा मामला

बिलासपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के ग्वालियर के आबकारी अफसर राजेश हेनरी पर आपराधिक षड्यंत्र करके फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनवाने का मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। हाईकोर्ट ने बिलासपुर के जिला स्तरीय जाति छानबिन समिति को जल्द जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। आबकारी अफसर राजेश हेनरी पर आपराधिक षड्यंत्र करके फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनवाने का आरोप है। आरोप है कि बिलासपुर में बने इस फर्जी प्रमाणपत्र के जरिए वह पिछले 35 साल से आबकारी विभाग में नौकरी कर रहे हैं। इस मामले में भोपाल निवासी प्रभात पांडे ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें बताया कि मध्यप्रदेश के अतिरिक्त आबकारी आयुक्त राजेश हेनरी ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल की है। उन्होंने इस संबंध में 22 जून 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन लंबे समय से यह मामला बिलासपुर की जिला स्तरीय जाति सत्यापन समिति के पास लंबित पड़ा है। याचिका में बताया गया कि सूचना के अधिकार के तहत ली गई जानकारी के अनुसार राजेश के प्रमाणपत्र में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर तहसील के सील और साइन मिले। लेकिन, जब बिलासपुर तहसील कोर्ट के दायरा पंजी में साल 1990-91 के प्रकरण की जानकारी ली गई, तब पता चला कि तहसील कार्यालय में उनके जाति प्रमाण पत्र का प्रकरण ही दर्ज नहीं है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि छत्तीसगढ़ की उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति ने उनके अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाणपत्र को जांच के लिए जिला स्तरीय समिति को भेजा था। लेकिन, दो साल से अफसर जांच के बहाने मामले को दबा दिया है। इसके चलते जांच लंबित पड़ी है। याचिकाकर्ता ने मांग की थी कि समिति को एक निश्चित समय सीमा के भीतर कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए जाएं, क्योंकि देरी से सत्यापन का उद्देश्य ही खत्म हो जाता है। इसके अलावा यह भी मांग की थी कि जांच पूरी होने तक संबंधित अधिकारी को आरक्षण के लाभ से वंचित रखा जाए और प्रमाण पत्र अवैध पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाए। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि जब शिकायत सक्षम प्राधिकारी के पास लंबित है, तो उसे उचित समय के भीतर तय किया जाना चाहिए।

सियान सहायता योजना: श्रमिक राजाराम को मिली 20 हजार की आर्थिक मदद

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर विकासखंड के ग्राम घोघरा निवासी बुजुर्ग श्रमिक राजाराम साहू के लिए श्रम विभाग की सियान सहायता योजना कठिन समय में बड़ी राहत बनकर सामने आई है। बढ़ती उम्र और शारीरिक कमजोरी के कारण अब वे पहले की तरह मेहनत-मजदूरी नहीं कर पा रहे थे, जिससे परिवार के भरण-पोषण की चिंता लगातार बनी हुई थी। ऐसे समय में श्रम विभाग की योजना के तहत मिली 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता ने उन्हें नई उम्मीद दी है। करीब 60 वर्ष की आयु के श्री साहू पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से श्रम विभाग में पंजीकृत हैं। लंबे समय तक मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले राजाराम साहू अब उम्र बढ़ने के साथ कठिन श्रम करने में असमर्थ हो रहे हैं। आय के सीमित साधनों के बीच आर्थिक संकट गहराने लगा था। इसी दौरान रानीडेरा में आयोजित समाधान शिविर में श्रम विभाग द्वारा उनके आवेदन का परीक्षण कर उन्हें सियान सहायता योजना के तहत 20 हजार रुपये स्वीकृत किए गए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता कश्यप ने शिविर में उन्हें सहायता राशि का चेक सौंपा। चेक मिलते

ही राजाराम साहू के चेहरे पर खुशी साफ झलकने लगी। उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके लिए किसी संबल से कम नहीं है और इससे परिवार की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। श्री साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं श्रम विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सियान सहायता योजना बुजुर्ग श्रमिकों के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने अन्य श्रमिकों से भी विभाग में पंजीयन कर शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। समाधान शिविर में मौजूद सहायक श्रम आयुक्त ज्योति शर्मा ने बताया कि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता मिल सके।

संस्कृत विद्वानों और श्रमिकों को विधायक अमर ने किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर विधायक अमर अग्रवाल ने आज बिलासपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति के संरक्षण और श्रम शक्ति के गौरव का संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जहाँ संस्कृत हमारी ज्ञान परंपरा का आधार है, वहीं श्रमिक हमारे विकास की असली शक्ति हैं। लखीराम अग्रवाल सभागार में आयोजित 'पौष्पी पाणिनि प्रक्रिया' संगोष्ठी में शामिल होकर श्री अग्रवाल ने संस्कृत विद्वानों के विचारों को सुना। उन्होंने आचार्या पुष्पा दीक्षित के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पाणिनीय व्याकरण जैसे गूढ़ विषय को सरल बनाकर उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा को नई दिशा देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। श्री अग्रवाल के अनुसार, संस्कृत का उत्थान ही हमारी वास्तविक सांस्कृतिक उन्नति है। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर लाल बहादुर

शास्त्री शाला सभागार में छत्तीसगढ़ एकता हमाल मजदूर संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री अग्रवाल ने श्रमिकों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति की नींव हमारे श्रमिक भाइयों के अटूट परिश्रम पर टिकी है। कार्यक्रम में उन्होंने श्रमिक बंधुओं को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प दोहराया। जनसेवा के क्रम में श्री अग्रवाल ने मुंगेली नाका में 'प्याऊ जल घर' का शुभारंभ कर मानवता की सेवा का उदाहरण पेश किया। उन्होंने कबीर पंथ समाज के इस सेवाभाव की सराहना की। इसके साथ ही, उन्होंने सीजी बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले रियल ग्रोथ पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्रों से भेंट कर उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। दिन भर की व्यस्तताओं के बीच वे बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के जन्मदिवस पर उनके निवास कार्यालय 'सेवा सदन' भी पहुँचे और उन्हें आत्मीय बधाई दी। साथ ही, उन्होंने गांधी गार्डन के समीप एक नए स्वास्थ्य केंद्र का भी शुभारंभ किया। इन आयोजनों के माध्यम से अमर अग्रवाल ने आज शिक्षा, सेवा और संस्कृति के संगम में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

विवेकानंद स्कूल बिटकुला के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

सीपत/नवप्रदेश। स्कूल बिटकुला के विद्यार्थियों ने स्कूल का नाम रोशन किया। कक्षा 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत एवं कक्षा 12 वीं का परिणाम 72.22% रहा। कक्षा 10 वीं से अनुभव पाटनवार 93.5%, शुभी साहू 93.5%, श्रुति पाटनवार 90.16%, साक्षी पाटनवार 89.83%, सुनिधि गंधर्व 88.83%, जीविका पाटनवार 87.16%, नैनसी साहू 87.16%, कक्षा 12 वीं से वंदना सूर्यवंशी 89. 8%, जानहवी पाटनवार 89%, साक्षी पाटनवार 84.2%, संजना सूर्यवंशी 82.4%, वर्षा कोराम 74.4% के साथ विद्यालय को गौरवांवित किये। अन्य विद्यार्थियों का श्रेष्ठ परिणाम रहा। स्कूल के प्राचार्य अजय कुमार साहू, व्याख्याता राजेंद्र सिंह ठाकुर, अनुज कुमार ओरकेरा, शीलवती पाटनवार, कृष्ण कुमार पटेल, रवि कुमार पोर्ते , उच्च श्रेणि शिक्षक अभिजित सागर पाटनवार, व्यायाम शिक्षक देव कुमार पाटनवार लिपिक कड़ीशंकर साहू ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

बयान: कथित वायरल वीडियो पर भाजपा नेताओं की सफाई, कहा-

दो दोस्तों के लेनदेन को भ्रष्टाचार बताना भ्रामक

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में सोशल मीडिया पर वायरल एक कथित वीडियो को लेकर भाजपा नेताओं ने प्रेसवार्ता कर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सूर्या और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि खिलावन पटेल ने आरोप लगाया कि उनके बीच हुए सामान्य आर्थिक लेनदेन को तोड़-मरोड़ कर भ्रष्टाचार का रूप देने की कोशिश की गई है, जिससे उनकी राजनीतिक छवि धूमिल हो रही है।

नेताओं के अनुसार, 29 अप्रैल 2026 को मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुकुर्दीकला में प्रस्तावित रेत घाट को लेकर जनसुनवाई आयोजित थी। इसी दौरान चंद्रप्रकाश सूर्या को किसी कार्य के लिए तत्काल पैसों की आवश्यकता पड़ी, जिस पर उन्होंने अपने पुराने मित्र खिलावन पटेल से सहायता मांगी। खिलावन पटेल ने मौके पर ही अपनी जेब में मौजूद राशि—लगभग 25 हजार रुपये बिना किसी शर्त के उन्हें दे दी। बाद में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सूर्या के कहने पर राशि गिन ली गई, ताकि लौटाते समय कोई विवाद न हो। यह पूरा लेनदेन सार्वजनिक स्थान पर, लोगों की मौजूदगी में हुआ। प्रेसवार्ता में बताया गया कि उसी दौरान वहां मौजूद पचपेड़ी निवासी कथित पत्रकार सूर्य प्रकाश सूर्यकांत ने इस लेनदेन का वीडियो बना लिया।

रेत घाट से कोई संबंध नहीं: नेता

चंद्रप्रकाश सूर्या और खिलावन पटेल ने स्पष्ट किया कि उनका कुकुर्दीकला रेत घाट या उससे जुड़े किसी भी प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है। जनसुनवाई में उनकी उपस्थिति केवल जनप्रतिनिधि के रूप में थी। उन्होंने कहा कि यदि कोई अवैध लेनदेन करना होता, तो वह सार्वजनिक स्थल पर नहीं किया जाता। प्रेसवार्ता में नेताओं ने कहा कि वे लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय हैं और उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह की साजिश रची गई है। उन्होंने इसे राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताते हुए कहा कि उनकी बढ़ती सक्रियता और लोकप्रियता से कुछ लोग असहज हैं।

पत्रकारिता की मर्यादा पर उठाए सवाल

दोनों नेताओं ने इस घटना को 'पीत पत्रकारिता' का उदाहरण बताते हुए कहा कि बिना सत्यापन के किसी भी वीडियो या सूचना को प्रकाशित करना न केवल अनैतिक है, बल्कि कानूनी रूप से भी आपत्तिजनक है। उन्होंने प्रेस क्लब जैसे संगठनों से ऐसे मामलों में संज्ञान लेने और जिम्मेदार पत्रकारिता सुनिश्चित करने की मांग की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वायरल वीडियो, प्रकाशित खबर और दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच किस दिशा में आगे बढ़ती है। वहीं, दोनों नेताओं ने दोहराया कि उनके बीच हुआ लेनदेन पूरी तरह व्यक्तिगत और मित्रतापूर्ण था, जिसका किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार या जनसुनवाई प्रक्रिया से कोई संबंध नहीं है।

बिलासपुर/नवप्रदेश। आल इंडिया बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन (एआईबीईए) की 75वीं प्लैटिनम जुबली के अवसर पर भीषण गर्मी (लू) को ध्यान में रखते हुए, बैंक ऑफ इंडिया अवार्ड स्टाफ यूनियन द्वारा राज्य के उत्तरी क्षेत्र की सभी शाखाओं में शुद्ध पेयजल प्याऊ राहगीरों के लिए स्थापित किए गए है। इससे आने वाले अगले 2-3 महीनों तक ग्राहकों और राहगीरों को ठंडे पानी का लाभ मिल सकेगा।

नव प्रदेश

बिलासपुर, रविवार 03 मई 2026

Gmail: navpradesh@gmail.com

केवल अधिकार नहीं, जिम्मेदारी भी है पत्रकारिता की स्वतंत्रता

योगेश कुमार गोयल

भारत में प्रेस को सदैव लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की संज्ञा दी जाती रही है क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती में इसकी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यही कारण है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रेस की स्वतंत्रता को बहुत अहम माना गया है लेकिन विड़म्बना है कि विगत कुछ वर्षों से यहां भी प्रेस स्वतंत्रता के मामले में लगातार कमी देखी जा रही है। इसीलिए प्रतिवर्ष 3 मई को 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' मनाया जाता है। कलम को तलवार से भी ज्यादा ताकतवर और तलवार की धार से भी ज्यादा प्रभावी इसीलिए माना गया है क्योंकि इसी की सजगता के कारण न केवल भारत में बल्कि अनेक देशों में पिछले कुछ दशकों के भीतर बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश हो सका, जिसके चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों, नेताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों को एक ही झटके में अर्श से फर्श पर आना पड़ा। यही कारण हैं कि समय-समय पर कलम रूपी इस हथियार को भोथरा बनाने या तोड़ने के कुचक्र होते रहे हैं और विभिन्न अवसरों पर न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में सच की कीमत कुछ पत्रकारों को अपनी जान देकर भी चुकानी पड़ती है। पिछले दशकों में प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में स्थितियां काफी बदल गई हैं। आज दुनियाभर में पत्रकारों पर राजनीतिक, अपराधिक और आतंकी समूहों का सर्वाधिक खतरा है और भारत भी इस मामले में अछूता नहीं है। विड़म्बना है कि दुनियाभर के न्यूज रूम्स में सरकारी तथा निजी समूहों के कारण भय और तनाव में वृद्धि हुई है। पेरिस स्थित 'रिपोर्टर्स सैन्स फ्रंटियर्स' (आरएसएफ) अथवा 'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' नामक संस्था द्वारा हर साल अपनी वार्षिक रिपोर्ट में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर जो तथ्य प्रस्तुत किए जाते रहे हैं, वे सदैव चौंकाने वाले होते हैं। हालांकि यह अलग बात है कि कुछ देश इस रिपोर्ट में जारी किए जाने वाले आंकड़ों को पूर्वाग्रह से प्रेरित बताकर खारिज भी करते रहे हैं। 'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' एक ऐसा गैर-लाभकारी संगठन है, जो विश्वभर के पत्रकारों पर हमलों का दस्तावेजीकरण करने और मुकाबला करने के लिए कार्यरत है और प्रतिवर्ष 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स' अर्थात् 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' नामक रिपोर्ट पेश करता है। 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2019' में उसने भारत सहित विभिन्न देशों में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति की विवेचना करते हुए स्पष्ट किया था कि किस प्रकार विश्वभर में पत्रकारों के खिलाफ घृणा हिंसा में बदल गई है, जिससे दुनियाभर में पत्रकारों में डर बढ़ा है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2026 के अनुसार, 180 देशों की सूची में भारत 157वें स्थान पर खिसक गया है जबकि 2025 में भारत 151वें स्थान पर था यानी एक वर्ष में छह स्थानों की गिरावट दर्ज की गई है। इससे पूर्व 2024ह्य में भारत 159वें, 2023 में 161वें और 2022 में 150वें पायदान पर खड़ा था। यह रिपोर्ट प्रेस स्वतंत्रता के लिए भारत की रैंकिंग में लगातार गिरावट का संकेत देती है। रिपोर्ट के मुताबिक पत्रकारों के साथ व्यवहार के लिए 'संतोषजनक' माने जाने वाले देशों की संख्या बढ़ रही है लेकिन ऐसी संख्या भी कम नहीं है, जहां स्थिति 'बहुत गंभीर' है। रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स द्वारा जारी दुनियाभर के देशों की प्रेस फ्रीडम रैंकिंग में भारत जहां 2024 में 2023 के मुकाबले दो पायदान ऊपर चढ़ा, वहीं 2023 में 2022 के मुकाबले 11 पायदान नीचे गिरा था और 2022 में भी 2021 की रैंकिंग के मुकाबले 8 स्थान नीचे फिसला था। 2021 की रैंकिंग में भारत का स्थान 142वां था। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2026 की सूची में नॉर्वे शीर्ष पर है।

भारत के लोकतंत्र को तो दुनिया का सबसे सफल और बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, वहीं अगर नार्वे जैसा छोटा सा देश प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में लगातार शीर्ष स्थान पर विराजमान है और चीन को छोड़कर भारत के लगभग सभी पड़ोसी देश भी बेहतर स्थिति में है तो यह स्थिति भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश के लिए सही स्थिति नहीं है। ऐसे में हमें गंभीरता से मंथन करने की जरूरत है कि हम इस मामले में वर्ष दर वर्ष क्यों फिसल रहे हैं?

प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में यह गिरावट स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। प्रेस की स्वतंत्रता में कमी आने का सीधा और स्पष्ट संकेत यही है कि लोकतंत्र की मूल भावना में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो अधिकार निहित है, उसमें धीरे-धीरे कमी आ रही है। समाज में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान रहा है, इसीलिए इसे लोकतंत्र का चौथा मजबूत स्तंभ माना गया है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार खासकर इलैक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा बगैर किसी जानकारी को जांचे-परखे केवल अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए झूठ का बवंडर तैयार किया जाता है, उसे देखकर कई बार तो ऐसा प्रतीत होता है मानो टीवी चैनल पर समाचार या कोई न्यूज कार्यक्रम नहीं बल्कि कोई मसालेदार राजनीतिक फिल्म चल रही हो। इसका सबसे बड़ा नुकसान यही हो रहा है कि लोगों का विश्वास मीडिया पर निरंतर कम हो रहा है और लोगों का आकर्षण सोशल मीडिया की ओर बढ़ रहा है, जहां पहले से ही फेक न्यूज बहुत बड़ी समस्या मौजूद है तथा एआई इस समस्या को और ज्यादा बढ़ाने में बड़ा योगदान दे रही है। भारतीय संविधान में प्रेस को अलग से स्वतंत्रता प्रदान नहीं की गई है बल्कि उसकी स्वतंत्रता भी नागरिकों की अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता में ही निहित है और देश की एकता तथा अखण्डता खतरे में पड़ने की स्थिति में इस स्वतंत्रता को बाधित भी किया जा सकता है किन्तु ऐसी कोई स्थिति निर्मित नहीं होने पर भी देश में पत्रकारिता का चुनौतीपूर्ण बनते जाना लोकतंत्र के हित में कदापि नहीं है बल्कि यह स्पष्ट रूप से कुछ शक्तियों द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था के चौथे स्तंभ को ध्वस्त करने का ही प्रयास माना जाता है। कल्पना की जा सकती है कि प्रेस की स्वतंत्रता अगर इसी प्रकार सवालों के घेरे में रही तो पत्रकार कैसे पारदर्शिता के साथ अपने कार्य को अंजाम देते रहेंगे?

प्रेस की स्वतंत्रता को बाधित करने के प्रयासों के चलते कैसे सच को उजागर कर उसे निष्पक्ष तरीके से जनता तक पहुंचाया जाना संभव होगा? देश में प्रेस की स्वतंत्रता बरकरार रहे, इसके लिए किसी मीडिया संस्थान से जुड़े पत्रकार हों या स्वतंत्र पत्रकार, उनकी सुरक्षा को लेकर कड़े कानून बनाए जाने की सख्त दरकार है ताकि बगैर किसी दबाव या भय के पत्रकार अपना कर्त्तव्य बखूबी निभाते रहें। हालांकि यह भी बेहद जरूरी है कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ 'प्रेस' को भी अपनी सीमाओं और मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए अपनी स्वतंत्रता का सही इस्तेमाल करना चाहिए।

व्यंग्य रचना : बेगाने तेरा कहां ठिकाना

डॉ. किशोर अग्रवाल

गर्मियों में जब खेती का काम नहीं रहा तो काम की तलाश में बच्चों को साथ लेकर रेलगाड़ी पकड़ने के लिए मैं शहर के बीचो बीच गुजर रहा था। गरीब हैं तो जाहिर है हम पैदल ही थे । अपना जरूरी सामान हमने मोटरियों में बांधकर पकड़ रखा था। लड़की बड़ी थी उसने भी बहुत सा सामान उठा रखा था। धूप और गर्मी की वजह से गला सूख जा रहा था। गांव तो था नहीं कि किसी का भी घर खटखटा कर पानी मांग लिया जाए । शहर के चलन मुझे पता था। मैं बच्चों को बताता आ रहा था कि कैसे तीन साल पहले मैंने इस बड़े गोदाम में छह महीने छत पर टीन ठोकने में गुजारे और यह जो होटल की बिल्डिंग है इसमें लिफ्ट लगाने के लिए कैसे दस फुट गहरे गड्ढे में घुसकर स्प्रिंग फिट किए थे । एक कॉलोनी में बना हुआ एक मकान दिखा ,जिसमें मैंने डेढ़ साल मजदूरी की थी । वह जब फिनिश हुआ तब सेठ जी ने गृह प्रवेश के समय पूजा में मिठाई के लड्डू हम काम करने वाले मजदूरों में भी बांटे थे। सेठ बड़ा भला सा आदमी लगा था पर पता नहीं जानते हुए भी कैसे मैं बच्चों को लेकर उस मकान का दरवाजा खटखटाने लगा। याद आया कि अब तो यहां बेल लगी है घंटी दबाकर अधखुले दरवाजे के भीतर घुसा ही था कि एक खूंखार कुत्ते ने लगभग मुझे दबोचा ही लिया। तभी घर का नौकर दौड़ता हुआ आया और कुत्ते को पकड़ लिया । मेरे बच्चे सहम कर पत्नी के पीछे दुबके खड़े थे । नौकर ने ललकार कर कहा " किसकी इजाजत से भीतर घुसे हो बे!" मैंने कहा "प्यास लगी है पानी के लिए रुका हूं ।" नौकर जो मेरी ही हैसियत का था पर अंग्रेजी कुत्ता थामे हुए और सेठ जी के चौके में जूठन खाकर चिकना हो रहा था, मेरे विरुद्ध मेरी औकात बताने लगा । मैंने उसे बताया भी कि मैंने भी यह मकान बनाने में बरसो मेहनत की है । तो वह हंसने लगा बोला कि मेहनत किए हो तो मजदूरी भी तो पाए हो । मकान खरीद थोड़ी लिए हो। हमारी इस बहस के बीच मकान मालिक ही बाहर आ गए और अपनी कार की ओर चलने लगे नौकर से पूछा कौन लोग हैं क्यों बहस कर रहे हैं उसने बताया हम वहां क्यों हैं ,क्यों आए हैं । उसने रुककर मेरी ओर देखा और कहा कि किसी के घर में घुसकर यूं पानी मांगना शोभा देता है क्या और सरकार ने यह जो जगह-जगह नल बंबे लगा रखे हैं वह तुम ही लोगों के लिए तो हैं । मैंने उन्हें याद दिलाया कि मैंने उनके पसंद के अनुसार वाटर कूलर की मशीन लगाने में कैसे कठिनाई से उसे फिट किया था , क्या मैं इस घर में अपने परिवार के लिए एक जग पानी भी नहीं ले सकता ? उन्होंने बताया कि इस तरह तो सैकड़ों मजदूरों ने यहां काम किया है उन्होंने बेडरूम भी बनाए हैं तो क्या वे सब वहां सोने के लिए आ जाएं? तुमने अपना काम किया और मजदूरी पाई ,अब किसी बात की आशा मत रखो । जाओ किसी सार्वजनिक नल से पानी भर लेना , यहां समय खराब मत करो। उनके नौकर ने मुझे हिकारत से देखा और मेरे बच्चों ने करुणा से । तभी मेरी पत्नी ने कहा कि प्याऊ से बोतल भर लेंगे , ठंडा पानी वैसे भी बच्चों को सूट नहीं होता उसके इन शब्दों से मैं किसी तरह इस फजीहत से उबर पाया। अब रेलगाड़ी में बैठकर उत्तर प्रदेश के एक ईंट भट्टे की ओर जा रहा हूं । पता नहीं क्यों हमें मजदूरी हेतु ले जाने की एवज में रेलवे स्टेशन पर आर पी एफ वालों ने हमारे ठेकेदार से कुछ पैसे लिए हैं , जो हमारे वेतन में हमारी मजदूरी में से काटे जाएंगे ।मेहनत मेरा पूरा परिवार करेगा तब मेरे कमाने जाने पर रेल टिकट के अलावा यह कौन सी रकम वसूली गई मैं नहीं जानता और यदि ठेकेदार ने यह रकम उनको दी है तो वह मेरे मजदूरी से क्यों काट लेगा यह भी मैं नहीं जानता पर यह हमारे साथ हर बरस होता है। हम लोग पूरा परिवार हाड़ तोड़कर मेहनत कर वापसी मेंजब अपनी मजदूरी मांगते हैं तो ठेकेदार के मुंशी भी इसी तरह हमारी कमाई में से नाजायज रकम काट लेते हैं । सुनता हूं कि सरकारें हम मजदूरों के लिए बहुत कुछ कर रही हैं । बड़े-बड़े नेता और मंत्री विदेशों में जाकर हमारे लिए बहुत अध्ययन कर रहे हैं और बड़े अधिकारी भी इसी रिसर्च में लगे हुए हैं। कई लोग तो कामरेडों से भी मिलकर हमारी समस्या का हल ढूंढते हैं परंतु यह सामने दिख रही लूट और दुर्व्यवहार क्या किसी को दिखता नही है ? बिल्डिंगों में काम करते समय मेरी औरत और लड़की नहाने की जगह नही ढूंढ पाती थी क्योंकि होती ही नहीं थी । इतनी सी समस्या को सुलझाने के लिए विदेश मत जाओ, कुछ दिन हम लोगों के साथ बैठो ,हमारी समस्याओं को महसूस करो ,तो यहीं रहते रिसर्च पूरे हो जाएंगे । रहाल मुझे तो मेरा और मेरे परिवार का पेट भरना ही है चाहे मेरी मुनिया खुले में ही क्यों न नहाती रहे।

देवर्षि नारद : धर्म के महान प्रचारक

मुकेश ऋषि

श श नारद जयंती 3 मई रविवार ज्येष्ठ माह कृष्ण पक्ष द्वितीया तिथि को है। नारद को देवताओं का ऋषि माना जाता है। इसी वजह से उन्हें देवर्शि भी कहा जाता है। मान्यता है कि नारद तीनों लोकों में विचरण करते रहते हैं। नारद मुनि भगवान श्री विष्णु के भक्त और सदैव नारायण नाम का स्मरण करते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण करते रहते हैं। देवर्षि नारद भक्ति और शक्ति का अद्भुत समन्वयक रहे हैं। यह सदैव लोक कल्याण के प्रचार और प्रसार को अविरल गति से प्रवाहित करने वाले एक महत्वपूर्ण ऋषि भी है। शास्त्रों के अनुरूप सृष्टि में एक लोक से दूसरे लोक में विचरण करते हुए नारद मुनि सभी के कष्टों को प्रभु के समक्ष रखते हैं। सभी जन की सहायता करते हैं। देवर्षि नारद देव और दैत्यों सभी में पूजनीय स्थान प्राप्त करते हैं। सभी वर्ग इनका उचित सम्मान करते हैं, क्योंकि ये किसी एक पक्ष की बात नहीं करते हैं। अपितु सभी वर्गों को साथ में लेकर चलने की इनकी अवधारणा ही इन्हें सभी का पूजनीय भी बनाती हैं। वेद एवं पुराण में ऋषि नारद जी के संदर्भ में अनेकों कथाएं प्राप्त होती है। हर स्थान में इनका होना उल्लेखनीय भूमिका दर्शाता है। शिवपुराण हो या विष्णु पुराण, भागवद में श्री विष्णु स्वयं को नारद कहते हैं। रामायण के संदर्भ में भी इन्हीं की भूमिका सदैव प्रमुख रही है। देवर्षि नारद धर्म को एक बहुत ही श्रेष्ठ प्रचारक के रूप में जाना गया है। नारद मुनि के पास उनका प्रमुख संगीत वाद्य वीणा है। इस वीणा के द्वारा वह सभी जनों के दुखों को दूर करते हैं। इस वीणा गान में वह सदैव नारायण का पाठ करते नजर आते हैं। अपनी वीणा के मधुर तान से वह सभी के कष्टों को दूर करने में वह सदैव ही अग्रणी रहे। नारद जी को ब्रह्मा से संगीत की शिक्षा प्राप्त हुई थी। नारद अनेक कलाओं और विद्याओं में निपुण रहे। नारद मुनि को त्रिकालदर्शी भी बताया जाता है। ब्रह्मऋषि नारद जी को शास्त्रों का रचियता, आचार्य, भक्ति से परिपूर्ण वेदों का जानकार माना गया। संगीत शास्त्र में भी इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। नारद मुनि के अनेकों कार्यों का वर्णन मिलता है, जो सृष्टि के संचालन में महत्व रखता है। श्री लक्ष्मी का विवाह विष्णु के साथ होना, भगवान शिव का देवी पार्वती से विवाह संपन्न कराना, उर्वषी और पुरूरवा का संबंध स्थापित करना, महादेव द्वारा जलंधर का विनाश करवाना, वाल्मीकि को रामायण की रचना निर्माण की प्रेरणा देना। व्यासजी से भागवत् की रचना करवाना इत्यादि अनेकों कार्यों को उन्हीं के द्वारा संपन्न होता देखा जाता है। हरिवंषपुराण के अनुसार दक्ष प्रजापति के हजारों पुत्रों को बार-बार संसार से मुक्ति एवं निवृति देने में नारद जी की अहम भूमिका रही। उन्हीं के वचनों को सुनकर दक्ष के पुत्रों ने सृष्टि को त्याग दिया। मैत्रयी संहिता में नारद को आचार्य के रूप में स्थापित किया गया है। यह शब्द सुनते ही हमारे मन में छवि बनती है देवर्षि नारायण की जो हाथ में वीना लिए भगवान विष्णु का नाम लेते हुए एक जगह से दूसरे जगह भ्रमण करते रहते हैं। उन्हे कठिन तपस्या से ब्रह्मर्षि का पद प्राप्त हुआ था। नारद बहुत ज्ञानी थे और इसी वजह से राक्षस हो या देवी-देवता सभी उनका बेहद आदर और सत्कार करते थे। देवर्षि नारद को महर्षि व्यास, महर्षि बाल्मीकि और महाज्ञानी शुकदेव का गुरू माना जाना है। कहते हैं कि नारद मुनि के श्राप के कारण ही भगवान राम को देवी सीता से वियोग सहना पड़ा था। नारद मुनि को अक्सर इधर की बात उधर करने के रूप में जाना जाता है। नारद मुनि के ही केवल ऐसे देवता थे जो कभी भी, किसी भी क्षण देवी-देवता, ऋषि, मुनि, असुर दैत्यों, स्वर्ग नरक, धरती, आकाश सर्वत्र जा सकते थे। उन्हें कभी किसी से आज्ञा लेने की आवष्यकता नहीं पड़ती थी। वो ब्रह्मचारी और ज्ञानी थे उन्होंने कई ऋषि-मुनियों के ज्ञान देकर धन्य किया है। मान्यता है कि देवर्षि नारद भगवान विष्णु के परम भक्त हैं। श्री हरि विष्णु को भी नारद अत्यंत प्रिय हैं। नारद हमेशा अपनी वीणा की मधुर तान से विष्णु जी का गुणगान करते रहते हैं। वे अपने मुख से हमेशा नारायण-नारायण का जाप करते हुए विचरण करते रहते हैं। यही नहीं माना जाता है कि नारद अपने आराध्य विष्णु के भक्तों की मदद भी करते हैं। मान्यता है कि नारद ने ही भक्त प्रह्लाद, भक्त अंबरीश और ध्रुव जैसे भक्तों को उपदेश देकर भक्ति मार्ग में प्रवृत किया। किन्तु अपने ही पिता के श्राप के कारण वे आजीवन कुंवारे रहे।

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज आप साझेदारी में कमाल दिखाएंगे और अपनी जिम्मेदारियां समय पर निभाकर सबका भरोसा जीतेंगे। हालांकि किसी बात पर बहस का माहौल बन सकता है, इसलिए शब्दों पर कंट्रोल रखें।

वृषः आज खर्चे जेब पर भारी पड़ सकते हैं, इसलिए सोच-समझकर कदम बढ़ाएं। विरोधी एक्टिव रहेंगे, लेकिन आप धैर्य से काम लेंगे तो जीत आपकी होगी। प्रॉपर्टी खरीदने का प्लान बन सकता है और लोन लेने का विचार भी आएगा।

मिथुनः आज आपकी पहचान और सम्मान में चार चाँद लगेंगे। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, जिससे दिल खुश हो जाएगा। पिता की सेहत को लेकर चिंता रह सकती है।

कर्कः आज किस्मत आपके पक्ष में है। काम के सिलसिले में यात्रा हो सकती है और सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी आपको सुकून देगी। माता-पिता का सहयोग रुके काम पूरे कराएगा।

सिंहः आज पैसा कमाने के नए मौके आपके सामने होंगे और आप उन्हें हाथ से जाने नहीं देंगे। किसी कानूनी मामले में भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

कन्याः आज आपके अंदर नई ऊर्जा का संचार रहेगा और आप कुछ अलग करने का जज्बा दिखाएंगे। अपनी समझदारी से लोगों को प्रभावित करेंगे। नया वाहन लेने का प्लान बन सकता है।

तुलाः आज दिल से नहीं, दिमाग से फैसले लें। जल्दबाजी नुकसान दे सकती है। जीवनसाथी के साथ खूबसूरत पल बिताने का मौका मिलेगा। बढ़ते खर्चों पर लगाम लगानी होगी।

वृश्चिकः आज जोखिम उठाने से बचना ही समझदारी होगी। बिजनेस में तकनीकी अड़चनें परेशान कर सकती हैं। किसी के बहकावे में आकर फैसला न लें। सही पार्टनर के साथ काम करना फायदेमंद रहेगा।

धनुः आज आलस्य आपके रास्ते की सबसे बड़ी बाधा बन सकता है। काम टालने से मुश्किलें बढ़ेंगी, इसलिए एक्टिव रहें। घर में बदलाव का मन बनेगा, लेकिन टालमटोल से काम अटक सकता है।

मकरः आज लाभ के संकेत साफनजर आ रहे हैं। दांपत्य जीवन की परेशानियां दूर होंगी और नया दोस्त जीवन में एंट्री ले सकता है। आपके नए प्रयास रंग लाएंगे।

कुंभः आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। काम को लेकर बहस हो सकती है, पर आपकी ऊर्जा आपको संभाल लेगी।

मीनः आज का दिन संतुलन बनाकर चलने का है। सोच-समझकर लिए गए फैसले आपको आगे बढ़ाएंगे।

QUIZ TIME

1) जेलैड वन्यजीव अभयारण्य, जो तेल अन्वेषण के कारण समाचारों में देखा गया था, किस राज्य में स्थित है?

2) क्रिस्टीन कार्ला कांगलू को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया, वे किस देश की राष्ट्रपति हैं?

3) दिदी की लाइब्रेरी पहल किस राज्य द्वारा शुरू की गई थी?

4) कौन सा कोयला पीएसयू भूमिगत खनन में पेस्ट फिल तकनीक अपनाने वाला भारत का पहला बन गया है?

5) अंगामी जनजाति मुख्य रूप से किस राज्य में पाई जाती है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मणिपुर (2) त्रिनिदाद और टोबैगो (3) बिहार (4) साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (5) नागालैंड

पहेली

शब्द सामर्थ्य -026

बाएं से दाएं

[illegible]

ऊपर से नीचे

[illegible]

सुशासन तिहार में मिला रोजगार का अधिकार, कठिया की महिलाओं के खिले चेहरे

■ मांग पर हुई त्वरित कार्रवाई, महिलाओं ने कहा अब परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकेंगी

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 के तहत आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान की पहल जमीनी स्तर पर असर दिखा रही है। जिले के अभनपुर विकासखंड के ग्राम कठिया में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में महिलाओं को मनरेगा जॉब कार्ड प्रदान किए गए, जिससे उनके जीवन में रोजगार की नई उम्मीद जगी है।

शिविर के दौरान ग्राम पंचायतों से जॉब कार्ड की मांग प्राप्त हुई थी। प्रशासन ने इन मांगों को प्राथमिकता देते हुए तत्काल कार्रवाई की और पात्र महिलाओं को मौके पर ही जॉब कार्ड सौंपे गए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सुश्री कलाबाई टंडन, सुश्री अश्वनी बाई गिलहरे, सुश्री परमेश्वरी पाल, श्रीमती बीजे बाई यादव और श्रीमती बसंती बाई यादव सहित अन्य हितग्राहियों को जॉब कार्ड वितरित किए।

जॉब कार्ड हाथ में आते ही महिलाओं की खुशी देखते ही बन रही थी। अब उन्हें मनरेगा के तहत नियमित रोजगार मिलने की राह आसान होगी, जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकेंगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

दिव्यांग योगेश यादव को मिली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में लोगों की समस्याओं, मांगों और शिकायतों का समाधान तो किया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जा रहा है। इसके लिए गांव-गांव में सुशासन तिहार 2026 के तहत शिविर लगाए जा रहे हैं। अभनपुर विकासखंड के ग्राम कठिया में आज जिले के पहले जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में पहुंचे ग्राम कठिया के ही दिव्यांग श्री योगेश यादव की मांग का तत्काल समाधान किया गया।

न्यूज गैलरी

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए राज्यपाल की संवेदनशील पहल

रायपुर/नवप्रदेश। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उपचार को लेकर राज्यपाल श्री रमेन डेका द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। उन्होंने एम्स के दंत रोग चिकित्सा विभाग को अपने स्वेच्छानुदान से 5 लाख रुपए की राशि प्रदान की थी, जिसके माध्यम से इन बच्चों के दंत रोगों का उपचार किया जा रहा है। आज राज्यपाल ने एम्स पहुंचकर दंत रोग चिकित्सा विभाग का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपचार के लिए आए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। बच्चों और उनके परिजनों से बातचीत करते हुए उन्होंने उपचार की प्रक्रिया और सुविधाओं के बारे में भी जाना। राज्यपाल ने चिकित्सकों और संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और सहज स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। एम्स के दंत विभाग में चल रही इस पहल से कई बच्चों को दंत रोगों से राहत मिल रही है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है।

आठवें वेतन आयोग के समक्ष रखा गया व्यापक मांग-पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के समक्ष राज्य के शासकीय, अर्धशासकीय, निगम-मंडल, शिक्षक एवं पेंशनभोगियों के हितों से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुवार सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों के वेतन, भत्तों एवं सेवा शर्तों में व्यापक सुधार की मांग करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन आयोग को प्रेषित किया है। फेडरेशन ने अपने ज्ञापन में न्यूनतम वेतन ?30,000 से ?32,500 प्रतिमाह निर्धारित करने तथा फिटमेंट फैक्टर को 2.57 से बढ़ाकर न्यूनतम 3.68 किए जाने की मांग की है। साथ ही, वेतन संरचना को सरल बनाते हुए वार्षिक वेतनवृद्धि 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत करने एवं 8-16-24-32 वर्ष की सेवा पर समयमान वेतनमान देने का सुझाव दिया गया है। महंगाई भत्ते के संबंध में फेडरेशन ने मांग की है कि 50 प्रतिशत से अधिक होने पर डीए को मूल वेतन में स्वतः विलय किया जाए तथा ढ्ढक्क के आधार वर्ष को अद्यतन किया जाए। गृह भाड़ा भत्ता (॥क्र) में वृद्धि करते हुए ङ्ग, ङ्घ, ँ श्रेणी के लिए क्रमशः 40त्न, 30त्न एवं 20त्न किए जाने तथा रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग-भिलाई को ङ्ग श्रेणी में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। अन्य भत्तों के अंतर्गत कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, चिकित्सा भत्ता ?3000 प्रतिमाह करने, यात्रा भत्ता में वृद्धि, संतान शिक्षा भत्ता ?4500 प्रति माह तथा जोखिमपूर्ण कार्यों में लगे कर्मचारियों को 20 प्रतिशत जोखिम भत्ता देने की मांग की गई है। पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभों में पुरानी पेंशन योजना (ह्रक्कस्) की बहाली, पेंशन को अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत + ष्ठ निर्धारित करने, पारिवारिक पेंशन 50 प्रतिशत करने तथा ग्रेच्युटी सीमा ?30 लाख तक बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। साथ ही, वरिष्ठ पेंशनरों को आयु के अनुसार अतिरिक्त पेंशन देने की मांग भी की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए फेडरेशन ने केंद्रीय दरों पर डीए, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, आदिवासी एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को 25 प्रतिशत विशेष भत्ता तथा शासकीय आवास सुविधा के विस्तार की मांग की है। इसके अतिरिक्त, सभी विभागों में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने, महिला कर्मचारियों हेतु चाइल्ड केयर लीव को 1000 दिन करने एवं क्रेच सुविधा उपलब्ध कराने, तथा समयबद्ध कैडर रिव्यू के माध्यम से पदोन्नति के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है।

सुशासन तिहार बना दिखावा,जनता के हजारों आवेदन ठंडे बस्ते में

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवलाल नरेटी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए राज्य सरकारके 1 मई से 10 जून 2026 तक प्रस्तावित ÷सुशासन तिहार÷ को पूरी तरह से दिखावा करार दिया है। पिछले साल भी सरकार ने सुशासन त्यौहार मनाया था और इसी महीने सरकार ने 1 से 15 अप्रैल तक प्रदेश के हर जिले में समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर लगाए, लेकिन इन शिविरों में आम जनता द्वारा दिए गए हजारों आवेदन आज तक लंबित पड़े हैं। सरकार जवाब दे कि पिछले साल सुशासन तिहार में प्रदेश से कुल कितने आवेदन आये और कितने आवेदनों का निराकरण हुआ? साय सरकार निठल्ली सरकार है जनता की तकलीफों से इन्हें कुछ भी लेना देना नहीं है। देवलाल नरेटी ने आरोप लगाया कि सरकार ने बड़े-बड़े दावे कर जनता को राहत देने की बात कही थी, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी मूलभूत समस्याओं–पानी, बिजली, सड़क, राशन और पेंशन जैसी जरूरी मांगों को लेकर शिविरों में पहुंचे थे, उम्मीद थी कि तत्काल समाधान मिलेगा, लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा, सरकार सिर्फ प्रचार और इवेंट मैनेजमेंट में लगी है। सुशासन तिहार के नाम पर जनता को भ्रमित किया गया, जबकि असल में यह सिर्फ कागजी औपचारिकता बनकर रह गया है।

शिक्षकों के समर्पण और प्रशासन की सतत निगरानी ने वनांचल के

अबूझमाड़ में शैक्षणिक क्रांति, ‘परीक्षा के डर’ को ‘जीत के उत्साह’ में बदल दिया

■ विकास का नया प्रतिमान, अबूझमाड़ से मुख्यधारा तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मानचित्र पर जिसे कभी दुर्गम और ‘अबूझ’ माना जाता था, आज उसी नारायणपुर ने अपनी बौद्धिक क्षमता का लोहा पूरे प्रदेश में मनवा लिया है। साल 2026 की बोर्ड परीक्षा के परिणामों ने यह सिद्ध कर दिया है कि बस्तर के घने जंगलों और अबूझमाड़ की वादियों में अब केवल संघर्ष की गूँज नहीं, बल्कि सफलता का शंखनाद सुनाई दे रहा है।

कक्षा 10वीं में समूचे छत्तीसगढ़ में दूसरा स्थान प्राप्त करना नारायणपुर के लिए महज एक आंकड़ा नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक शैक्षणिक क्रांति है। इतिहास गवाह है कि विकास की पहली सीढ़ी शिक्षा होती है। पिछले एक साल में नारायणपुर ने जो परिवर्तन देखा है, वह किसी चमत्कार से कम नहीं है। वर्ष 2025 में 84.96% के साथ 10वें स्थान पर रहने वाला यह जिला, महज़ एक साल में 94.80% की सफलता दर के साथ सीधे प्रदेश में दूसरे स्थान पर जा पहुँचा। वहीं, 12वीं के परिणामों में भी जिले ने अपनी रैंकिंग में 7 अंकों का शानदार सुधार करते हुए 12वां स्थान हासिल किया है। इस सफलता की पटकथा उन सरकारी स्कूलों की कक्षाओं में लिखी गई, जहाँ जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने मिलकर ‘मिशन मोड’ में काम किया। कलेक्टर के मार्गदर्शन में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई। मॉडल टेस्ट, प्री-बोर्ड परीक्षाओं और ‘रिमेडियल कक्षाओं’ के जरिए कमजोर विद्यार्थियों को मुख्यधारा में लाया गया। शिक्षकों के समर्पण और प्रशासन की सतत निगरानी ने वनांचल के बच्चों के भीतर ‘परीक्षा के डर’ को ‘जीत के उत्साह’ में बदल दिया। जब हम आधारभूत संरचना की बात करते हैं, तो अक्सर सड़कों की गिनती होती है। परंतु नारायणपुर ने साबित किया है कि वास्तविक विकास ‘मानव पूंजी’ का विकास है।

नारायणपुर का उदय, छत्तीसगढ़ का गौरव

जिले की इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विद्यार्थियों और जिला प्रशासन की सराहना की है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि नारायणपुर के बच्चों ने आज जो कर दिखाया है, वह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। अबूझमाड़ की माटी से निकलकर प्रदेश की मेरिट सूची में जगह बनाना यह साबित करता है कि हमारी सरकार की ‘शिक्षा-पहुँच’ नीति सफल हो रही है। नारायणपुर अब केवल अपनी संस्कृति के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी मेधा के लिए भी जाना जाएगा। इन नौनिहालों ने नक्सलवाद और पिछड़ेपन के अंधेरे को शिक्षा की रोशनी से परास्त कर दिया है।

आज होगी नीट 2026 की परीक्षा प्रशासन की सभी तैयारियां पूरी

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा का आयोजन 03 मई 2026, रविवार को देशभर के साथ रायपुर जिले में भी किया जाएगा। परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन हेतु नीट जिला समन्वयक एवं जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बैठक में परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी केंद्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करें। जिला नोडल अधिकारी (एन.टी.ए.) ने जानकारी दी कि रायपुर जिले में कुल 26 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रहेगा। परीक्षार्थियों को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक पहचान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षा केंद्रों में नकल प्रकरणों की रोकथाम हेतु तकनीकी संसाधन भी स्थापित किए गए हैं, जिससे परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से हो सके। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों से अपील की गई है कि वे समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचें तथा प्रवेश पत्र में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षा में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

व्यापारियों की सुविधा हेतु तेलीबांधा की यातायात व्यवस्था होगी सुव्यवस्थित

रायपुर/नवप्रदेश। तेलीबांधा क्षेत्र के व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही यातायात समस्याओं के निराकरण हेतु दिनांक 30 अप्रैल 2026 को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान यातायात पुलिस और नगर निगम के आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने जमीनी स्तर पर ट्रैफिक्र जाम और पार्किंग की अव्यवस्थाओं का जायजा लिया। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व ही तेलीबांधा क्षेत्र के व्यापारियों के एक समूह ने नगर निगम एवं यातायात विभाग द्वारा किये गये कार्यवाही से आहत होकर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी से मुलाकात कर क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव और उससे व्यापार पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से अवगत कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष थौरानी ने तत्काल यातायात पुलिस और नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क साधा, जिसके फ्लस्वरूप आज यह संयुक्त निरीक्षण सुनिश्चित हुआ। निरीक्षण के दौरान उपस्थित जनसमूह और अधिकारियों को संबोधित करते हुए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने कहा कि तेलीबांधा रायपुर का एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है।

10 को प्रयास विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा

■ सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होगी परीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के तहत प्रदेश के प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा 10 मई 2026 को होगी। इसी परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 1 मई से डाउनलोड किए जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 10 मई को सुबह 9:30 बजे तक निर्धारित की गई है। परीक्षा 10 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें अभ्यर्थियों को निर्धारित समय पर उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा।

वेबसाइट से डाउनलोड होगा प्रवेश पत्र

विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र आधिकारिक वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी छात्र को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में समस्या आती है, तो वे अपने जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जानिए क्या है प्रयास स्कूल

नक्सल प्रभावित जिलों के प्रतिभावान छात्रों के उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल और वाणिज्य विषय से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफ्ल होने के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय बनाया गया है। ये आदिवासी छात्रों के लिए एक स्कूल है। ये पूरी तरह से निशुल्क है।

जनगणना कार्य में लापरवाही पर सहायक शिक्षक निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण भवन क्रमांकन एवं मकान सूचीकरण के अंतर्गत प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए 15 से 17 अप्रैल 2026 तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलदुला में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी दुलदुला के प्रतिवेदन के अनुसार, जशपुर जिले के प्राथमिक शाला सरहापानी, ग्राम पतराटोली के सहायक शिक्षक सत्यजीत निराला बिना पूर्व सूचना या अनुमति के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे। इस पर उन्हें 19 अप्रैल 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया, लेकिन उन्होंने कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया।इसके बाद जिला स्तर से भी 21 अप्रैल 2026 को पुनः नोटिस जारी किया गया, परंतु संबंधित द्वारा अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया। प्रकरण में स्पष्ट हुआ कि श्री निराला ने जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में गंभीर लापरवाही बरती और उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की।

भारत मंडपम में होने जा रहा सबसे बड़ा ट्रेड फेयर

■ कैट की राष्ट्रीय कोर कमेटी की ऑनलाइन बैठक छत्तीसगढ़ से पारवानी हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरेंदर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंथन, श्री वासु माखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा आयोजित भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 आगामी 12 से 15 अगस्त तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन देश का अब तक का सबसे विशाल ट्रेड फेयर माना जा रहा है, जिसमें स्वदेशी उत्पादों एवं सेवाओं को वैश्विक मंच प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री अमर पारवानी, ने बताया कि इस महोत्सव में 2000 से अधिक प्रदर्शक, 5000 से अधिक व्यापारिक संगठन, 2 लाख से अधिक बिजनेस डेलीगेट्स तथा 10 लाख से अधिक आगंतुकों की भागीदारी अपेक्षित है। इसके साथ ही देश के 20 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों, 5000 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों, 10,000 एनआरआईध्ओसीआई और 200 मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना, घरेलू व्यापार को सशक्त करना, स्भ्स्ध्व सेक्टर को मजबूती देना तथा निर्यात को प्रोत्साहित करना है।

राज्य स्तर पर पहली बार मनाया गया विश्व पशु दिवस

पशु चिकित्सकों की भूमिका अहम, पशु क्रूरता को लेकर करें जागरूक

रायपुर/नवप्रदेश। दिनांक 25.04.2026 को राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय, अजिरमा अम्बिकापुर में छ.ग. राज्य बनने के बाद राज्य स्तर का विश्व पशु चिकित्सा दिवस पहली बार मनाया गया। इस अभूतपुर्व एवं गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राजेश अग्रवाल जी, मंत्री पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, छ.ग. शासन थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राजेश अग्रवाल जी ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य के बारे में बताये कि पशुओं के स्वास्थ्य और भलाई को बढ़ावा देना, पशु चिकित्सकों के कार्यों की सराहना करना, समाज में पशुओं के महत्व और उनके संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना, एवं पशु चिकित्सा विज्ञान में हो रहें शोध और नवाचारों पर ध्यान केंद्रित करना। इस भव्य कार्यक्रम को माननीय रामविचार नेताम मंत्री आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्यिगिकि विभाग, मछली पालन, पशुधन विकास छ.ग. शासन ने विडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित समस्त सम्मानीय, पशु चिकित्सकों एवं पशु पालन से जुडें गणमान्य नागरिकों को सम्बोधित किये। इस अवसर पर उन्होंने विश्व पशु चिकित्सा दिवस के इस वर्ष के थीम-पशु चिकित्सक भोजन एवं स्वास्थ्य के संरक्षक विषय में विस्तार से अपना विचार रखें।

माननीय विधायक श्री प्रबोध मिंज जी ने पशु चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पशुओं के स्वास्थ्य को समाज की समग्र सुरक्षा और खाद्य गुणवत्ता से जुड़ा बताया। कार्यक्रम में उपस्थित माननीय जनप्रतिनिधियों ने भी विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर पशु चिकित्सकों के समर्पण और उनकी अहम भुमिका के सराहना करते हुए इस क्षेत्र में निरंतर सुधार और जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। उक्त बृहद कार्यकम में पशुधन विकास विभाग के संचालक आदरणीय श्री चन्द्रकांत वर्मा सर (आई.ए.एस.) विशेष रूप से उपस्थित थे। तथा उन्होंने इस अवसर पर विश्व पशु चिकित्सा दिवस उद्देश्य के बारे में बताये कि पशु स्वास्थ्य देखभाल और पशु क्रूरता को रोकने के लिए कदम उठाने के बारे में लोगों को जागरूक करना है। एवं इस वर्ष 2026 के थीम जो पशु स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और आम जनता के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में पशु चिकित्सको की महत्वपूर्ण भुमिका के बारे में जानकारी दिये। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से माननीय श्री प्रबोध मिंज जी विधायक, लुण्ड्रा, माननीय श्री अनिल सिंह मेजर जी पुर्व अध्यक्ष, हस्त शिल्प विकास बोर्ड, माननीया श्रीमती मंजुषा भगत जी महापौर, नगर पालिक निगम अम्बिकापुर, माननीया श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया जी, अध्यक्ष कृषि स्थायी समिति, जिला पंचायत, सरगुजा, आदरणीय श्री रविन्द्र तिवारी जी, प्रतिनिधि माननीय कृषि मंत्री जी, आदरणीया श्रीमती राममणी पैंकरा जी, प्रतिनिधि माननीय विधायक जी विधानसभा क्षेत्र सीतापुर, आदरणीया श्रीमती श्वेता गुप्ता जी, पार्षद अम्बिकापुर, आदरणीय श्री शरद चन्द्र खरे जी, आदरणीय श्री कुनाल सिंग जी, विशेष रूप से उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने चोकावाड़ा में जनगणना कार्य का लिया जायजा

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिले में जनगणना प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आकाश छिकारा ने शुक्रवार को जगदलपुर विकासखंड के ग्राम चोकावाड़ा का दौरा कर जमीनी स्तर पर चल रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर जनगणना की प्रक्रिया को समझा और मौके पर प्रगणकों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया।ग्राम चोकावाड़ा में कलेक्टर ने स्थानीय निवासी सोमारी के घर पहुंचकर प्रगणक द्वारा पूछे जा रहे प्रश्नों, डेटा संकलन की प्रक्रिया और जानकारी दर्ज करने की पद्धति को बारीकी से परखा। उन्होंने परिवार के सदस्यों से संवाद कर जनगणना के महत्व को समझाया और बताया कि यह प्रक्रिया केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण आधार है।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपस्थित प्रगणकों और सुपरवाइजरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि डेटा प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की तकनीकी या मानवीय त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े सरकारी नीतियों, संसाधन आवंटन और जनहितकारी योजनाओं के निर्माण में आधार स्तंभ होते हैं, इसलिए प्रत्येक जानकारी की सत्यता और शुद्धता अनिवार्य है।

शानदार रहा परीक्षा परिणाम

अंतागढ़ /सेमरगाँव / नवप्रदेश। सेमरगाँव स्थित कोयामुरी बुमहोरकुल बिदया केतुल वल्लेकनार्र स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सामाजिक समरसता के साथ संचालित इस विद्यालय में बच्चें कक्षा पहली से चौथी तक कक्षाओं का संचालन है जहाँ पेनकड़ा मण्डाओं से जुड़े समुदायों के बच्चे एक साथ शिक्षा ग्रहण करते हैं, जहाँ आज जिसका 94% के शानदार परिणाम बच्चों का रहा । प्रांगण में हुआ सम्मान समारोह-परिणाम देखने के बाद स्कूल प्रांगण में सभी मेधावी छात्र/छात्रोंओं का सम्मान किया गया। परीक्षा परिणाम जारी करने के अवसर पर विशेष रूप से सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष संतराम सलाम और स्कूल संचालन समिति के अध्यक्ष मनाऊ गोटा,पालकों, सामाजिक पदाधिकारी व शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों को प्रगति-पत्र वितरित किए। इस दौरान बच्चों के द्वारा गोटुल और महापुरुषों की आकर्षक वॉल पेंटिंग ने आदिवासी संस्कृति की झलक पेश की। ब्लॉक अध्यक्ष संतराम सलाम ने कहा यह स्कूल सिर्फकिताबी ज्ञान नहीं दे रहा, बल्कि सामाजिक ज्ञान के साथ साथ सामाजिक समरसता के साथ समाज को जोड़ने का काम कर रहा है। यहां आदिवासी, गैर-आदिवासी सभी समुदायों के बच्चे एक साथ पढ़ते हैं। यही असली समरसता है। शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं।

संचालन समिति अध्यक्ष मनाऊ गोटा का आशीर्वाद:

94% परिणाम पूरे अपने स्कूल के लिए गर्व की बात है। बच्चों, तुम ही अपने समाज, परिवार और गांव का भविष्य हो। पेनपुरखे से कामना है कि तुम खूब पढ़ो, आगे बढ़ो और गांव-समाज का नाम रोशन करो।परिणाम घोषित के अवसर पर सामाजिक पदाधिकारी व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्यामू मरकाम, दलसु आचला, सरपंच सनबती आचला, शोभि नरेटी, अमर हुपेंडी, मनारो हिड़को, द्रोपति कड़ियाम सहित शिक्षक व पालकों की उपस्थित थे।

धनेलीकन्हार में सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने कार्यक्रम का शुभारंभ

कांकेर / नवप्रदेश। ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार में सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एनसीईआर डाटा के अनुसार शेष हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही सुशासन तिहार के अंतर्गत नए आवेदनों का निराकरण करने के लिए आवेदन भी प्राप्त किए गए। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अपर कलेक्टर कांकेर श्री अरुण वर्मा, सीईओ जनपद कांकेर श्री अश्वनी यादव, जनपद सदस्य श्री पंचूराम नायक एवं श्रीमती सरस्वती केमरो, उपसरपंच वेद कुमार उर्वसा, बस्तर मुन्ने नोडल श्री सुशील पोटाई, बीएमओ श्री शशांक गुप्ता, वरिष्ठ कृषि अधिकारी माया राम नेताम तथा क्लस्टर नोडल प्रणव मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कुम्हली में 'स्वस्थ बस्तर अभियान' का लिया जायजा

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में संचालित 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा ने शुक्रवार को जगदलपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कुम्हली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का गहन निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता का मूल्यांकन किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चिकित्सा दलों से चर्चा कर ग्रामीणों की जांच प्रक्रिया, पंजीयन व्यवस्था तथा उपचार प्रणाली की विस्तृत जानकारी ली।

संघर्ष का मिला सफल परिणाम: सीईओ, डीईओ और डीएमसी पहुंचे छात्रों के घर, दी बधाई

प्रदेश में 10वाँ स्थान लाने वाली महेश्वरी और यश खोब्रागढे दिव्यांग छात्र को जिला प्रशासन ने सराहा

■ **आर्थिक अभाव नहीं बनेगा पढ़ाई में बाधा, मेधावी विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग देंगे: हरेश मंडावी**

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कांकेर जिले की छात्रा कुमारी महेश्वरी और यश ने प्रदेश स्तर पर कक्षा 12वीं कला संकाय में दसवाँ स्थान प्राप्त कर जिले, परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। अत्यंत गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाली इस छात्रा की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिस्थितियाँ भी प्रतिभा और परिश्रम के आगे टिक नहीं सकतीं , सीईओ जिला पंचायत हरेश मंडावी के निर्देश पर यश को डीईओ और डीएमसी के माध्यम से शुभकामना संदेश प्रेषित किया गया है ।

जिला पंचायत सीईओ छात्रा के निवास स्थान पहुंचे

जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के निर्देश पर 'हमर लक्ष्य' अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी स्वयं छात्रा के निवास स्थान पहुंचे और उसे मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने छात्रा के माता-पिता को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी बच्चों ने कठिन हालातों में शानदार सफलता हासिल कर पूरे जिले के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है

जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद महेश्वरी और यश ने कला व वाणिज्य संकाय जैसे विषय में प्रदेश स्तर पर स्थान प्राप्त कर यह साबित किया है कि लगन, मेहनत और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ऐसे सभी प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों के साथ खड़ा है और उनकी पढ़ाई में गरीबी कभी बाधा नहीं बनने दी जाएगी। प्रशासन द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन, सहयोग और प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने आगे कहा कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में 'हमर लक्ष्य' अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, मार्गदर्शन और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं हेतु प्रेरित करना है।

उत्पादन क्षमता, तकनीकी प्रक्रिया और सुरक्षा मानकों का लिया जायजा

कलेक्टर पहुंचे नगरनार इस्पात संयंत्र, प्रगति और योजनाओं की ली जानकारी

■ **औद्योगिक प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर अधिकारियों से हुई विस्तृत चर्चा**

जगदलपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने शुक्रवार को नगरनार स्थित एनएमडीसी इस्पात संयंत्र का भ्रमण कर वहां की कार्यप्रणाली, उत्पादन व्यवस्था और सुरक्षा मानकों का सघन अवलोकन किया। इस दौरे का उद्देश्य संयंत्र की वर्तमान स्थिति,उत्पादन क्षमता तथा तकनीकी प्रक्रियाओं को समझना और औद्योगिक विकास की दिशा में उसकी भूमिका का मूल्यांकन करना रहा।

भ्रमण की शुरुआत सेफ्टी इंडक्शन हॉल के निरीक्षण से हुई, जहां कलेक्टर ने संयंत्र परिसर में लागू सुरक्षा नियमों,कार्यस्थल प्रोटोकॉल और आपातकालीन तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा को औद्योगिक संचालन की आधारशिला बताते हुए इस दिशा में अपनाए जा रहे उपायों की सराहना की। इसके बाद वे संयंत्र के मुख्य हिस्से ब्लास्ट फर्नेस पहुंचे,जहां कच्चे माल से लोहे के निर्माण की जटिल प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संयंत्र अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए उत्पादन क्षमता,वर्तमान प्रदर्शन और निर्धारित रेटेड क्षमता के अनुरूप संचालन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने यहां निर्मित विभिन्न फिनिश्ड प्रोडक्ट्स तथा उनकी बाजार उपयोगिता के संबंध में भी विस्तार से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि संयंत्र निरंतर बेहतर उत्पादन की दिशा में अग्रसर है और सभी तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।

औद्योगिक इकाइयों की कार्यक्षमता और जवाबदेही दोनों महत्वपूर्ण

नगरनार इस्पात संयंत्र का यह निरीक्षण केवल औपचारिक दौरा नहीं, बल्कि औद्योगिक संरचना की वास्तविक स्थिति को समझने का प्रयास था। सुरक्षा से लेकर उत्पादन तक हर स्तर पर समीक्षा कर प्रशासन ने यह संकेत दिया है कि औद्योगिक इकाइयों की कार्यक्षमता और जवाबदेही दोनों महत्वपूर्ण हैं। संयंत्र की उत्पादन प्रक्रिया,तकनीकी दक्षता और भविष्य की संभावनाओं पर हुई चर्चा से यह स्पष्ट हुआ कि नगरनार परियोजना क्षेत्रीय विकास की धुरी बन सकती है। यह दौरा प्रशासनिक सक्रियता और औद्योगिक प्रगति के संतुलित समन्वय का उदाहरण बनकर सामने आया।

मुख्यमंत्री दौरे से पहले पूरी हों सुशासन तिहार की तैयारियां

■ **शिविरों में त्वरित समाधान पर जोर**

जगदलपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को ध्यान में रखते हुए सुशासन तिहार की तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने बालोद,बस्तर, दुर्ग और मानपुर-मोहला जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तार से चर्चा कर तैयारियों की प्रगति जानी।

उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सुशासन तिहार के सभी शिविर समयबद्ध, व्यवस्थित और जनकेंद्रित हों। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे। शिविर स्थलों पर नक्शा-खसरा का निःशुल्क वितरण,सेवा सेतु स्टॉल के जरिए सेवाओं की जानकारी तथा पुलिस विभाग द्वारा साइबर अपराध एवं अन्य कानूनी जागरूकता अभियान संचालित किए जाने पर विशेष बल दिया गया।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ क्षेत्रीय मंत्री,विधायक,सांसद,जिला पंचायत पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए,ताकि शिविरों में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। उद्देश्य केवल योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि मौके पर समस्याओं का समाधान करना भी है। बैठक में बस्तर जिले की तैयारियों की जानकारी देते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा ने बताया कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में 28, नगर निगम जगदलपुर क्षेत्र में 5 तथा नगर पंचायत बस्तर में 4 शिविर आयोजित किए जाएंगे।

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ को मिला नया नेतृत्व

■ **नाम वापसी के बाद साफ हुआ रास्ता, संगठन में उत्साह का माहौल**

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा बस्तर को नया नेतृत्व मिल गया है। संघ के प्रतिष्ठापूर्ण जिला अध्यक्ष पद पर प्रधान अध्यापक संजय चौहान निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इस घोषणा के साथ ही संगठन के समर्थकों और कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई।जिला अध्यक्ष पद के निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद संगठन के भीतर काफी सक्रियता देखने को मिली। इस पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। इनमें तत्कालीन जिला अध्यक्ष व्याख्याता अजय श्रीवास्तव तथा प्रधान अध्यापक संजय चौहान शामिल थे। दोनों प्रत्याशियों ने अपने-अपने पक्ष में प्रचार-प्रसार भी प्रारंभ कर दिया था, जिससे कर्मचारियों के बीच चुनावी माहौल बना रहा।

निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 1 मई को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हुई। इसी दौरान अजय श्रीवास्तव ने कर्मचारी हित को प्राथमिकता देते हुए अपना नामांकन वापस लेने का निर्णय लिया। इसके बाद निर्वाचन नियमावली के अनुसार केवल एक प्रत्याशी शेष रहने से संजय चौहान को निर्विरोध जिला अध्यक्ष घोषित किया गया।संघ के संविधान के अनुरूप संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराई गई। निर्वाचन अधिकारी कैलाश चौहान तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी देवदास कश्यप और गणेश्वर नायक ने प्रक्रिया का संचालन किया। जैसे ही परिणाम की घोषणा हुई, समर्थकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया ।

कॉन्टिनेंटल के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़

■ **विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी से मरीजों को मिला समुचित परामर्श**

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सहज रूप से पहुंचाने की दिशा में कॉन्टिनेंटल छत्तीसगढ़ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। संजय बाजार परिसर स्थित श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में आयोजित इस दो दिवसीय शिविर ने पहले ही दिन लोगों का व्यापक विश्वास अर्जित किया। शिविर में सुबह 9 बजे से विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। ऑर्थो, न्यूरो, डाइटिशियन, यूरोलॉजी और जनरल मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों की उपस्थिति ने मरीजों को एक ही स्थान पर बहु-विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। शिविर में पंजीयन की प्रक्रिया त्वरित रखी गई, जिससे मरीजों को अनावश्यक प्रतीक्षा का सामना न करना पड़े।

सेवा का सराहनीय प्रयास

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर केवल उपचार का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी का परिचायक भी बनता है। ऐसे आयोजनों से उन लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मिल पाती है, जो सामान्य परिस्थितियों में बड़े अस्पतालों तक नहीं पहुंच पाते। कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल द्वारा आयोजित यह शिविर स्वास्थ्य जागरूकता, समय पर जांच और परामर्श की संस्कृति को मजबूत करने वाला कदम साबित हुआ।

श्रमिक दिवस पर जन सहयोग समिति ने किया मजदूरों का सम्मान

काँकेर /नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस पर जन सहयोग समाजसेवी संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी ने शहर के विभिन्न स्थलों पर जाकर मज़दूरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने वक्तव्य दिया कि दुनिया का कारोबार सिर्फ़ पैसे के बल पर नहीं चलता है, उसमें मज़दूर की भी ज़रूरत होती है और हम देखते हैं कि हमारे मज़दूर भाई रात दिन अधिक से अधिक मेहनत करते हैं । इसमें वे जानलेवा ठंड, बर्बादी की बाढ़ बरसात आग जैसी गर्मी सब कुछ झेलते हैं। अनेक प्रकार के दुख दर्द सहते हैं, तब कहीं जाकर उन्हें जीवन निर्वाह योग्य आजीविका मिलती है ।

जिला पंचायत सीईओ ने सुदूरवर्ती ग्राम कंदाड़ी में लगाई चौपाल

■ **आम पेड़ के नीचे जमीन पर बैठकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं**

कांकेर / नवप्रदेश। सुशासन तिहार और बस्तर मुन्ने अभियान के प्रथम दिवस जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी ने आज कोयलीबेड़ा विकासखंड के सुदूरवर्ती सरहदी ग्राम पंचायत कंदाड़ी में कोटरी नदी को पार करके पहुंचे, जहां पर आयोजित शिविर में उन्होंने आम पेड़ के नीचे ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर चौपाल लगाई और उनकी समस्याएं सुनीं। कभी अतिसंवेदनशील इलाके के तौर पर जाने जाने वाले इस ग्राम के ग्रामीणों ने पहली बार आला अधिकारी को अपने बीच पाकर काफी प्रसन्नता जाहिर की।

इस दौरान जिला सीईओ श्री मंडावी ने बताया कि बस्तर मुन्ने, सुशासन तिहार और नियद नेल्लानार योजना 2.0 में पूरे कोयलीबेड़ा ब्लॉक को शामिल किया गया है और प्रदेश सरकार की मंशानुसार कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार प्रत्येक पात्र हितग्राही को शासन द्वारा अधिसूचित 31 योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाया जाएगा।

साथ ही यह भी कहा कि जब तक प्रत्येक पात्र हितग्राही को इसका लाभ नहीं मिल जाता, तब तक शिविर लगाकर इसकी समीक्षा की जाएगी।

जल्द शुरू होगी नियमित पेयजल आपूर्ति

महापौर ने देखी अमृत मिशन की पाइपलाइन टेस्टिंग, लीकेज को बोले सामान्य प्रक्रिया

■ **प्रथम चरण में 12 से 13 वार्डों को मिलेगा स्वच्छ जल का लाभ**

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर में अमृत मिशन योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइनों की टेस्टिंग प्रक्रिया तेज़ी से जारी है। हाल ही में लाल चर्च, स्वर्गीय महेंद्र कर्मा बंगला और पुराने बस स्टैंड के समीप पानी का बहाव देख नागरिकों के बीच भ्रम की स्थिति बनी,जिसे लेकर महापौर संजय पांडे ने स्पष्ट किया कि यह कोई पाइपलाइन फटने या खराबी का मामला नहीं,बल्कि टेस्टिंग के दौरान होने वाली सामान्य तकनीकी प्रक्रिया है।

पानी का बाहर निकलना स्वाभाविक

महापौर संजय पांडे ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान एयरवॉल और टी-पॉइंट के लिए कुछ स्थान जानबूझकर खुले छोड़े जाते हैं। जब दबाव परीक्षण किया जाता है, तो इन बिंदुओं से पानी का बाहर निकलना स्वाभाविक है। वर्तमान में इन स्थानों पर एयरवॉल लगाने और पुरानी पाइपों के सुधार का कार्य चल रहा है।

उन्होंने शहरवासियों से अफवाहों पर ध्यान न देने और नियमित जल आपूर्ति को लेकर आश्वस्त रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि लगभग 100 करोड़ रुपये की स्वीकृति वाली इस महत्वाकांक्षी योजना में पूर्ववर्ती एजेंसियों और प्रशासनिक लेटलतीफी के कारण विलंब हुआ। वर्ष 2021-22 में नई एजेंसी को कार्य सौंपा गया,लेकिन समयबद्धता के अभाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। राज्य में नई सरकार के गठन के बाद योजना को पुनर्जीवित किया गया है। विधायक किरण सिंह देव के सहयोग से इंटेक वेल, ट्रीटमेंट प्लांट और सप्लाई लाइन की सफाई एवं टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है। टेस्टिंग के दौरान जो तकनीकी त्रुटियां सामने आ रही हैं, उन्हें तत्काल सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। गुणवत्ता परीक्षण पूर्ण होते ही प्रथम चरण में 12 से 13 वार्डों में नियमित जल आपूर्ति शुरू की जाएगी। निरीक्षण के दौरान निगम और निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

टेस्टिंग के दौरान जल बहाव सामान्य प्रक्रिया

अमृत मिशन योजना को लेकर शहर में जो शंकाएं पैदा हुई थीं, उन्हें तकनीकी परीक्षण की वास्तविकता ने स्पष्ट कर दिया है। पाइपलाइन टेस्टिंग के दौरान जल बहाव सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है और इसे लीकेज समझना उचित नहीं। वर्षों से लंबित इस योजना को अब गति मिली है। यदि निर्धारित समय पर परीक्षण और सुधार कार्य पूरे होते हैं,तो आने वाले दिनों में शहर के कई वार्डों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। यह योजना शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत आमदरहा में जनगणना कार्यों का किया निरीक्षण

जनगणना 2027 प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रारंभ

अनाधिकृत व्यक्तियों को गोपनीय जानकारी देने से बचें - वसंत

गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए सर्वे टीम को दिए निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य आज से प्रारंभ हो गया है, जोकि 30 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस चरण के तहत जिले के प्रत्येक मकानों का भौतिक सत्यापन करते हुए उसकी स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं एवं अन्य मूलभूत जानकारियों का संकलन किया जाएगा।

कलेक्टर अजीत वसंत ने जनगणना कार्यों की प्रगति का जायजा लेने हेतु ग्राम पंचायत आमदरहा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों से जनगणना प्रक्रिया की जानकारी ली तथा कार्य की गुणवत्ता के साथ समय पूर्व जनगणना कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण नागरिकों को जागरूक करने के लिए मुनादी कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई समस्त जानकारी जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एकत्रित आंकड़ों को सुरक्षित सर्वर पर एन्क्रिप्टेड रूप में संग्रहित किया जाए तथा किसी भी व्यक्ति विशेष की पहचान, नाम अथवा पता सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने जनगणना के नाम पर होने वाले संभावित फर्जीवाड़े से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि नागरिक केवल शासन द्वारा अधिकृत प्रगणकों को ही सही एवं सत्य जानकारी प्रदान करें। कलेक्टर वसंत ने कहा कि जनगणना देश के समग्र विकास की आधारशिला है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का निर्माण एवं संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, तहसीलदार कृष्णा कवंर सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

मंत्री अग्रवाल ने सदर साहू पेट्रोल पंप उद्घाटन समारोह में की शिरकत

लखनपुर/नवप्रदेश। विकास पथ लखनपुर क्षेत्र निरंतर अग्रसर है। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम रजपुरी कला राष्ट्रीय राजमार्ग 130 मे स्थित सदर साहू पेट्रोल पंप का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन राजेश अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद कमलभान सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू मंत्री प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल रवि अग्रवाल राकेश साहू जंप उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े महामंत्री विक्रम सिंह उपेन्द्र सिंह रहे। मंत्री अग्रवाल ने बाकायदा फीता काट कर पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। केबिनेट मंत्री एवं मचासीन अतिथियों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।बड़ी संख्या में आसपास के लोग कार्यक्रम में शामिल हुये। श्री अग्रवाल ने जनसमूह को सम्बोधित करते हुये कहा इस पेट्रोल पंप के खुल जाने से वाहन संचालकों को लाभ मिलेगा। दरअसल पेट्रोल पंप संचालक सुरेश साहू भाजपा जिला उपाधयक्ष दिनेश साहू के छोटे अनुज है। इस मौके पर गणमान्य लोगों सहित आसपास के ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित रहे।

युग तिवारी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 83.83% के साथ पाया प्रथम स्थान

सक्ती/नवप्रदेश। सेजेस सक्ती में अध्ययनरत विद्यार्थी युग तिवारी ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 83.83% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। युग तिवारी पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी विशेष रुचि रखते हैं वे पूर्व में शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंडर 14 टेनिस बाल क्रिकेट में राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में बिलासपुर संभाग की ओर से खेल चुके हैं। युग तिवारी श्रीमती अरुणा तिवारी , डॉ .चंद्र प्रकाश तिवारी प्रांतीय सचिव छ ग सर्व शिक्षक फेडरेशन के सुपुत्र हैं तथा स्व. पंडित भोमेश्वर प्रसाद तिवारी , तारा तिवारी के पोते हैं। इन्होंने अपने सफलता का श्रेय लगन व कड़ी मेहनत के साथ अपनी मम्मी पापा के साथ विद्यालय परिवार के प्रभारी प्राचार्य राजीव गुप्ता, कक्षा शिक्षिका सरिता मैम, अजय किशोर साह, युद्धवीर राठौर, सूरज राजपूत, प्रवीण सर,हेमंत चौबे सहित स्टाफ के समस्त शिक्षकों को दिया है।

अंबिकापुर में मिली 1965 की हस्तलिखित पत्रिका उदगार की दुर्लभ पाण्डुलिपि

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर के गोधनपुर क्षेत्र में हस्तलिखित मासिक पत्रिका उदगार की दुर्लभ पाण्डुलिपि के चार अंक प्राप्त हुए हैं, जो पूर्व प्राचार्य दिवाकर शर्मा के पास सुरक्षित पाए गए हैं। यह पत्रिका वर्ष 1965 में नगर के ख्यातिलब्ध साहित्यकार स्वर्गीय लक्षणधारी मिश्र द्वारा प्रारंभ की गई थी, जिसका पहला अंक मई 1965 में प्रकाशित हुआ था। राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत इन पाण्डुलिपियों का लोकेशन जियो-टैग करने का कार्य सर्वेयर अनूप बड़ा द्वारा किया गया। यह पाण्डुलिपियां अपने आप में विशिष्ट हैं, जिनमें प्रत्येक लेख को आकर्षक चित्रों के साथ सुसज्जित किया गया है। लगभग 50 पृष्ठों की इस पत्रिका के मई, जुलाई, अगस्त एवं अक्टूबर माह के अंक वर्तमान में सुरक्षित हैं। समय के प्रभाव से पाण्डुलिपियों की स्याही कई स्थानों पर धुंधली हो गई है तथा कागज भी क्षतिग्रस्त होने लगा है। ऐसे में श्री दिवाकर शर्मा द्वारा इनके संरक्षण हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। वे इनकी सामग्री को पुनः हस्तलिखित रूप में सुरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं, जो पूर्वजों की अमूल्य धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में सराहनीय पहल है।पत्रिका का संपादन स्वर्गीय लक्षणधारी मिश्र एवं मो. यासीन द्वारा किया गया था, जबकि प्रसिद्ध कवि स्वर्गीय अनिरुद्ध नीरव ने इसे सुंदर सुलेख में लिपिबद्ध किया था। उदगार में उस समय के समसामयिक विषयों पर आधारित लेख, गीत, कहानियां, कविताएं एवं कुंडलियां जैसी उच्चस्तरीय साहित्यिक सामग्री का समावेश किया गया है।

राशन नहीं मिलने से ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, दुकान संचालक को बनाया बंधक

लखनपुर/नवप्रदेश। राशन वितरण में लगातार हो रही अव्यवस्था और भारी गड़बड़ी के चलते ग्राम पंचायत रजपुरीकला में बड़ा हंगामा हुआ। गुरुवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा जब उन्हें महीनों से राशन नहीं मिल रहा था। राशन न मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने दुकान संचालक को ही बंधक बना लिया और आधी रात तक राशन वितरण के नाम पर हो रही गड़बड़ी का विरोध किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रजपुरीकला में करीब 700 राशन कार्डधारक हैं, जिनमें से कई महीनों से राशन नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दुकान संचालक हीरेंद्र राजवाड़े मनमर्जी से राशन का वितरण कर रहे हैं। अक्सर निर्धारित समय पर खाद्यान्न नहीं आता, और जब आता है तो वितरण में गड़बड़ी होती है। गुरुवार को भी माह का अंतिम दिन होने के कारण भीड़ उमड़ पड़ी, और दुकान देर रात तक बंद रही। ग्रामीणों के गुस्से के कारण दुकान संचालक को रात करीब 12.30 बजे घर जाने से रोक दिया गया।

मामले की सूचना मिलते ही लखनपुर टीआई संपत पोटाई अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी। इसके बाद मामला शांत हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान संचालक दो राशन दुकानों का संचालन करते हैं, जिससे राशन वितरण में अनियमितता हो रही है। ग्रामीणों की मानें तो राशन दुकान अक्सर मनमर्जी से खोलता है और जबरदस्त भीड़ होने के कारण राशन वितरण प्रभावित होता है। राशन न मिलने से परेशान ग्रामीण महिलाओं की स्थिति भी दयनीय रही। इनमें से कई को रातभर भूखे-प्यासे रहना पड़ा। ग्राम पंचायत रजपुरीकला में महिलाओं ने राशन नहीं मिलने का गम जाहिर किया और कहा कि यदि समय पर राशन मिल जाता तो उन्हें इतनी परेशानी नहीं होती। दुकान संचालक हीरेंद्र राजवाड़े ने बताया कि उनके पास दो राशन दुकानों का संचालन है और गुरुवार को सर्वर डाउन होने के कारण राशन वितरण नहीं हो पाया। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास चावल की कमी थी और समय पर खाद्यान्न नहीं मिल पाने के कारण यह स्थिति बनी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने पहले विभाग के उच्चाधिकारियों को त्याग पत्र दिया था, लेकिन फिर भी दुकान चला रहे हैं। विभागीय अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शुक्रवार को ग्राम रजपुरीकला में पहुंचे। खाद्य निरीक्षक, तहसीलदार और एसडीएम उदयपुर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अब नियमित रूप से राशन वितरण कराया जाएगा।

एसडीएम ने यह भी कहा कि दुकान संचालक को बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। यह घटना सिर्फ रजपुरीकला की नहीं है, बल्कि लखनपुर ब्लॉक की कई राशन दुकानों में इसी तरह की अनियमितताएं व्याप्त हैं। अब देखना है कि शासन और प्रशासन इन गड़बड़ियों को सुधारने में कितनी सफल हो पाते हैं। वक्त ही बताएगा कि इस समस्या का समाधान कब तक हो पाता है।

चोरी की बाइक सहित तीन गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। मणीपुर थाना क्षेत्र में चोरी की मोटरसाइकिल को लेकर हुई कार्रवाई में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना का मुख्य आरोपी रितिक रोशन ठाकुर ने अपने बयान में बताया कि उसने 27 अप्रैल को रात 8 बजे अपने सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल को हरि मंगलम होटल के सामने खड़ा किया था, ताकि वीडियो शूटिंग कर सके। जब वह रात 11:30 बजे वापस आया तो उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। इस घटना की रिपोर्ट कर पुलिस ने अपराध क्रमांक 77/2026 धारा 305 (क) के तहत मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र का सीसीटीवी फुटेज खंगाला और मुखबिर की सूचना पर आरोपी राजू नगेसिया, दिव्यांशु बघेल और विजय सोनकर को हिरासत में लिया। आरोपियों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी जप्त की है। गिरफ्तार आरोपियों में विजय कुमार सोनकर (20 वर्ष), दिव्यांशु बघेल (18 वर्ष), और राजू नगेसिया (19 वर्ष) शामिल हैं। सभी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सी.पी. तिवारी, सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक विजय रवि, आरक्षक उमाशंकर साहू सहित अन्य पुलिस कर्मी भी सक्रिय रहे। यह कार्रवाई शहर में बढ़ रहे चोरी के मामलों को रोकने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का संकेत है। पुलिस की तत्परता से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

डिजिटल जनगणना में बम्हनीडीह तहसील ने पकड़ी रफ्तार

शुरुवाती चरण मे ही शानदार प्रगति, कई एचएलबी में 100% कार्य पूर्ण

बम्हनीडीह/नवप्रदेश। *तहसिल क्षेत्र बम्हनीडीह मे डिजिटल जनगणना 2027 का कार्य सुव्यवस्थित तरीके से शुरू हो गया है। भारत सरकार द्वारा संचालित इस महत्वपूर्ण अभियान के पहले चरण मे हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का काम तेजी से किया जा रहा है।*

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन मे तहसिल स्तर पर जनगणना को प्राथमिकता देते हुए फील्ड मे अमला सक्रिय है। प्रगणक और सुपरवाइजर लगातार गांव गांव पहुंचकर मकान सूचीकरण, सत्यापन और डाटा एंट्री का कार्य कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा हर घंटे प्रगति की समीक्षा की जा रही है ताकि किसी भी क्षेत्र मे कार्य प्रभावित न हो। शुरुवाती चरण मे ही कई ब्लॉक मे 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण होना प्रशासन की सक्रियता और कर्मचारियों की मेहनत को दर्शाता है। तहसील प्रशासन ने नागरिकों से सही जानकारी देकर सहयोग करने की अपील की है ताकि यह राष्ट्रीय दायित्व सफल हो सके।

शुरुआत में ही दिखा प्रदर्शन

ग्राम बोरसी के हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रमांक 66 मे प्रगणक नवधा चंद्रा द्वारा पूरा मकान सूचीकरण कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इस उपलब्धि को अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। प्रशासन ने इसे बेहतर कार्य संस्कृति का उदाहरण बताया है।

निर्जन ग्राम का भी नियमानुसार सत्यापन

हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रमांक 74 के स्थलीय निरीक्षण मे क्षेत्र वीरान पाया गया, जहां कोई आवासीय इकाई मौजूद नही मिली। इसके बाद नियमानुसार उस ब्लॉक मे भी 100 प्रतिशत प्रविष्टि पूर्ण की गई। इससे स्पष्ट है कि हर क्षेत्र का तथ्यात्मक सत्यापन किया जा रहा है।

हर घंटे हो रही समीक्षा, शून्य प्रगति पर सख्ती

जनगणना कार्य की निगरानी के लिए Hourly Update System लागू किया गया है। सभी प्रगणकों और सुपरवाइजरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे रोजाना प्रगति दर्ज करें और किसी भी HLB मे शून्य प्रगति न रहे।

अधिकारियो के नेतृत्व मे चल रहा अभियान

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के मार्गदर्शन, जिला जनगणना अधिकारी संदीप ठाकुर के निर्देशन और तहसीलदार श्री सोनी के नेतृत्व अभियान संचालित हो रहा है। राजस्व अमला लगातार क्षेत्र भ्रमण, समीक्षा बैठक और फील्ड मार्गदर्शन देकर जनगणना कार्य को आगे बढा रहा है।

नीट परीक्षा आज: जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में रविवार, 3 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET-UG 2026) के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। जिले में परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया गया है। पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के निर्देशानुसार, परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजामों के साथ-साथ तकनीकी निगरानी के लिए जैमर्स और सीसीटीवी कैमरे भी सक्रिय कर दिए गए हैं।

दो केंद्रों पर होगी परीक्षा, पुलिस बल तैनात

जिले में कुल दो परीक्षा केंद्र-केंद्रीय विद्यालय मनेन्द्रगढ़ और केंद्रीय विद्यालय झगराखंड बनाए गए हैं। इन केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने शनिवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक, मनेन्द्रगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले और झगराखंड थाना प्रभारी निरीक्षक वासुदेव परगनिहा ने निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था और प्रवेश द्वारों पर जांच प्रक्रिया की समीक्षा की।

तकनीकी निगरानी और सघन जांच

नकल रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों पर जैमर स्थापित किए गए हैं, ताकि मोबाइल या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल का उपयोग न हो सके। अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश देने से पहले DFMD (डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर) और HHMD (हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) से गुजरना होगा। पूरी परीक्षा प्रक्रिया की सीसीटीवी कैमरों के जरिए मुख्यालय से सीधी निगरानी की जाएगी।

इन वस्तुओं पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

परीक्षा हॉल में किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों को रोकने के लिए लंबी सूची प्रतिबंधित की गई है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे साथ में निम्नलिखित वस्तुएं न लाएं। इलेक्ट्रॉनिक सामानः स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, पेन ड्राइव, ईयरफोन, कैलकुलेटर, कैमरा। अन्य सामग्रीः पर्स, वॉलेट, गॉगल्स, किसी भी प्रकार की ज्वेलरी, एक्सेसरीज, पेपर चीट्स और नोटबुक।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

मौजूदा स्काडा प्रणाली का उन्नयन हेतु निविदा सूचना

निविदा संख्या : टीआरडी-बीएसपी-EPC-02-26-27 दिनांक : 23.04.2026
कार्य का नाम : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में मौजूदा स्काडा प्रणाली का उन्नयन।
निविदा मूल्य : ₹ 18,53,07,070.00/-।
बयाना राशि : ₹ 37,06,200.00/-।
निविदा जमा करने की तिथि व समय : दिनांक 21.08.2026 के 15:00 बजे तक।
पात्रता के मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर पधारें। निविदा सूचना को वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी देखे जा सकते हैं।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (TRD)
सीपीआर/10/67 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

शिविर

सुशासन तिहार 2026 के तहत बरकेला क्लस्टर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

कलेक्टर ने शिविर में ग्रामीणों से सीधे संवाद कर सुनीं

शिविर में 454 आवेदनों का विभागों द्वारा त्वरित निराकरण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2026 के तहत गांव-गांव, द्वार द्वार सुशासन की सरकार पहुंच रही है जोकि 10 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

इसी क्रम में आज अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बरकेला क्लस्टर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 25 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए और अपनी मांग एवं शिकायतों के लेकर 494 आवेदन दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा 454 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। शेष आवेदनों को जांच पश्चात् आवेदकों को निराकरण की सूचना दी जाएगी। शिविर में कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, मत्स्य सहित कुल 27 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कई मांगों का मौके पर निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया।जनसमस्या निवारण शिविर में जनप्रतिनिधियों द्वारा छात्रों को जाति प्रमाण पत्र, हितग्राहियों को जॉब कार्ड, स्वीकृत पेंशन, आयुष्मान कार्ड,राशन कार्ड, ऋण पुस्तिकाएं, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, बिजली बिल छूट एवं सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। साथ ही महिला समूहों को आजीविका संवर्धन हेतु सीआईएफ राशि जारी की गई। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया। कलेक्टर अजीत वसंत एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल शिविर में शामिल हुए और विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोगों की मांग एवं शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर वसंत ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी मांगे एवं समस्याएं सुनीं। उन्होंने कई मांगों का मौके पर निराकरण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा प्राप्त शिकायतों पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मुंगेली (छ.ग.)

Email- eemun-phe-cg@nic.in phone- 07755-205475

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्र. 06/ले.शा./ का.अभि./ लो.स्वा.या. खण्ड / 2026-27 मुंगेली, दिनांक 27.04.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा क्र 06 विकासखण्ड लोरमी के ग्राम चरनीटोला में विभिन्न कार्य के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

स. क्र.	विवरण	कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर की राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने अवधि वर्षा ऋतु सहित	ठेकेदार की श्रेणी	निविदा की वैद्यता अवधि
1	विकासखण्ड लोरमी के ग्राम चरनीटोला में बोड़तरा-पथर्रा-राम्हेपुर-डिंडौरी मुख्य मार्ग चौड़ीकरण के कारण पाईप लाईन विस्थापन एवं 98 नग एफ.एच.टी.सी. लघु निर्माण एवं अन्य लघु निर्माण कार्य के अंतर्गत (डिपाजिट मद) में प्राप्त राशि से पाईप लाईन बिछाने जोड़ने एवं अन्य समस्त सिविल कार्य । (संलग्न शेड्यूल अनुसार) 1. 90 mm dia 6kg UPVC Pipe - 1400 Mtr. 2. 110 mm dia 6kg UPVC Pipe - 500 Mtr. 3. 90 mm dia 10kg UPVC Pipe - 250 Mtr. 4. FHTC - 98 Nos	19.85	14900.00	750.00	03 माह	D & Above	04 माह निविदा दर प्राप्त होने की निर्धारित तिथि से

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी जैसे-पात्रता की शर्तें, मापदण्ड, प्राक्कलन इत्यादि अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखे जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19/05/2026 सायं 5:30 बजे तक है।

कार्यपालन अभियंता
लो.स्वा.यां. खण्ड, मुंगेली (छ.ग.)

जी- 262700484/3

गोल बाजार में जुटे सैकड़ों मजदूर, राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों का योगदान महत्वपूर्ण

मुंगेली/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई के अवसर पर पूरे देश और प्रदेश की तरह जिले में भी श्रमिकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रमिकों के संघर्ष और उनके योगदान को याद किया गया। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस द्वारा जिला अध्यक्ष आनंद सोनी के नेतृत्व में नगर के गोल बाजार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मजदूरों ने सहभागिता निभाई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज व राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करना था। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि मजदूर देश की आर्थिक रीढ़ हैं और उनके बिना विकास की कल्पना अधूरी है। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, गांधी वार्ड के पार्षद विनय चोपड़ा, नीरज यादव, नौशाद खान, काकू खान सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित रहे। श्रमिकों के प्रति अपना आत्मीय सम्मान व्यक्त करने के लिए जिला अध्यक्ष आनंद सोनी ने अपने निवास स्थान पर 'बोरे बासी' दिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन

'बोरे बासी' का सेवन किया। इस पहल पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बोरे बासी न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि यह हमारे मेहनतकश श्रमिकों का मुख्य और पौष्टिक आहार भी है। बोरे बासी दिवस मनाकर हम उन लाखों मजदूरों को नमन करते हैं, जो भीषण गर्मी में भी पसीना बहाकर देश की प्रगति में अपना योगदान देते हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष, असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस आनंद सोनी ने कहा कि मजदूर हमारे समाज की असली ताकत हैं। उनके परिश्रम से ही देश आगे बढ़ता है। हमारा प्रयास है कि उनके अधिकारों की रक्षा हो और उन्हें सम्मानजनक जीवन मिले। बोरे बासी का सेवन कर हमने उन श्रमिकों के प्रति सम्मान प्रकट किया है जो अपनी मेहनत से समाज को सींचते हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने कहा कि मजदूर वर्ग हमेशा से विकास की धुरी रहा है। हमें उनके हितों की रक्षा के लिए निरंतर काम करना होगा और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने कहा कि मजदूर दिवस हमें यह याद दिलाता है कि समाज के हर वर्ग को समान अवसर और सम्मान मिलना चाहिए। मजदूरों के अधिकारों के लिए हम हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। पार्षद गांधी वार्ड विनय चोपड़ा ने कहा कि श्रमिकों का योगदान अमूल्य है।

न्यूज गैलरी

निधि मल्लाह ने 5वीं में हासिल किए 89.50 प्रतिशत अंक

मुंगेली/नवप्रदेश। जेसीज पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल की

छात्रा कु. निधि मल्लाह ने कक्षा 5वीं में उत्कृष्ठ अंक अर्जित की है। उन्होने कक्षा 5वीं में 89.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल सहित नगर एवं अपने परिवार का नाम रोशन की है। कु. निधि मल्लाह को उनके शिक्षक एवं माता-पिता ने मिठाई खिलाकर बधाई दी और सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कु. निधि मल्लाह शुरू से ही मेधावी छात्रा है, उन्होने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक एवं माता-पिता को दिया है।

10वीं में शुभम ने प्राप्त किए 93.6% अंक, 12वीं में हर्ष अव्वल

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका मे 30 अप्रैल को कक्षा 9वी एवं 11वी का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें शाला के समस्त स्टाफउपस्थित रहे। कक्षा 10वी एवं 12वी में प्रथम आने वाले वाले छात्र को उनके परिवार को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी गई। जिसमें 12वीं मे हर्ष पाण्डेय पिता विजय पाण्डेय 82.8 प्रतिशत, कक्षा 10वीं में शुभम बंजारा पिता छोटू बंजरा 93.6 प्रतिशत, विद्यालय में 12वी का परिणाम 89.6 प्रतिशत एवं 10वी में 94.6 प्रतिशत रहा। प्राचार्य विजय सोनी, केएल देवागन, राधेश्याम राय, बलदेव ध्रुव, प्रकाश नेताम, मनोज राठौर, लता ठाकुर, पैकरा मेम, प्रीति परिहार, रत्ना सोनवानी, पुनीता मिश्रा, इन्द्राणी यादव सभी व्याख्याता उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी को बधाई दी।

हाई स्कूल में रागनी और हायर सेकेंडरी में खुशी ने लहराया परचम

मुंगेली/नवप्रदेश। हायर सेकेंडरी स्कूल डांडगांव का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वार्षिक परीक्षा 2026 में एम 90 प्लस लक्षित उद्देश्य को ध्यान में रखकर के अध्यापन कार्य कराया गया। जिनमें विद्यालय में हायर सेकेंडरी परीक्षा 12वीं में शत प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 वीं में परिणाम 91.66 प्रतिशत रही। जिनमें कु. रागनी 90.16 प्रतिशत से कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक से विद्यालय में प्रथम व राधिका भार्गव 90 प्रतिशत से द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं में 88.8 प्रतिशत से खुशी भार्गव प्रथम स्थान अर्जित किया। आंचल 88 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान में रहे। बच्चों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन में प्राचार्य बीपी पाली, एसएस पोर्ते, एलके खांडे, एमआर चंद्राकर, एसडी बांधले, शैलेन्द्र रात्रे, शैलेश कुमार, पीके बंजारे आदि ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

10वीं बोर्ड में 98.83% अंकों के साथ प्रदेश में दूसरा स्थान

मुंगेली/नवप्रदेश।- सरस्वती शिशु मंदिर की मेधावी छात्रा नंदिता देवांगन ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 600 में से 593 अंक 98.83 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। नंदिता की इस उपलब्धि से पूरे जिले में हर्ष का माहौल है और जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। नंदिता देवांगन पिता राजकुमार देवांगन की सुपुत्री हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार सहित परिजन एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने नंदिता को इस उत्कृष्ट सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि नंदिता की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शेलेष पाठक, आशीष मिश्रा, सुनील पाठक, कोटू दादवानी एवं पारिवारिकजन उपस्थित थे।

निधन

आलोक सेन

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक अशोक सेन के सुपुत्र आलोक सेन का 1 मई शुक्रवार को शाम 7 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 मई को खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर संस्थान में उमड़ा परीक्षार्थियों का उत्साह

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ से संबद्ध डॉ. ब्रॉस मास्टर-की एकेडमी द्वारा बुद्ध जयंती के अवसर पर नीट, जेईई, बीएससी नर्सिंग, सीयूईटी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए छठवीं बार 45 दिवसीय निःशुल्क क्रैशकोर्स कोचिंग का आयोजन किया गया।

सर्व प्रथम तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर बुद्ध वंदना की गई। तत्पश्चात विद्यालय के कक्षा 10 वीं में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा भावना साहू एवं 12 वीं में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा रक्षा साहू का मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। उसके बाद डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर में नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी के गाइड लाइन के अनुसार प्रातः 9 से 12 बजे तक नीट प्री मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व कोचिंग टीम द्वारा आधार कार्ड, प्रवेश पत्र एवं फोटो की जांच की गई।

निर्धारित समयानुसार प्रश्न पत्र एवं ओ.एम.आर. शीट के पैकेट को सीनियर डायरेक्टर राजेन्द्र दिवाकर तथा केन्द्राध्यक्ष श्रीमती आशा दिवाकर द्वारा खोला गया। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र (बुकलेट) एवं ओ.एम.आर. सीट वितरित किये गये। परीक्षा के दौरान आब्जर्वर प्रादेशिक सचिव एवं व्यवस्थापक एच.आर.भास्कर, वेदराम चतुर्वेदी सेवानिवृत तहसीलदार, तथा जगदीश प्रसाद कांत ने परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। परीक्षा उपरांत परीक्षार्थियों से ओ.एम.आर. सीट की मूल प्रति एकत्रित कर कार्बन प्रति वापस दी गई। परीक्षा समाप्त होते ही आंसर-की जारी किया गया। परीक्षा पश्चात छात्रों से फीडबैक भी लिया गया। मॉक टेस्ट के प्रति परीक्षार्थियों में काफी उत्साह देखा गया। उक्त टेस्ट के आयोजन में वीक्षक का कार्य प्रेमचंद टंडन, तोपचंद दिवाकर ने किया। कोचिंग, प्रशिक्षण, प्रश्न पत्र एवं परीक्षा व्यवस्था आदि की तैयारी करने में कोचिंग टीम के सदस्यों साहू सर, नरेश कुमार, का विशेष योगदान रहा। अंत में संस्था के पदाधिकारियों द्वारा कोचिंग प्राप्त करने वाले छात्रों, अभिभावकों तथा कोचिंग टीम के सदस्यों के साथ बैठक पश्चात् मुख्य नीट परीक्षा के प्रवेश पत्र का वितरण किया गया। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर व्यवस्थापक एच.आर.भास्कर एवं अभिभावकों के मार्गदर्शन में उक्त नीट प्री मॉक टेस्ट का आयोजन सफल रहा।

लंबित मामलों का आपसी सहमति से किया निपटारा

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर/नवप्रदेश। न्याय प्रणाली को अधिक सरल, सुलभ और त्वरित बनाने के उद्देश्य से भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस पहल के तहत 'समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026' का आयोजन किया जाएगा, जिसका मुख्य लक्ष्य लंबित मामलों का आपसी सहमति से निपटारा करना है। इस अभियान की शुरुआत 21 अप्रैल 2026 से हो चुकी है, और इसका समापन 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के रूप में आयोजित किया जाएगा। यह विशेष अदालत माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में स्थापित की जाएगी, जहां लंबित मामलों को विवादों का सौहार्दपूर्ण और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए निपटाया जाएगा।

इस प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए पहले ही राज्य, जिला, तालुका और उच्च न्यायालय स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरण एवं समितियों के माध्यम से सुलह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थों की सहायता ली जाएगी, जो पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित कर विवादों का डुद्वद्धष्डुड्डद्घद्ग समाधान निकालने में मदद करेंगे। इस पहल का उद्देश्य न केवल मामलों का जल्दी समाधान करना है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और आपसी समझ को भी बढ़ावा देना है।

आवेदकों और वादकारियों को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वे अपने मामले को इस विशेष लोक अदालत में शामिल कराने के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से भाग ले सकते हैं। इसके लिए एक गूगल फॉर्म भी उपलब्ध कराया गया है, जिसे भारत के सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भरा जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है। यह पहल न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और तेजी से पूरा करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल विवादों का जल्दी समाधान होगा, बल्कि समाज में न्याय के प्रति भरोसा भी मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री को दिया मुंगेली आगमन का निमंत्रण

मुंगेली/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 10 मई को मुंगेली आगमन हेतु आमंत्रित करने के लिए विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान साहू समाज, ठाकुर समाज एवं सतनामी समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 10 मई के कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आमंत्रण एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताते हुए मुंगेली आने का आश्वासन दिया। इस अवसर

पर ठाकुर समाज के अध्यक्ष वल्लभ सिंह, लोकनाथ सिंह, प्रदीप सिंह, धनराज सिंह, मानस बैस, राणा प्रताप सिंह, शिवकुमार बंजारा, लेखू साहू, लालाराम साहू, राकेश साहू सहित समाज के अन्य प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा अनेक विकास कार्यों के लोकार्पण, उद्घाटन एवं शिलान्यास के कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि 10 जून को सुशासन तिहार का समापन भी है। ऐसे में मुख्यमंत्री जिले से ही सुशासन तिहार का समापन करेंगे। संगठन एवं प्रशासन मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुट चुका है। भेंट के दौरान क्षेत्रीय विकास, सामाजिक समरसता एवं आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। यह जानकारी जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने दी।

बतौली के चिरंगा व नपं लखनपुर में जनसमस्या निवारण शिविर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत सरगुजा जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विभिन्न ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में 2 मई 2026 (शनिवार) को जिले के लुण्ड्रा एवं बतौली विकासखंड सहित नगरीय क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।लुण्ड्रा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डकई (पंचायत भवन के पास) में आयोजित शिविर में कुन्दीकला, केपी, कोरिमा, डकई, राता, बदगरी, बकनाकला, सेमरडीह, उदारी, बुलगा, लालमाटी, सुमेरपुर, पुरकेला, रघुनाथपुर, बटवाही, जमड़ी, चलगली एवं खालपोडी सहित कुल 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे।

उक्त शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लुण्ड्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत लुण्ड्रा उपस्थित रहेंगे।इसी प्रकार बतौली विकासखंड अंतर्गत चिरंगा (उप स्वास्थ्य केंद्र बगीचा के पास) में आयोजित शिविर में चिरंगा, मांजा, खड़धोवा, भटको, करदना, कालीपुर, झरगवां, गहिला, देवरी, बेलकोटा, कुनकुरी, बतौली, बासेन एवं गाविन्दपुर सहित 14 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण भाग लेंगे। इस शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सीतापुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बतौली उपस्थित रहेंगे।वहीं नगर पंचायत लखनपुर में 2 मई 2026 को दुर्गा मंडप के पास वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 के नागरिकों के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

कार्य में लापरवाही पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुन्नी के स्वीपर शिवरात्र तिर्की निलंबित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा बीते 02 अप्रैल 2026 को विखं लखनपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुन्नी का औचक निरीक्षण किया गया था।

निरीक्षण के दौरान स्वीपर शिवरात्र तिर्की अपने कार्य से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये एवं अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतना पाया गया। इस संबंध में कलेक्टर वसंत के निर्देशानुसार उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसका जवाब प्रेषित नहीं किया गया। जवाब अप्राप्त होने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जांच दल गठित कर जांच कराई गई, जांच प्रतिवेदन अनुसार यह पाया गया कि शिवरात्र प्राथमिक स्वा. केन्द्र कुन्नी में दैनिक उपस्थिति दर्ज कर संस्था से नदारद रहते हैं। उन्हें इस संबंध में कई बार चेतावनी एवं समझाइश दी गयी थी। कार्य में सुधार नहीं आने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आदेश जारी किया गया।

नन्हें सितारों की रचनात्मक उड़ान: लिटिल मिलेनियम में समर कैंप संपन्न

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। स्थानीय लिटिल मिलेनियम प्रीस्कूल में आयोजित नौ दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का भव्य समापन हुआ।

21 से 30 अप्रैल तक चले इस शिविर में बच्चों ने खेल-खेल में जीवन कौशल सीखे। शिविर का प्रतिदिन शुभारंभ योग, ध्यान और जुम्बा से होता था, जिससे बच्चे ऊर्जावान बने रहे। ?कैंप के दौरान 'फ्रूट्स आर्ट', 'क्ले मॉडलिंग' और 'ष्ठद्बङ्घ क्राफ्ट' जैसी गतिविधियों से बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

साथ ही 'अल्फाबेट ट्रेजर हंट' और 'बैलेंस द कप' जैसे खेलों से उनका मानसिक व शारीरिक विकास हुआ। शिविर में 'स्टोरी टेलिंग' के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा दी गई, जबकि 'पूल पार्टी' और 'मूवी डे' ने उनके उत्साह को दोगुना कर दिया। अंतिम दिन 'नो फ्लेम कुकिंग' के जरिए बच्चों को आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया गया।

?मुख्य प्रशिक्षिका स्मृति गुप्ता ने बच्चों को अनुशासन की सीख दी। स्कूल संचालक मो. फिरोज़ ने आयोजन की सफलता का श्रेय अपनी पूरी टीम को दिया और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सशक्त मंच बताया।

पेज 1 का शेष...

कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर में...

ुरंत रेस्क्यू किया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण 3 जवानों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल जवान परमानंद कोर्राम को बेहतर इलाज के लिए कांकेर रवाना किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

सर्च ऑपरेशन के दौरान हुआ धमाका

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम डी-माइनिंग, एरिया डॉमिनेशन और सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना हुई थी। टीम को सूचना मिली थी कि माओवादियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए रास्ते में आईईडी छिपाकर रखे हैं। अभियान के दौरान जब जवान एक आईईडी को निष्क्रिय करने की कोशिश कर रहे थे, तभी उसमें जोरदार विस्फोट हो गया।

बस्तर आईजी बोले- सूचना के आधार पर चल रहा था अभियान

बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि, सरेंडर कर चुके नक्सलियों से मिले इनपुट के आधार पर पिछले कुछ महीनों से लगातार आईईडी बरामदगी का अभियान चलाया जा रहा है। आज का अभियान भी उसी का हिस्सा था। इस दौरान हादसा हुआ।

नक्सलमुक्त घोषित होने के बाद पहली बड़ी घटना- 31 मार्च को राज्य को सशस्त्र माओवादियों से मुक्त घोषित किया गया था। इसके बाद यह पहली बार है, जब बारूदी सुरंग विस्फोट में सुरक्षाबलों के जवान शहीद हुए हैं। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि नक्सलियों द्वारा पहले बिछाई गई बारूदी सुरंगें अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई हैं।

इलाके में सुरक्षा बढ़ाई गई, जांच जारी

घटना के बाद पूरे इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षाबल सघन तलाशी अभियान चला रहे हैं और विस्फोट के कारणों की गंभीरता से जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि बस्तर क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को पूरी तरह खत्म करने के लिए अभियान और तेज किया जाएगा। शहीद जवानों का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा।

जीवित महिला को कागजों...

तथ्य सामने आया है कि यह गलती स्थानीय नगर पंचायत की नहीं, बल्कि IDAI के हैदराबाद हेडक्वार्टर की है। दरअसल, जब हलीमा के पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया गया, तो उसमें पत्नी का आधार नंबर भी लिंक था। हैदराबाद सेंटर के कर्मचारियों की लापरवाही से पोर्टल पर पति के साथ-साथ जीवित पत्नी को भी 'मृत' दर्ज कर दिया गया।

ट्रम्प बोले-पागलों के...

नाम पर ही क्यों न दिया जाए। जहाजों का ट्रैफिक 90% घटाः होर्मुज में जहाजों की आवाजाही लगभग बंद हो गई है। पहले जहां हर दिन करीब 130 जहाज गुजरते थे, अब सिर्फ 10 से भी कम जहाज जा रहे हैं। ट्रम्प को हमले की ब्रीफिंगः अमेरिका की सेंट्रल कमांड के कमांडर ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ईरान के खिलाफ संभावित हमला करने के विकल्पों की जानकारी दी।

चिकित्सा उपलब्धिः देश का...

का उपयोग शुरू हो चुका है। विशेषज्ञों की टीम डॉ. शैलेश गायकवाड़ के नेतृत्व में मरीजों की जांच कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार, यह तकनीक स्ट्रोक, सिर की चोट, आईसीयू मॉनिटरिंग, बच्चों के मामलों और सर्जरी के बाद की देखभाल में बेहद कारगर है।

आपात स्थितियों में तेजी से निर्णय में मदद

विशेषज्ञों का कहना है कि अल्ट्रा-लो-फील्ड तकनीक पर आधारित यह पोर्टेबल एमआरआई आपात स्थितियों में तेजी से निर्णय लेने में मदद करेगा, खासकर तब जब पारंपरिक इमेजिंग कराना कठिन या जोखिम भरा हो। इस पहल को नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद लागू किया गया है, जिसमें रेडियोसर्जरी ग्लोबल का सहयोग भी शामिल है।

स्वास्थ्य तंत्र को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, यह पहल देशभर में ब्रेन इमेजिंग की पहुंच बढ़ाने के साथ पॉइंट-ऑफ केयर न्यूरोडायग्नोस्टिक्स के क्षेत्र में शोध को नई दिशा देगी। इसे भारत के स्वास्थ्य तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम उपलब्धि माना जा रहा है।

चुनाव आयोग को नियुक्ति...

तरह से चुनाव आयोग की अपनी संतुष्टि पर निर्भर करती है। कोर्ट ने कहा कि नियमों में यह विकल्प पूरी तरह से खुला है कि काउंटिंग सुपरवाइजर और काउंटिंग असिस्टेंट केंद्र सरकार के भी हो सकते हैं और राज्य सरकार के भी। जब यह विकल्प खुला हुआ है, तो आयोग का नोटिफिकेशन नियमों के खिलाफ नहीं माना जा सकता।

वाटर स्पोर्ट्स पर 'साय' की...

मानकों का तत्काल परीक्षण (सुरक्षा ऑडिट) सुनिश्चित किया जाए। शासन का स्पष्ट निर्देश है कि निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का अक्षरशः पालन कराया जाए।

नियमित समीक्षा और रिपोर्ट: मुख्यमंत्री साय ने निर्देश दिए कि इन सभी व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जाए और समय-समय पर इसकी रिपोर्ट राज्य शासन को प्रस्तुत की जाए।

गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना, गर्मी-उमस से मिली थोड़ी राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक प्रदेश के सभी संभागों में गरज-चमक और बिजली गिरने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।

इससे पहले, शुक्रवार को प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम के तेवर देखने को मिले। बीते 24 घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ में भी हल्की बारिश दर्ज की गई। हालांकि, गर्मी का असर अब भी बरकरार है, 43.6 डिग्री सेल्सियस के साथ दुर्ग प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जबकि जगदलपुर में न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश के मौसम ने अप्रैल के विदा होते ही एक ऐसा यू-टर्न लिया है जिसने सबको हैरान कर दिया है। पूरा अप्रैल महीना भीषण गर्मी और लू की चपेट में बिताने के बाद, 30 अप्रैल की शाम से ही देश के बड़े हिस्से में मौसम का मिजाज बदल गया। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक कहीं मूसलाधार बारिश हुई तो कहीं बड़े-बड़े ओले गिरे। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, यह बदलाव मात्र एक दिन की राहत नहीं है, बल्कि 3 मई से अगले 48 घंटे देश के कई राज्यों के लिए आफत बनकर आ सकते हैं।

किसानों के लिए चिंता

यह समय किसानों के लिए सबसे संवेदनशील है। ओलावृष्टि और तेज बारिश तैयार फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर सकती है। बागवानी करने वाले किसानों को भी भारी नुकसान की आशंका है। आम जनता के लिए सलाह है कि आंधी के दौरान खिड़की-दरवाजे बंद रखें, बिजली के उपकरणों का प्लग निकाल दें और खुले में खड़े वाहनों को सुरक्षित स्थान पर पार्क करें। यह ध्यान रहे कि यह बदलाव हीटवेव से केवल एक छोटा ब्रेक है, सिस्टम कमजोर होते ही गर्मी फिर से अपना असर दिखाएगी।

पहाड़ों पर बर्फबारी और दक्षिण में प्री-मानसून का असर

हिमालयी राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ के कारण न सिर्फ बारिश हो रही है, बल्कि ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी ने सर्दी का अहसास करा दिया है। पहाड़ी रास्तों पर भूस्खलन की आशंका के चलते यात्रियों को सावधानी बरतने को कहा गया है। दूसरी तरफ, दक्षिण भारत के केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं, जिससे तटीय इलाकों में समुद्र उफान पर है और मछुआरों को चेतावनी जारी की गई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, यह कोई सामान्य बदलाव नहीं है। एक साथ कई मौसमी सिस्टम सक्रिय हो गए हैं। उत्तर में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, तो पूर्वोत्तर में साइक्लोनिक सर्कुलेशन दबाव बना रहा है। इन दोनों प्रणालियों के मिलने से मैदानी इलाकों में तेज आंधी और ओले गिरने जैसी स्थितियां पैदा हो रही हैं। हालांकि इससे पारा 3 से 5 डिग्री तक गिर गया है, लेकिन मौसम की यह अस्थिरता जनजीवन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में गरज-चमक के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। साथ ही कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। इसके बाद अगले 3 दिनों तक तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

न्यूज गैलरी

टिटिलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर कल रहेगी रद्द

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व तटीय रेलवे सम्बलपुर मंडल के बलांगीर-सम्बलपुर सेक्शन में गर्डर लांचिंग/डि-लांचिंग कार्य हेतु ट्रेफिक सह पावर ब्लॉक लिया जायेगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल से संबंधित गाड़ी संख्या 58213/58214 बिलासपुर-टिटिलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर 4 मई को रद्द रहेगी।

15 लाख की ठगी आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पैसा डबल करने का झांसा देकर ठगी करने वाली कंपनी के डायरेक्टर को सिटी कोतवाली पुलिस ने रीवा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। पुलिस के अनुसार फेकुराम चतुर्वेदी पिता स्व. रंगी लाल चतुर्वेदी निवासी करवा चौकी बेलगहना थाना कोटा द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वर्ष 2013 से 2016 के बीच ग्राम करवा में 'रीगल भवन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंडिया लिमिटेड' कंपनी के डायरेक्टर पंकज वर्मा द्वारा पैसा दोगुना करने का लालच देकर गांव के लोगों को एजेंट बनाकर निवेश करवाया गया। आरोपी द्वारा लोगों से राशि एकत्र कर करबला रोड स्थित कार्यालय में जमा कराया जाता था। इस प्रकार गांव के कई लोगों से लगभग 15 लाख राशि जमा कराई गई, जिसके बाद आरोपी कार्यालय बंद कर फरार हो गया। इस प्रकार आवेदकों के साथ धोखाधड़ी की गई। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 159/2025 धारा 420, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की सतत पतासाजी की जा रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) पंकज कुमार पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक गगन कुमार के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर ग्राम टिकिया, चोरहटा, जिला रीवा में दबिश देकर आरोपी पंकज कुमार वर्मा को हिरासत में लिया गया।

रंजिश में युवक पर हमला

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर रॉड से हमला कर दिया गया। ग्राम कोसमडीह निवासी शिव कुमार खाण्डे 36 वर्ष जो माइनिंग मशीन ऑपरेटर है व अपने भांजे कन्हैया लाल बंजारे की बारात लेकर ग्राम बकरकुदा से पौंसरी गया था। रात करीब 2 बजे समारोह के दौरान गांव के ही शिवकुमार डहरे, प्रकाश ओगरे और दिलहरण ने पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया। आरोप है कि शिवकुमार डहरे ने रॉड से उसके सिर पर वार किया, जबकि अन्य ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। हमले में युवक के सिर से खून बहने लगा, साथ ही पीठ और सीने में भी चोट आई है। शादी का कार्यक्रम होने के कारण पीड़ित तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सका। शुक्रवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीयू के कर्मचारियों को नियमित करने का मामला, कुलपति के खिलाफ अवमानना याचिका पर हुई सुनवाई

हाईकोर्ट ने कहा- नियमितीकरण की प्रकिया वाला पत्र अदालत में करें पेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दैनिक वेतन भोगी कर्मियों के नियमितीकरण को लेकर हाईकोर्ट ने विवि प्रशासन से वह लैटर मंगाया है, जिसमें नियमितीकरण की प्रक्रिया बताई गई है।

कुलपति के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए आज कोर्ट ने यह निर्देश दिया मई के आगामी सप्ताह में सुनवाई कि जाएगी इससे पूर्व गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पूर्व से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को सुप्रीम कोर्ट से भी जीत मिल चुकी है। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर यूनिवर्सिटी की एसएलपी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था। गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में विजय कुमार गुप्ता सहित 98 अन्य दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। सभी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से 10 साल या उससे अधिक समय से पदस्थ थे। उसी समय 22 अगस्त 2008 को राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने का आदेश जारी किया था। इसके तहत दस

साल या उससे अधिक समय से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करना था। इस आदेश के परिपालन में उच्च शिक्षा संचालक ने भी 26 अगस्त 2008 को विभाग में कार्यरत ऐसे कर्मियों को स्ववित्तीय योजना के तहत नियमितीकरण और नियमित वेतनमान देने का आदेश दिया। मार्च 2009 तक इन्हें नियमित वेतन भी दिया गया। इसके बाद बिना किसी जानकारी या सूचना दिए यूनिवर्सिटी ने नियमित वेतन देना बंद कर दिया था। इसके साथ ही 10 फरवरी 2010 को तत्कालीन रजिस्ट्रार ने 22 सितंबर 2008 को जारी शासन के नियमितीकरण को भी निरस्त कर दिया।

गुरु घासीदास विवि की अपील खारिज

रजिस्ट्रार के इस आदेश को चुनौती देते हुए कर्मचारियों ने अधिवक्ता दीपाली पाण्डेय के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी इसमें पहले सिंगल बेंच ने कर्मचारियों के पक्ष में उन्हें नियमित करने का निर्णय दिया। डीबी में विवि की अपील आने पर हाईकोर्ट डिवीजन बेंच ने भी वही आदेश बरकरार रखा। विवि ने सुप्रीम कोर्ट में पहले एसएलपी और बाद में रिव्यू पिटीशन लगाई यह दोनों ही खारिज हो गई। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि, हाईकोर्ट के आदेश पर हस्तक्षेप करने का कोई ठोस आधार नहीं है। इधर कर्मचारियों ने अदालत का आदेश नहीं मानने पर सीयू के कुलपति और कुल सचिव के खिलाफ अवमानना याचिका पेश की। पिछली बार हुई सुनवाई में विवि ने कवरिंग मेमो पेश कर कहा था कि नियमितीकरण की प्रक्रिया चल रही है। आज जस्टिस पीपी साहू की बेंच में सुनवाई के दौरान विवि प्रशासन ने कहा कि, कमेटी बनाई जा रही है, जो नियमितीकरण को निर्धारित करेगी। यह बताया गया कि, वर्ष 2008 के आधार पर लैटर भी जारी किया जा चुका है। कोर्ट ने कहा कि, आप जिस लैटर की बात कर रहे हैं, उसे अदालत में पेश करें। इसके साथ ही अगली सुनवाई 4 मई से शुरू होने वाले सप्ताह में तय कर दी।

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त अधिकारियों को किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरूवार को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा ने उच्च न्यायालय में पदस्थ रामायन प्रसाद देवांगन, मुख्य लेखाधिकारी, अशेष श्रीवास्तव, एडिशनल रजिस्ट्रार तथा कुवंर सिंह अंगारे, अनुभाग अधिकारी को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनकी कर्तव्यनिष्ठा, सर्मपण व उत्कृष्ट सेवा के लिए स्मृति चिन्ह, शॉल व श्रीफल प्रदान करते हुए सम्मानित किया। जस्टिस सिन्हा ने उनके भावी स्वस्थ्य जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी। उल्लेखनीय है कि रामायण प्रसाद देवांगन ने वर्ष 1986 में जिला एवं सत्र न्यायालय बिलासपुर में लिपिक पद से अपनी सेवा प्रारम्भ की थी तथा इस उच्च न्यायालय में वर्ष 2001 में सहायक ग्रेड-02 के पद पर सेवा प्रारम्भ की उच्च न्यायालय में विभिन्न पदों पर अपनी सेवा प्रदान करते हुए वह आज मुख्य लेखाधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। अशेष श्रीवास्तव ने वर्ष 1984 में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के ग्वालियर खण्डपीठ में लिपिक पद से अपनी सेवा प्रारम्भ की थी तथा इस उच्च न्यायालय में वर्ष 2001 में अनुभाग अधिकारी के पद पर सेवा प्रारम्भ की। उच्च न्यायालय में विभिन्न पदों पर अपनी सेवा प्रदान करते हुए आज एडिशनल रजिस्ट्रार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। कुंवर सिंह अंगारे ने वर्ष 1991 में जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग से अपनी सेवा प्रारम्भ की थी तथा इस उच्च न्यायालय में वर्ष 2001 में सहायक ग्रेड-03 के पद पर सेवा प्रारम्भ की। उच्च न्यायालय में विभिन्न पदों पर अपनी सेवा प्रदान करते हुए आज अनुभाग अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के कार्यभार ग्रहण करने के बाद हाईकोर्ट सहित सभी अदालतों में कार्यरत कर्मचारियों का सम्मान बढ़ा है।

होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड के साथ हर घर हरियाली का संदेश दे रहीं शिक्षिका दीप्ति

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा, संकुल गोंदईया में 30 अप्रैल को शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को होलिस्टिक प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्ड का वितरण पालकों की उपस्थिति में किया गया। यह आयोजन केवल शैक्षणिक मूल्यांकन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी विकसित करने का प्रेरणादायी प्रयास भी बना। कार्यक्रम के दौरान कक्षावार पूरे वर्ष उत्कृष्ट उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप पौधे भेंट किए गए। बच्चों को यह जिम्मेदारी दी गई कि वे इन पौधों को अपने घर में लगाकर उनकी नियमित देखभाल करेंगे और साथ ही विद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों की सुरक्षा का भी संकल्प निभाएंगे। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इस चुनौती को स्वीकार किया, जिससे कार्यक्रम का माहौल

प्रेरणादायक बन गया। इस अभिनव पहल के पीछे शिक्षिका तृप्ति यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जो लगातार शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे जीवन मूल्यों से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। वे शिक्षा, संस्कृति, योग, व्यायाम और खेलकूद के साथ-साथ पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण को भी विद्यालयीन गतिविधियों का अभिन्न हिस्सा बना रही हैं। उनके इस नवाचार की पालकों और शिक्षकों ने खुलकर सराहना की। विद्यालय परिवार का मानना है कि इस प्रकार के प्रयास बच्चों में जिम्मेदारी, अनुशासन और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करते हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। शिक्षिका तृप्ति यादव ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल बच्चों को पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। जब बच्चा अपने हाथों से पौधा लगाएगा और उसकी देखभाल करेगा, तो उसमें प्रकृति के प्रति अपनापन स्वतः विकसित होगा। होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से हम बच्चों के समग्र विकास को आंकते हैं और इस तरह के नवाचारों से उन्हें व्यवहारिक जीवन से जोड़ते हैं।

बुद्ध वंदना व महापरित्राण पाठ हुआ

बिलासपुर/नवप्रदेश। बुद्ध पूर्णिमा पर शुक्रवार को शहर धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा। शहर के बौद्ध विहारों और मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए। बौद्ध समाज के अनुयायियों ने भगवान बुद्ध को स्मरण करते हुए बुद्ध वंदना, महापरित्राण पाठ और साधना की, वहीं विभिन्न मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार, अभिषेक और महाआरती हुई। दिनभर श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर मंदिरों में पहुंचते रहे। टिकरापारा स्थित पंचशील परिसर में बौद्ध समाज के अनुयायियों ने भगवान बुद्ध की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना से हुई। इसके बाद महापरित्राण पाठ किया गया। समाज के लोगों ने भगवान बुद्ध के उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। अंबेडकर नगर स्थित नागार्जुन बुद्ध विहार में बौद्ध उपासकों ने बुद्ध वंदना का वाचन किया। यहां आनापान साधना भी कराई गई। कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं के बीच खीर का वितरण किया गया। शहर के व्यंकटेश मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा पर विशेष धार्मिक आयोजन हुए।

छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मोला लव होगे' 8 को रिलीज आयुष-तिरांजलि की नई रोमांटिक जोड़ी पर टिकी उम्मीदें

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'मोला लव होगे' के प्रमोशन को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में फिल्म की पूरी टीम ने मीडिया से चर्चा करते हुए अपनी तैयारियों और अनुभव साझा किए। 8 मई को रिलीज होने जा रही इस फिल्म को लेकर कलाकारों में खासा उत्साह देखने को मिला। 'मोला लव होगे' आगामी 8 मई 2026 को राज्यभर के मल्टीप्लेक्स और सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में स्थानीय संस्कृति, परंपरा और आधुनिक जीवनशैली का खूबसूरत संगम देखने को मिलेगा।

फ़िल्म के निर्माता-निर्देशक अनुमोद राजवैद्य हैं, जबकि इसमें डेब्यू कर रहे अभिनेता आयुष राजवैद्य और अभिनेत्री तिरांजलि गोस्वामी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इनके अलावा सुपरस्टार करन खान, रजनीश झाँझी और संजय महानंद जैसे अनुभवी कलाकार भी फिल्म में अहम किरदार निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी शहरी परिवेश में पनपती एक रोमांटिक लव स्टोरी पर आधारित है, जिसमें छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा, खानपान और संस्कृति को भी प्रमुखता से दिखाया गया है। अभिनेता आयुष राजवैद्य ने बताया कि फिल्म में उनका किरदार एक एंग्री यंगमैन का है, लेकिन इसमें प्यार, रोमांस, एक्शन और कॉमेडी का पूरा तड़का भी है। वहीं अभिनेत्री तिरांजलि गोस्वामी, जो भानुप्रतापपुर से हैं, ने इसे अपने करियर की पहली फिल्म बताते हुए कहा कि उन्होंने इसमें अपना 100 प्रतिशत दिया है और उन्हें विश्वास है कि यह फिल्म युवाओं को खासतौर पर पसंद आएगी। निर्देशक अनुमोद राजवैद्य के अनुसार, फिल्म का गीत 'मोला बम्बई घुमा दे राजा' पहले ही सोशल मीडिया पर रिलीज हो चुकी है और दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस गाने में प्रदेश के विभिन्न शहरों का जिक्र खास आकर्षण बना हुआ है। सुपरस्टार करन खान ने अपने किरदार को लेकर कहा कि फिल्म में उनका रोल काफी नया और दिलचस्प है। उन्होंने एक डायलॉग का जिक्र करते हुए बताया उसे विलन कहता है कि 'कौन है बे?' के जवाब में उनका किरदार कहता है 'बे नहीं, बाबू बोल ', जो दर्शकों को खूब पसंद आएगा। कुल मिलाकर 'मोला लव होगे' को रोमांस, मनोरंजन और स्थानीय संस्कृति के फुल पैकेज के रूप में पेश किया जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ी सिनेमा को एक नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

बदलावः नागपुर मंडल के गोंदिया स्टेशन पर ट्रैक आधुनिकीकरण कार्य

गोंदिया-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल एक्सप्रेस के संचालन में संशोधन

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक-4 (लाइन नंबर 06) पर स्थित वॉशेबल एप्रन को हटाकर बैलेस्टेड ट्रैक में परिवर्तित करने का महत्वपूर्ण अधोसंरचना विकास कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के सफल एवं सुरक्षित निष्पादन के लिए रेल प्रशासन द्वारा विदर्भ एक्सप्रेस के संचालन में अस्थायी संशोधन किया गया है।

रेलवे प्रशासन के अनुसार पूर्व में अजनी स्टेशन तक निर्धारित समाप्ति/नियंत्रित एवं प्रारंभ व्यवस्था को संशोधित करते हुए अब नागपुर स्टेशन किया गया है।

इसके तहत गाड़ी संख्या 12105 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल-गोंदिया विदर्भ एक्सप्रेस दिनांक 02 मई 2026 से 22 मई 2026 तक कुल 21 ट्रिप नागपुर स्टेशन पर समाप्त/नियंत्रित होगी तथा नागपुर-गोंदिया खंड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12106 गोंदिया-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल विदर्भ एक्सप्रेस 3 मई से 23 मई तक कुल 21 ट्रिप नागपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा गोंदिया-नागपुर खंड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है एवं सहयोग की अपेक्षा करता है। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व ट्रेन की स्थिति की जानकारी रेलवे पूछताछ सेवा, NTES अथवा निकटतम रेलवे स्टेशन से प्राप्त कर लें।

हरिद्वार-दुर्ग समर स्पेशल में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

बिलासपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 08743/08744 दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग समर स्पेशल में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 08743 दुर्ग-हरिद्वार समर स्पेशल ट्रेन में 3 मई से 31 मई तक तथा हरिद्वार से चलने वाली गाड़ी संख्या 08744 हरिद्वार-दुर्ग समर स्पेशल ट्रेन में दिनांक 04 मई से 01 जून 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इसकी उपलब्धता से इस गाड़ी में अधिकाधिक यात्रियों को कन्फर्म बर्थ की सुविधा प्राप्त होगी।

रेलवे क्लब में स्वास्थ्य जागरूकता व मनोवैज्ञानिक कल्याण शिविर आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज 2 मई को समय 9 बजे से 10 बजे तक रेल क्लब, बिलासपुर में द.पू .म. रेलवे बिलासपुर मुख्यालय एवं तीनों मंडलों के रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी व बल सदस्यों हेतु हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेशन का आयोजन किया गया। इस सेशन में कुल 140 अधिकारी और बल सदस्यों ने भाग लिया। उसके बाद महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक तथा रेलवे सुरक्षा बल एवं रेलवे चिकित्सा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आरपीएफ के सभी अधिकारी और बल सदस्यों हेतु समय

11.00 बजे से स्वास्थ्य जागरूकता एवं मनोवैज्ञानिक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर आशुतोष तिवारी, वरिष्ठ सलाहकार एवं मनोचिकित्सक, स्टेट मेंटल हॉस्पिटल सेन्द्री, डॉक्टर अनिल कुमार यादव, सलाहकार मनोचिकित्सक, अपोलो अस्पताल एवं प्रशांत रंजन पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सलाहकार, स्टेट मेंटल हॉस्पिटल सेन्द्री उपस्थित थे।


दीनदयाल उपाध्याय
भूमिहीन कृषि मजदूर
कल्याण योजना
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
4.95 लाख से अधिक हितग्राहियों के बैंक खाते में
₹495.96 करोड़
आदान राशि अंतरित
S- 47608/1
बजट 2026-27 में ₹600 करोड़ का प्रावधान
भूमिहीन कृषि मजदूरों को दी जा रही ₹10,000 प्रति वर्ष की आर्थिक सहायता
वर्ष 2025 में 5.62 लाख से अधिक हितग्राहियों के खातों में ₹562.11 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित
22,028 बैगा-गुनिया परिवारों को भी मिल रहा लाभ
साय सरकार में मेहनतकश हाथों को मिल रहा संबल, सुरक्षा और सम्मान
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

8 ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस, बराक भी लोडेड

पाकिस्तान के लिए काल है आईएनएस महेंद्रगिरि

नई दिल्ली। पूरी तरह से स्वदेशी और अत्याधुनिक तकनीक से लैस है युद्धपोत 'महेंद्रगिरि' को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। इससे भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत में बड़ा इजाफा हुआ। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने इस युद्धपोत को तैयार किया है। नीलगिरि-श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) का यह छठा युद्धपोत है। खास बात यह है कि इसका निर्माण पूरी तरह भारत में हुआ है, जो 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मजबूती देता है। यह युद्धपोत आधुनिक तकनीकों से लैस है। इसे दुश्मन की नजरों से बचने यानी स्टेल्थ क्षमता के साथ डिजाइन किया गया है। समुद्र में यह लंबे समय तक टिक सकता है और कई तरह के मिशन संभालने में सक्षम है। जानकारी के मुताबिक, इस युद्धपोत को खास तौर पर खतरनाक बनाती हैं इसकी हथियार प्रणालियां। इसमें दूर तक मार करने वाली आठ ब्रह्मोस मिसाइलें तैनात हैं। इसके अलावा सतह से सतह पर मार करने वाली बराक मिसाइल प्रणाली भी मौजूद है। पनडुब्बियों से निपटने के लिए इसमें टॉरपीडो और रॉकेट लॉन्चर लगाए गए हैं, जो इसे उन्नत युद्ध क्षमता से लैस बनाते हैं।

क्या है स्टेल्थ तकनीक

'स्टेल्थ' तकनीक का मतलब है छिपने की कला। इससे बने युद्धपोतों को दुश्मन के रडार आसानी से पकड़ नहीं पाते। महेंद्रगिरि भी इसी तकनीक से बना है। 'फ्रिगेट' मझोले आकार के युद्धपोत होते हैं, जो तेज रफ्तार और ताकतवर हथियारों से लैस होते हैं।

क्या होगा फायदा

महेंद्रगिरि के नौसेना में शामिल होने से समुद्री सुरक्षा काफी मजबूत होगी। यह युद्धपोत समुद्र में दूर तक नजर रखने और दुश्मनों को रोकने में मदद करेगा। इसके अत्याधुनिक हथियार व सेंसर नौसेना की मारक क्षमता को बढ़ाएंगे। हिंद महासागर में भारत की स्थिति और भी मजबूत होगी।

एग्जिट पोल में टीवीके के नतीजों ने चौंकाया

नई दिल्ली/ए.। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल के नतीजों में अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी टीवीके को भारी बढ़त दिखाई गई है। ऐसे में सत्ताधारी डीएमके के सहयोगी और एमडीएमके प्रमुख वाइको ने विजय की पार्टी की तारीफकी है और उसे एक बड़ी ताकत बताया। उन्होंने विजय की आम लोगों के बीच लोकप्रियता का हवाला देते हुए कहा, टीवीके एक बड़ी ताकत है और यह चौंकाने वाले नतीजे दे सकती है। जहां ज्यादातर एग्जिट पोल ने यह अनुमान लगाया है कि विजय की पार्टी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में काफी सीटें जीतेगी और शायद 'किंगमेकर' बन सकती है। वहीं A&is My India के अनुमान के अनुसार, यह नई पार्टी 234 में से 98-120 सीटें जीतकर डीएमके को चौंका सकती है। वाइको ने यह भी भविष्यवाणी की कि द्रविड़ आंदोलन तमिलनाडु की राजनीति में एक स्थायी शक्ति बना रहेगा। तमिलनाडु और भारत के अन्य हिस्सों में विजय के चाहने वालों की एक बहुत बड़ी जमात है। उन्होंने अपने अभिनय करियर और लोकप्रियता के शिखर पर रहते हुए राजनीति में कदम रखा है। युवाओं और महिलाओं के बीच उनकी जबरदस्त लोकप्रियता है। इन कारकों के उनके पक्ष में काम करने की संभावना है। हालांकि, तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में शिवाजी गणेशन, विजयकांत और कमल हासन सहित कई अभिनेताओं ने अपनी किस्मत आजमाई है, लेकिन वे असफल रहे। यहां तक कि सुपरस्टार रजनीकांत ने भी राजनीति से किनारा कर लिया।

ट्रंप प्रशासन ने पश्चिम एशिया के चार देशों को 8.6 अरब डॉलर के हथियारों की पेशकश की

वाशिंगटन/ए.। अमेरिका ने पश्चिम एशिया के चार सहयोगी देशों को 8.6 अरब डॉलर से ज्यादा के हथियार बेचने की पेशकश की है। यह पेशकश कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की समीक्षा को दरकिनार करके की गई है। ये देश इस्राइल, कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) हैं।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि इन हथियारों में आधुनिक सटीक लक्ष्य भेदने वाले हथियार प्रणाली, वायु और मिसाइल रक्षा की आपूर्ति बहाली सेवाएं और एक एकीकृत युद्ध कमान प्रणाली शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, उनका यह पत्र कांग्रेस और युद्ध को लेकर उसकी मंजूरी की जरूरत पर चल रहे विवाद को खत्म करने की कोशिश है। 1973 के युद्ध शक्ति प्रस्ताव (वार पावर्स रेजोल्यूशन) के तहत राष्ट्रपति को सैन्य कार्रवाई शुरू करने के बाद कांग्रेस को सूचना देनी होती है और बिना मंजूरी के 60 दिनों के भीतर उसे खत्म करना होता है। ट्रंप ने यह भी कहा, ईरान के साथ बातचीत में अभी अनिश्चितता है। उन्होंने चेतावनी दी कि वह मौजूदा प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं हैं। लेकिन कूटनीति और सैन्य कार्रवाई दोनों विकल्प खुले रखे गए हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ईरान समझौता करना चाहता है। लेकिन वह प्रस्ताव से खुश नहीं हैं, इसलिए यह देखना होगा कि आगे क्या होगा। ट्रंप ने ईरान के नेतृत्व को भी अस्थिर बताया और कहा कि वहां अंदरूनी मतभेद हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि असली नेता कौन है।

ईरान के साथ युद्ध समाप्त हो गया: ट्रंप

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सांसदों को बताया कि ईरान के खिलाफयुद्ध 'खत्म' हो गया है। यह सैन्य कार्रवाई कांग्रेस की अनुमति के बिना शुरू की गई थी। इसके लिए 60 दिन की कानूनी सीमा पूरी हो चुकी है। ट्रंप ने एक पत्र में कहा, सात अप्रैल 2026 के बाद से अमेरिका और ईरान के बीच कोई गोलीबारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा, 28 फरवरी 2026 को शुरू हुआ संघर्ष अब समाप्त हो गया है।

ट्रंप का दावा- कमजोर हो गई ईरान की सेना

उन्होंने यह भी दावा किया, हाल के संघर्ष के बाद ईरान की सेना काफी कमजोर हो गई है। उसके पास अब मजबूत नौसेना और वायुसेना नहीं बची है। ट्रंप ने कहा कि वह शांतिपूर्ण समाधान पसंद करेंगे। लेकिन अगर वार्ता विफल होती है तो सैन्य कार्रवाई का विकल्प भी मौजूद है।

बंगाल में री-पोलिंग के बीच फाल्टा इलाके में अचानक बढ़ा तनाव

कोलकाता/ए.। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में चल रहे मतदान के दौरान तनावपूर्ण स्थिति देखने को मिली। यहां डायमंड हार्बर (Diamond Harbour Voting) और मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों के कुछ मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान कराया जा रहा है। कुल 15 बूथों पर वोटिंग हो रही है, जिनमें से 11 बूथ मगराहाट पश्चिम और 4 बूथ डायमंड हार्बर के हैं। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। इसी बीच फल्टा इलाके में अचानक तनाव बढ़ गया। स्थानीय लोगों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस (ञ्चस्ष्ट) के कुछ नेताओं द्वारा उन्हें धमकाया जा रहा है। उनका कहना है कि वोटिंग को लेकर उन पर दबाव बनाया जा रहा है और डराने की कोशिश की जा रही है, जिससे लोग स्वतंत्र रूप से मतदान नहीं

कर पा रहे हैं। स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलते ही प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि हालात नियंत्रण में रहें। इसके साथ ही सीआरपीएफ की बख्तरबंद गाड़ी भी मौके पर भेजी गई है। सुरक्षा बल लगातार निगरानी कर रहे हैं ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि वे शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान चाहते हैं। उनका कहना है कि वे किसी भी तरह के दबाव या डर के माहौल में वोट नहीं डालेंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और जिन पर धमकी देने के आरोप हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होकर खिले महिला आरक्षियों के चेहरे

लखनऊ/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश पुलिस को नए और ऊर्जावान आरक्षियों की खेप मिल गई है। राजधानी लखनऊ में आयोजित भव्य दीक्षांत परेड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कार पाकर रिक्रूट आरक्षियों का उत्साह देखते ही बना।

खास तौर पर महिला आरक्षियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए मुख्यधारा में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्यमंत्री योगी ने सभी सफल आरक्षियों को बधाई देते हुए उन्हें ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ जनसेवा करने का मंत्र दिया। इस दीक्षांत समारोह के साथ ही ये नए आरक्षी अब उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनकर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था में अपना योगदान देंगे।

नेहा, सोनम और रिया का दबदबा

नेहा यादवः उन्होंने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल तीन पुरस्कार अपने नाम किए। नेहा को 'अंतः विषय टॉपर' और 'सर्वांग सर्वोत्त्ड्डाम पुरस्कार' से नवाजा गया। साथ ही उन्होंने परेड कमांडर प्रथम की जिम्मेदारी भी निभाई। कुमारी सोनमः सोनम ने दो पुरस्कार हासिल किए। उन्हें 'वाह्य विषय टॉपर' चुना गया और उन्होंने परेड कमांडर तृतीय के रूप में अपनी सेवा दी।

पुरस्कारों की प्रमुख श्रेणियां

सर्वांग सर्वोत्तम पुरस्कारः कुमारी नेहा यादव
अंतः विषय टॉपर (समग्र कोर्स): कुमारी नेहा यादव
वाह्य विषय टॉपर (समग्र कोर्स): कुमारी सोनम
परेड कमांडर प्रथमः महिला रिक्रूट आरक्षी नेहा यादव
परेड कमांडर द्वितीयः महिला रिक्रूट आरक्षी रिया सिंह कुशवाहा
परेड कमांडर तृतीयः महिला रिक्रूट आरक्षी कुमारी सोनम

रिया सिंह कुशवाहाः रिया को परेड कमांडर द्वितीय के रूप में उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया। परेड के दौरान पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने सभी नए आरक्षियों को देश सेवा और संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई।

प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग का प्रतिनिधिमंडल मुख्य सचिव से मिला

■ **संवर्ग की मांगों पर मिला सकारात्मक आश्वासन**

लखनऊ/नवप्रदेश। प्रादेशिक विकास सेवा संवर्ग के पदाधिकारियों ने शनिवार को प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल से मुलाकात की। इस दौरान संगठन के मांग पत्र पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें मुख्य सचिव ने संवर्ग की भूमिका की सराहना करते हुए उनकी पांच सूत्री मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वार्ता के दौरान मुख्य सचिव ने खंड विकास अधिकारियों के कार्यों की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारियों के माध्यम से बीडीओ की मेहनत का निरंतर अच्छा फीडबैक प्राप्त होता है। शासन स्तर पर संवर्ग के प्रति उनका रुख बेहद सकारात्मक रहा। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस वार्ता को बेहद सफल बताया। तय किया गया है कि अगले दो महीनों में हुई प्रगति की समीक्षा के लिए पुनः मुख्य सचिव से मुलाकात कर उन्हें अपडेट दिया जाएगा। कार्यालय संरचना और सशक्तिकरणः संगठन ने मांग रखी कि सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को डिप्टी कार्यपालक क्षेत्र पंचायत न बनाया जाए। मुख्य सचिव ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय की संरचना को सशक्त बनाने की मांग को उचित माना और कहा कि 2016 का शासनादेश भी यही कहता है। उन्होंने इस संबंध में प्रमुख सचिव ग्रामीण विकास और पंचायती राज से वार्ता करने का भरोसा दिलाया। क्लस्टर आवंटन में बीडीओ की भूमिकाः प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि क्लस्टर आवंटन खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से और उनकी सहमति से होना चाहिए।

वक्फ संपत्तियों पर बड़ी कार्रवाई: 12 हजार से अधिक संपत्तियों का पंजीकरण निरस्त

■ **लखनऊ और बिजनौर में सर्वाधिक गाज**

लखनऊ/नवप्रदेश। उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और पारदर्शिता को लेकर राज्य सरकार और वक्फ बोर्ड ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। प्रदेश में गलत विवरण और दस्तावेजों की कमी के चलते कुल 12,135 वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फबोर्ड ने इन संपत्तियों को चिन्हित कर उनके पंजीकरण आवेदन को अस्वीकृत कर दिया है। जानकारी के अनुसार, भारत सरकार के 'उम्मीद' पोर्टल पर वक्फसंपत्तियों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। जांच के दौरान पाया गया कि हजारों संपत्तियों के पंजीकरण में या तो गलत जानकारी दी गई थी या फिर आवश्यक कानूनी दस्तावेज अपलोड नहीं किए गए थे। नियमों की अनदेखी के चलते बोर्ड ने इन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पंजीकरण खारिज कर दिए हैं। उत्तर प्रदेश में अब तक कुल 1.26 लाख वक्फ संपत्तियां पंजीकृत हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार, वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण और उनकी सुरक्षा के लिए पोर्टल पर सही विवरण देना अनिवार्य है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जिन संपत्तियों के पंजीकरण निरस्त हुए हैं या जिनका पंजीकरण अभी शेष है, उनके पास 6 जून तक का समय है।

लखनऊ और बिजनौर में सबसे ज्यादा कार्रवाई

पंजीकरण निरस्त होने के मामले में राजधानी लखनऊ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिले सबसे आगे हैं।
लखनऊ: प्रदेश में सर्वाधिक 1,114 पंजीकरण निरस्त किए गए।
बिजनौर: यहाँ 1,003 संपत्तियों के आवेदन खारिज हुए।
सहारनपुर: 990 संपत्तियों का पंजीकरण निरस्त किया गया।
बाराबंकी: 577 मामलों में कार्रवाई की गई।
अन्य जिले: अमरोहा में 86, बागपत में 60 और बरेली में 17 संपत्तियों के पंजीकरण निरस्त किए गए हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत, आरबीआई गवर्नर ने चेताया बढ़ सकती है महंगाई

नई दिल्ली/ए.। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद भारत की मैक्रोइकोनॉमिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ता सार्वजनिक कर्ज और रक्षा खर्च वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम में आयोजित FIMMDA-PDAI के 25वें वार्षिक सम्मेलन में बोलते हुए मल्होत्रा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत घरेलू खपत और लगातार सार्वजनिक निवेश का सहारा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर जोर से निजी निवेश को बढ़ावा मिला है और उत्पादन क्षमता का विस्तार हुआ है।

सेकेंड-ऑर्डर महंगाई क्या है?

सेकेंड-ऑर्डर महंगाई वह स्थिति है, जब किसी शुरुआती झटके जैसे ईंधन, खाद्य पदार्थ या कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर धीरे-धीरे पूरी अर्थव्यवस्था में फैलने लगता है। शुरुआत में महंगाई कुछ चुनिंदा वस्तुओं तक सीमित रहती है, लेकिन समय के साथ इसका प्रभाव अन्य क्षेत्रों पर भी पड़ने लगता है। उदाहरण के तौर पर, अगर पेट्रोल-डीजल महंगे होते हैं, तो परिवहन लागत बढ़ जाती है। इससे कंपनियों के लिए उत्पादन और सप्लाई करना महंगा हो जाता है। नतीजतन, वे अपने उत्पादों की कीमतें बढ़ा देती हैं। इसी तरह, कर्मचारी भी बढ़ती महंगाई के कारण ज्यादा वेतन की मांग करते हैं, जिससे कंपनियों की लागत और बढ़ती है और फिर कीमतें और ऊपर चली जाती हैं। मल्होत्रा ने यह भी कहा कि भारतीय वित्तीय बाजारों में पिछले वर्षों में नीतिगत सुधारों के कारण परिपक्वता आई है, लेकिन अभी और सुधार की जरूरत है। आरबीआई वित्तीय बाजारों को और गहरा करने, भागीदारी बढ़ाने और संस्थागत ढांचे को मजबूत करने के प्रयास जारी रखेगा। नीतिगत फैसलों में डेटा की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि ट्रेड रिपॉजिटरी को डेटा की गुणवत्ता और उपलब्धता बेहतर करनी होगी ताकि जोखिमों का बेहतर आकलन किया जा सके।

जल्दबाजी में वापसी नहीं करना चाहता, एक और चोट करियर खत्म कर सकती है : वुड

नई दिल्ली/ए.। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड इस गर्मी के अंत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। वुड घुटने की चोट की वजह से एशेज सीरीज के पर्थ टेस्ट से बाहर हो गए थे।

चोटों से प्रभावित रहा करियर

तेज रफ्तार गेंदबाजी के लिए मशहूर 36 वर्षीय वुड का करियर लगातार चोटों से प्रभावित रहा है। मार्च 2025 में बाएं घुटने की सर्जरी के बाद उन्होंने नवंबर में पर्थ टेस्ट के जरिए वापसी की, लेकिन सिर्फ 11 ओवर गेंदबाजी के बाद ही उन्हें पूरी एशेज सीरीज से बाहर होना पड़ा। वुड अब बेहद सतर्कता के साथ वापसी की योजना बना रहे हैं। उन्होंने साफकहा कि जल्दबाजी में लौटना उनके लिए जोखिम भरा हो सकता है और एक और चोट उनके करियर के लिए घातक साबित हो सकती है। एक इंटरव्यू में वुड ने कहा, ÷मुझे धीरे-धीरे आगे बढ़ना होगा। सच कहूं तो मेरे पास इसे सही तरीके से करने का शायद एक और मौका है। अगर मैं जल्दबाजी में वापसी करता हूं, तो यह अच्छा नहीं होगा। मैं गर्मियों में बाद में गेंदबाजी में लौटने की

कोशिश कर रहा हूं। वुड ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन अगर उनकी रिकवरी उम्मीद के मुताबिक नहीं होती है तो वह क्रिकेट के बाद की जिंदगी के बारे में भी सोच सकते हैं। उन्होंने कहा, ÷मेरी सर्जरी को एक साल से ज्यादा हो चुका है। सात महीने तक मेहनत करके एक मैच खेलना और फिर बाहर हो जाना मुश्किल होता है। मेरी उम्र को देखते हुए मैं मैच मिस नहीं करना चाहता। चोट से पहले मैं तेज और अच्छी गेंदबाजी कर रहा था। इंग्लैंड 4 जून से न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के साथ अपने होम समर की शुरुआत करेगा। चोटों की वजह से टीम का पेस अटैक प्रभावित नजर आ रहा है।

ममूटी-मोहनलाल की फिल्म 'पैट्रियट' बनी इस साल की सबसे बड़ी मलयालम ओपनर

चेन्नई/ए.। ममूटी और मोहनलाल की फिल्म 'पैट्रियट' 1 मई, 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म का पहला दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार रहा। रिलीज से पहले ही फिल्म का जबरदस्त क्रेज था। अब रिलीज होने के बाद मूवी ने न सिर्फ इंडिया में बल्कि दुनियाभर में शानदार कमाई की है और इस साल की सबसे बड़ी मलयालम ओपनर बन गई है।

पहले दिन किया इतना कलेक्शन

सेकनिक के मुताबिक फिल्म 'पैट्रियट' ने पहले दिन ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 29.37 करोड़ की कमाई की। वहीं भारत में फिल्म ने 9.80 करोड़ का कलेक्शन किया है। बता दें कि भारत में इसे 2600 शोज मिले हैं। फिल्म ने एडवांस बुकिंग में ही अपना क्रेज साबित कर दिया था, जब इसकी प्री बुकिंग करीब 10 करोड़ तक पहुंच गई थी। यानी एडवांस बुकिंग में ही फिल्म ने करीब 10 करोड़ का कलेक्शन कर लिया था। फिल्म ने केरल में सबसे ज्यादा धमाका किया है। इस अकेले राज्य में फिल्म ने पहले दिन 8 करोड़ की कमाई की। बाकी

की कमाई अन्य राज्यों से हुई। 'पैट्रियट' ने दूसरे दिन भी अपनी रफ्तार बनाए रखी है और शुरुआती ट्रेंड्स के मुताबिक फिल्म आज भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। सेकनिक के मुताबिक, दूसरे दिन सुबह 10 बजे तक फिल्म ने करीब 20 लाख रुपये की कमाई कर ली है। इसके साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन 11.60 करोड़ रुपये पहुंच गया है, जबकि इंडिया नेट कलेक्शन 10 करोड़ रुपये है। अब तक 251 शोज में फिल्म की ऑक्यूपेंसी 23त्न से ज्यादा दर्ज की गई है, जो एक ठीक-ठाक प्रदर्शन माना जा रहा है। बता दें कि फिल्म में ममूटी और मोहनलाल के अलावा फहाद फासिल, नयनतारा और कुंचाको बोबन भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएं हैं।

भस्मासुर या फिर बूमरेंग की गति

हे सोशल मीडिया के शूरवीरों, हे वाट्सप यूनिवर्सिटी के रणबाकुरों, हे आर्टिफिशियल इन्टलीजेन्सी के अकलमन्दों, और हे आभासी दुनिया के एलियनों, अपने अधकचरे ज्ञान से लाइक, कमेन्ट्स की अतृप्त भूख के लिए कम से कम मातृत्व और ममता का तमाशा तो मत बनाओं। अपराधिक लापरवाही के फलस्वरूप जबलपुर के बरगी डेम क्रूज हादसे के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर एआईजनित तैरती तस्वीरे और विडियों कोई सूचना नही दे रहे हैं बल्कि ये पेनिक क्रिएट कर रहे है। एआई से किए जा रहे इस डिजिटल अपराधबोध से ग्रस्त होने के बजाय हल्कट दर्जे का थिंकटैंक इसे महिमा मंडित कर रहा हैं। अगर कोई इको सिस्टम इसे कमांड दे भी रहा हो तो बूमरेंग या भस्मासुर की गति प्राप्ति प्राप्त हो सकती है। हाल ही में छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री के निजी जीवन पर बने वीडियों ने राजनीतिक और सामाजिक वातावरण खराब कर दिया हैं। इन सबसे बचने की जरूरत हैं।

कारपोरेट वार की चिन्ता

वेदान्ता हादसे ने अलग-अलग स्तर पर खौफ पैदा कर दिया है। मालिक अनिल अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज होते ही कांग्रेस से भाजपा में गए उद्योगपति सांसद नवीन जिन्दल का अग्रवाल समर्थित बयान छत्तीसगढ़ के छोटे बड़े उद्योगपतियों के बीच संशय के कुछ ऐसे सवाल छोड़ गया कि यदि ये कारपोरेट वार आगे बढ़ा तो राज्य के छोटे मोटे उद्योग अस्तित्व की लड़ाई लड़ते दिखेंगे। दरअसल स्टेनलेस स्टील के सेगमेन्ट में एकछत्र राज करने वाले जिन्दल को अपने नवोदित राजनीतिक बाड़े में एक नया बिजनेस प्लेयर पैदा होते दिख रहा हैं ऐसे में यदि तेवर न दिखाए तो उन्हे भी निकट भविष्य में चुनौतियों का सामना करने पड़ सकता हैं। उद्योग और राजनीतिक गलियारा वेदान्ता और अडानी ग्रुप के जेपी एसोसिएट को लेकर औद्योगिक और न्यायिक विवाद से वाकिफहै सो चिन्ता भी स्वाभाविक है।

सुनना और सुनाना

आखिर जबानी तौर पर बेलगाम कर्मचारियों की शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंच ही गई। सीएम साय ने अति होशियार कर्मचारियों को समझा दिया है कि आपको प्रवचन देने की तनखा नहीं दी जा रही है जनता का दुखड़ा सुनने और उसके निदान के लिए रखा गया है। तो जनता की सुने, जनता को सुनाए नहीं। गौरतलब है कि हमने पिछले सप्ताह इसी कालम में सीएम साय के सख्त निर्देशों के बारे में बता ही दिया था कि जो जिस भाषा में समझ सकता है उसे समझा दिया जाए कि सुशासन तिहार से पहले सभी जिम्मेदार अफसर पेंडेसी निपटा ले नहीं तो निपटने तैयार रहे। और ठीक तिहार शुरू होने से के दिन सीएम का अफसरों के लिए फरमान आता है कि जनता की सुने, सुनाए नहीं।

तो क्या अफसरो को निपटाएगा केचुआ

खादी ग्रामोद्योग द्वारा साड़ी खरीदी का मामला अभी ठंडा भी नही पड़ा कि हार्टिकल्चर अफसरों का का हार्ट पसीज गया और केचुआ खरीदने का प्लान बना डाला। दो हजार रूपए का सामान 16 हजार में खरीदने का ये कारनामा ईडी की भेट चढ़ चुके एक पुराने खांटी व्यापारी के इशारे पर किया गया। एक ही मालिक की तीन कम्पनियों का रिंग बनाकर खेले गए इस खेल का खुलासा होते ही अफसरों की घिग्घी बंध गई है। जांच शुरू हो चुकी है और अफसर एक दूसरे पर तंज कस रहे है कि ये केचुआ अब निपटाएगा।

अब कार्मिक खौफ भी

वेदान्ता में जिन कारणों से हादसे मे 25 लोगों की जान गई वहीं कारण रायपुर के सिलतरा इंडस्ट्रीयल एरिया में नीको जायसवाल की पांच यूनिटों में से तीन में बरकरार है। इसमें से तीन यूनिट के बायलर के सेफ्टी वाल्व काम ही नहीं कर रहे हैं। रनिंग कांडीशन में बायलर सडनली टरबाइन ट्रीप होने पर एक्सेस प्रेशर निकालने के लिए स्टार्टप वेन्ट का उपयोग होता है यदि स्टार्टप वेन्ट काम न करे तो बायलर ब्लास्ट होता है। कमोबेश यही हाल इन उद्योंगो में है लेकिन दो तरफा कार्मिक खौफहै। शिकायत करो तो नौकरी से जाओ और नही करो तो मौत को पाओं। हो सकता औद्योगिक सुरक्षा विभाग के अफसर इस कालम को पढ़कर जायसवाल नीको के अलावा उन सारे उद्योगो की जांच कर ले जहा इस तरह के खतरे मुंह बाए खड़े है।

शॉपिंग मॉल से मिलने वाले माल का असर

वन नेशन वन इलेक्शन वन कांस्टीट्यूशन वन टैक्स वगैरह वगैरह का राग भले ही आलापा जा रहा हो। लेकिन सच ये है कि राजधानी रायपुर से लेकर अन्य शहरों में छोटे-बड़े मामलों में 'वन स्टेट वन रुल' का पालन तक नहीं हो रहा है। उपभोक्ता फोरम के आदेश पर राजधानी के एक मॉल में पार्किंग शुल्क की वसूली बंद हो गई लेकिन, बाकी मॉल में पार्किंग की वसूली बेरोकटोक जारी है। प्रदेश के अन्य शहरों में भी बाकायदा पार्किंग की वसूली हो रही है। सवाल किये जा रहे हैं कि क्या अन्य शॉपिंग मॉल में शुल्क की वसूली रोकने के लिये उपभोक्ता फोरम के अलग-अलग आदेश जारी करना होगा। सरकारी अफसरों को उपभोक्ता फोरम के एक फैसले के आधार पर पूरे प्रदेश में वन स्टेट वन रुल का नियम लागू करने से किसने रोका है। जानकार कह रहे हैं कि मॉल से मिलने वाले 'माल' के कारण अफसर पार्किंग शुल्क पर रोक लगाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे।

छत्तीसगढ़ में नए-नए गुल खिला रहे तोते

अभी कुछ दिन पहले जगदलपुर में साहब का तोता पेड़ की ऊंची टहनी पर बैठे होम गार्ड के जिला सेनानी के तोते को नीचे उतारने दमकल विभाग की टीम लगा दी गई। अब बस्तर इलाके में तोतेबाजी का नया एपिसोड हो गया। जंगल से तोता पकड़कर बेचने वालों ने भरे बाजार में रेंजर और वन कर्मियों की पिटाई कर दी। जगदलपुर में पहाड़ी मैना की बिक्री की खबर मिलने पर जब जंगल विभाग के अफसर मौके पर पहुंचे तो तोतेबाजों ने फ्लाइंग स्क्वाड के इंचार्ज और रेंजर सहित अन्य कर्मियों को खंभे से बांधकर धुना। तोतेबाजों ने फॉरेस्ट अफसरों के दिमाग के तोते उड़ा दिये। जंगल में मंगल मनाने वाले फारेस्ट विभाग के अफसर अब पुलिस विभाग की शरण में गए हैं। तोतेबाजों को पकड़ लिया गया है लेकिन अब देखना ये है कि तोते अब क्या नया गुल खिलाने वाले हैं।

रेलवे के फरमान से परेशान टीटीई सॉफ्टवेयर विशेषज्ञों की शरण में

रेलवे ने फरमान जारी कर दिया है कि अब टीटीई मैनुअल रसीद नहीं काट पाएंगे। बिना टिकट यात्रा या ट्रेन में खाली बर्थ पर रिजर्वेशन कराने, डिफ़ेंस जैसे मामलों में अब टीटीई को आनलाइन ईएफटी सिस्टम लागू किया जा रहा है। इससे लेनदेन का पूरा रिकॉर्ड आनलाइन होगा। पारदर्शिता बढ़ाने और करप्शन रोकने की दिशा में इसे बड़ा कदम कहा रहा है। लेकिन इस फरमान से रेलवे के करप्ट टीटीई की जमात परेशान हैं। ईएफटी से कई घंटे तक ट्रेन की ड्यूटी के दौरान बीच-बीच में मैनुअल रसीद काटने पर टीटीई को अब 'चढ़ौती' नहीं मिलेगी। लिहाजा इसकी काट तलाशने चढ़ौती मास्टर टीटीई ने कम्प्यूटर विशेषज्ञों की सलाह ली है। एक्सपर्ट ने तत्काल सलाह दे दी। यात्रा के दौरान इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं मिलने, नेटवर्क कमजोर होने, यात्रियों का मोबाइल नंबर गलत दर्ज करने जैसी कई सलाह दी गई है, जिससे टीटीई को पहले की तुलना में 50 प्रतिशत तक कैलोरी मिलती रहेगी। काले कोट वाले टीटीई इस सलाह से काफी खुश हैं। पूरी न सही ज आधी कैलोरी तो मिलेगी।

गुमशुदगी के डराने वाले आंकड़े, सवा दो साल में 5253 महिलाएं-बालिकाएं लापता

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी और प्रदेश में गुमशुदगी के बढ़ते मामलों ने सुरक्षा व्यवस्था और सामाजिक हालात पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीते करीब 27 महीनों में 5253 महिलाएं और नाबालिग बालिकाएं लापता हो चुकी हैं, जिनमें से केवल 2144 को ही अब तक ढूंढा जा सका है, जबकि 1314 का अब भी कोई सुराग नहीं है।

पुलिस आंकड़ों के अनुसार, रायपुर जिले में कुल 7400 लोगों के गुम होने की सूचना दर्ज हुई। इनमें से 5264 लोगों को पुलिस ने खोज निकाला या वे स्वयं लौट आए, लेकिन अब भी बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। इनमें 1265 महिलाएं और 249 बालिकाएं शामिल हैं, जिनका अब तक कोई पता नहीं चल सका है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पूरे प्रदेश में अप्रैल माह के दौरान ÷ऑपरेशन तलाश÷ चलाया गया। इस अभियान के तहत गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और लंबित मामलों को प्राथमिकता से सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

हर साल बढ़ रहा गुमशुदगी का ग्राफ

आंकड़े बताते हैं कि गुमशुदगी के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2024 में 457 बालिकाएं और 1726 महिलाएं लापता हुईं, जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर 513 बालिकाएं और 1942 महिलाएं हो गई। हालांकि पुलिस ने कई मामलों में सफलता हासिल की, लेकिन बढ़ती संख्या चिंता का विषय बनी हुई है।

प्रेम प्रसंग और पारिवारिक विवाद प्रमुख कारण

अधिकारियों के अनुसार, अधिकांश मामलों में प्रेम-प्रसंग, पारिवारिक विवाद या काम की तलाश में बिना बताए घर छोड़ना प्रमुख कारण सामने आते हैं। हालांकि, कुछ मामलों में मानव तस्करी की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

तीन महीने में 895 लोग लापता

साल 2026 के पहले तीन महीनों में ही रायपुर जिले से 895 लोग लापता हो गए। इनमें 135 बालिकाएं और 520 महिलाएं शामिल हैं। चिंताजनक बात यह है कि 135 बालिकाओं में से केवल 72 और 520 महिलाओं में से महज 243 का ही पता चल पाया है। यानी 400 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। पुलिस का कहना है कि 'ऑपरेशन तलाश' के जरिए गुमशुदा लोगों को जल्द से जल्द खोजने के प्रयास जारी हैं, लेकिन जिस तेजी से गुमशुदगी के मामले बढ़ रहे हैं, वह प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं।

अस्पताल की दूसरी मंजिल से गिरकर महिला की मौत

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला अस्पताल बलरामपुर के दूसरी मंजिल से गिरने के कारण महिला मरीज की मौत हो गई। तीन दिन पहले ही उसे मौसमी बीमारियों से पीड़ित होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। सीसी कैमरों की प्रारंभिक जांच के बाद आशंका जताई जा रही है कि महिला ने अस्पताल के दूसरी मंजिल की छत से छलांग लगाकर आत्महत्या की है। बलरामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदूर की निवासी कलेश्वरी (50) को 27 अप्रैल को पेट दर्द और बुखार की शिकायत के बाद जिला अस्पताल बलरामपुर में भर्ती कराया गया था, जहां उनका उपचार चल रहा था। पति और बेटी उसकी देखभाल में लगे थे। गुरुवार की रात लगभग 12:30 बजे महिला अपने बेड पर नहीं थी। कलेश्वरी के पति रामधनी और बेटी मंजू सिंह ने अस्पताल के बाथरूम और अन्य कमरों में उनकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। उसे खोजते हुए स्वजन बाहर निकल गए।

माशिमं ने शुरू की 10वीं और 12वीं की दूसरी परीक्षा की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य परीक्षा के नतीजे घोषित होने के बाद छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने अब दूसरी परीक्षा (सेकंड एग्जाम) की तैयारी शुरू कर दी है। मंडल द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 10वीं और 12वीं की दूसरी परीक्षा के लिए 4 मई से 30 मई तक ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरे जाएंगे।

मंडल के अनुसार, मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण, पूरक तथा श्रेणी सुधार (इम्प्रूवमेंट) के इच्छुक विद्यार्थी दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। यह परीक्षा जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई के पहले सप्ताह में आयोजित किए जाने की संभावना है।

गौरतलब है कि फरवरी-मार्च में आयोजित मुख्य परीक्षा के परिणाम 29 अप्रैल को घोषित किए गए थे। इस वर्ष 10वीं का परिणाम 77.15 प्रतिशत और 12वीं का 83.04 प्रतिशत रहा। वहीं, अपने परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थियों के लिए पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया भी शुरू

कर दी गई है। इसके लिए विद्यार्थियों को 15 दिनों के भीतर आवेदन करना होगा।

सभी वर्ग के छात्र दे सकेंगे दूसरी परीक्षा: मंडल के मुताबिक, मुख्य परीक्षा में पंजीकृत सभी विद्यार्थी चाहे वे अनुत्तीर्ण हों, पूरक हों या श्रेणी सुधार करना चाहते हों दूसरी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। पहली बार पंजीकृत होकर फेल या पूरक हुए छात्र क्रेडिट योजना के तहत केवल अनुत्तीर्ण विषयों में भी परीक्षा दे सकेंगे। नियमित विद्यार्थी अपने स्कूल के माध्यम से, जबकि स्वाध्यायी विद्यार्थी संबंधित अध्ययन केंद्रों के जरिए आवेदन करेंगे।

70 हजार से ज्यादा छात्र फेल: इस बार मुख्य परीक्षा में दोनों कक्षाओं के 70 हजार से अधिक विद्यार्थी असफल रहे हैं।

सुकमा में बदलती तस्वीर: तेंदूपत्ता प्रबंधन में आदिवासी युवतियों को मिली जिम्मेदारी

जग्गावरम और फूलबगड़ी समितियों में महिला प्रबंधकों ने संभाली कमान, करोड़ों के कारोबार से हजारों परिवारों को लाभ

सुकमा/नवप्रदेश। नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्रों के रूप में पहचान रखने वाला सुकमा अब बदलाव की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। यहां के दूरस्थ वनांचलों में आदिवासी युवतियां तेंदूपत्ता संग्रहण और प्रबंधन जैसे अहम कार्यों की जिम्मेदारी संभालते हुए महिला सशक्तिकरण की मजबूत तस्वीर पेश कर रही हैं। शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से स्थानीय महिलाओं को नेतृत्व का अवसर मिल रहा है, जिससे सामाजिक और आर्थिक दोनों स्तरों पर सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

जग्गावरम प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति में 23 वर्षीय दिल्पा किच्चे प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने चुनौतीपूर्ण

परिस्थितियों के बीच 30 फड़ों का संचालन संभालते हुए तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया है। इस समिति के माध्यम से इस वर्ष करीब 5000 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके बदले लगभग 2.5 करोड़ रुपये की राशि संग्राहकों को वितरित की जाएगी। इससे क्षेत्र के हजारों परिवारों को सीधा आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

वहीं फूलबगड़ी प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति में 22 वर्षीय पुष्पा मड़काम प्रबंधक के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उनके नेतृत्व में 16 फड़ों के जरिए लगभग 4000 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का अनुमान है। इस कार्य के लिए करीब 2 करोड़ रुपये का भुगतान प्रस्तावित है, जो स्थानीय वन आश्रित परिवारों की आजीविका को सशक्त बनाएगा।

इन दोनों समितियों में महिला नेतृत्व का उभरना पारदर्शी और योग्यता आधारित चयन प्रक्रिया का परिणाम माना जा रहा है। स्थानीय युवाओं को अवसर मिलने से क्षेत्र की प्रतिभाओं को नई पहचान मिल रही है। खास बात यह है कि जो इलाके कभी नक्सल गतिविधियों के कारण चर्चा में रहते थे, वहीं अब विकास, रोजगार और महिला नेतृत्व की मिसाल बन रहे हैं।

तेंदूपत्ता प्रबंधन में इन युवतियों की भूमिका केवल प्रशासनिक दायित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता और सामाजिक बदलाव का प्रतीक भी बन चुकी है। सुकमा की आदिवासी बेटियां अब न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्रोत बन रही हैं।

ऑनलाइन जीवनसाथी तलाश रहा युवक हुआ ठगी का शिकार

धमतरी/नवप्रदेश। एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। आज के दौर में जहां लोग ऑनलाइन जीवनसाथी तलाश रहे हैं वहीं शातिर ठग इसी भरोसे का फायदा उठाकर लोगों को ठग रहे। धमतरी में एक युवक को यूनिक रिश्ते दिलाने के नाम पर हजारों की चपत लगा दी गई। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के दानीटोला वार्ड का है। यहां रहने वाले रवि कुमार बघेल को क्या पता था कि एक अनजान फोन कॉल उनकी जेब पर भारी पड़ जाएगा। दरअसल रवि के पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को यूनिक रिश्ते नामक प्लेटफॉर्म से जुड़ा बताया। बातचीत के दौरान युवक को एक लड़की की तस्वीर भेजी गई। फोटो देखते ही युवक शादी के लिए तैयार हो गया, बस यहीं से ठगी का खेल शुरू हुआ। ठगों ने रजिस्ट्रेशन और अन्य प्रक्रियाओं के नाम पर युवक से ऑनलाइन के जरिए पैसे मांगना शुरू किया।

पाली वनांचल क्षेत्र सपलवा में बिजली संकट, बिल पूरा, रोशनी नदारद

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का कोरबा जिला, जिसे पूरे देश में 'उर्जाधानी' के नाम से जाना जाता है, आज एक गंभीर विडंबना का सामना कर रहा है। जहां एक ओर यह जिला बिजली उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है, वहीं दूसरी ओर इसी जिले के कई गांव आज भी अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं।

मामला पाली ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र में बसे ग्राम सपलवा का है। यहां बिजली विभाग द्वारा लाइन विस्तार का काम तो किया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत बेहद चिंताजनक है। गांव में महीने भर में सिर्फ 2 से 3 दिन ही बिजली आती है, बाकी समय पूरा गांव अंधेरे में डूबा रहता है। ग्रामीणों की परेशानी यहीं खत्म नहीं होती। जहां बिजली नाम मात्र की है, वहीं हर महीने हजारों रुपये के बिजली बिल थमा दिए जाते हैं। यानी ग्रामीणों को बिना सुविधा के ही पूरा भुगतान करना पड़ रहा है। इससे लोगों में भारी आक्रोश है।

स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब गांव का ट्रांसफॉर्मर पिछले दो महीनों से जला हुआ है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों को शिकायत दी, लेकिन अब तक न तो कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा है और न ही समस्या के समाधान की कोई पहल की गई है।सिर्फ सपलवा ही नहीं, बल्कि आसपास के पहाड़ गांव और बारी उमराव गांव जैसे गांव भी वर्षों से इसी तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत में बुनियादी सुविधाएं तक लोगों को नहीं मिल पा रही हैं। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि जब 'उर्जाधानी' कहलाने वाला जिला ही अपने ग्रामीण क्षेत्रों को नियमित बिजली नहीं दे पा रहा, तो विकास के दावों की सच्चाई क्या है? क्या ये दावे सिर्फ कागजों तक सीमित हैं, या फिर प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाएगा? ग्रामीण अब जल्द समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया छात्र खारुन में डूबा, मौत

रायपुर/नवप्रदेश। दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए एक छात्र की खारुन नदी में डूबने से गुरुवार को मौत हो गई। छात्र अपने साथियों के साथ नदी में नहाने उतरा था, तभी वह गहराई में चला गया। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। पुलिस के अनुसार मौदहापारा निवासी मोहम्मद मोहिउदीन (19) गुरुवार को अपने चार दोस्तों के साथ अम्लेश्वर की ओर पिकनिक मनाने गया था। शाम करीब 4 बजे सभी खारुन नदी में नहाने उतरे। किसी को तैरना नहीं आता था। इसी दौरान मोहिउदीन गहराई में चला गया और डूबने लगा। उसने मदद के लिए आवाज लगाई, लेकिन साथियों के प्रयास के बावजूद वह बह गया। घटना के बाद साथी घबराकर बाहर आ गए। करीब दो घंटे बाद परिजनों को सूचना दी गई। तब तक पुलिस गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंच चुकी थी। गुरुवार शाम को सर्चिंग शुरू हुई, लेकिन अंधेरा होने पर रोकनी पड़ी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com